सूर्योदय 7:14 सूर्यास्त 5:57

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 7.0 न्यू | 12.0 अधि |
| धर्मशाला | 9.0 न्यू | 16. 0अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82,250 |
| निफ्टी | 25,300 |
| सोना | 1,68,475 |
| चांदी | 3,57,163 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | रविवार, 1 फरवरी 2026 | 19 माघ, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 3, अंक 35, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### सुरक्षा बलों ने किश्तवाड़ में आतंकियों को घेरा

**एजेंसी, किश्तवाड़।** सुरक्षा बलों ने शनिवार सुबह जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ के डोलगाम इलाके में छिपे आतंकवादियों की घेराबंदी कर अपना अभियान जारी रखा है। सेना ने कहा कि सभी स्रोतों से मिली खुफिया जानकारी के आधार पर जमीनी स्तर पर अभियान की योजना बनाई गई और उसे अंजाम दिया गया। व्हाइट नाइट कोर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी साझा करते हुए बताया है कि, 'चल रहे संयुक्त ऑपरेशन त्राशी-1 के दौरान 31 जनवरी की सुबह डोलगाम क्षेत्र में व्हाइट नाइट कोर, जम्मू और कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ के जवानों ने आतंकवादियों से दोबारा संपर्क स्थापित किया।' उन्होंने आगे कहा कि घेराबंदी कर दी गई है और अभियान जारी है। (अनंत ज्ञान)

### अडानी ने स्वीकार किया यूएस-कोर्ट का नोटिस

**एजेंसी, नई दिल्ली।** अमेरिकी रेगुलेटर सिक्योरिटी एंड एक्सचेंज कमीशन के



दायर सिविल फ्रॉड केस में 15 महीने के बाद गौतम अडानी और उनके भतीजे सागर अडानी कानूनी नोटिस स्वीकार करने को तैयार हो गए हैं। न्यूयॉर्क की एक अदालत में दाखिल दस्तावेजों के मुताबिक, अडानी के वकीलों ने रेगुलेटर के पेपर्स स्वीकार करने पर सहमति जताई है। इसके बाद अब जज को इस बात पर फैसला नहीं लेना होगा कि अडानी परिवार को नोटिस कैसे भेजा जाए। यह मामला नवंबर 2024 का है, जब एसईसी ने अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड को लेकर निवेशकों को गुमराह करने का आरोप लगाया था। अब नोटिस स्वीकार होने के बाद अडानी ग्रुप के पास अपना पक्ष रखने के लिए 90 दिनों का समय होगा। (अनंत ज्ञान)

### तिरुपति मंदिर लड्डू केस में क्लीन चिट नहीं दी

**एजेंसी, तिरुपति।** तिरुपति मंदिर के लड्डू में मिलावट के मामले में मंदिर के बोर्ड तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम ने कहा का उसने किसी को भी क्लीनचिट नहीं दी है। बोर्ड के चेयरमैन बीआर नायडू ने शुक्रवार को तिरुपति में पद्मावती रेस्ट हाउस में मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि एसआईटी की चार्जशीट में श्रीवारी लड्डू बनाने में मिलावटी घी की मौजूदगी साफ तौर पर साबित हुई है। उन्होंने कहा कि कुछ समूह झूठा दावा करके भक्तों को गुमराह कर रहे हैं कि इस मामले में क्लीन चिट दे दी गई है। दरअसल, सीबीआई ने फाइनल चार्जशीट में कहा है कि लड्डुओं में पशु चर्बी नहीं, मिलावटी घी का इस्तेमाल हुआ था। नेल्लोर कोर्ट में पेश चार्जशीट में कहा गया कि प्रसाद में इस्तेमाल होने वाले घी में वनस्पति तेल, बीटा केरोटिन व एस्टर केमिकल की मिलावट पाई गई थी। (अनंत ज्ञान)

अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- हिमाचल राज्यसभा सीट पर रजनी पाटिल की एंट्री से सियासत गरम -पेज 2
- हिमाचल प्रदेश में 'बर्फीली आफत' की आहट -पेज 3
- बुड्ढा मल ज्वेलर्स की चार दिवसीय एग्जीबिशन शुरू -पेज 6
- सचिव की लापरवाही से 32 लाख के विकास कार्य ठप -पेज 9
- सोलन में नगर निगम देगा येलो लाइन पार्किंग की सुविधा -पेज 12

# प्रधान शक्तिहीन, पंचायतें बीडीओ के अधीन

## पंचायत प्रतिनिधियों का कार्यकाल खत्म होने पर सरकार ने नियुक्त किए प्रशासक

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पंचायतीराज संस्थाओं का पांच साल का कार्यकाल 31 जनवरी को समाप्त हो गया। पंचायतीराज विभाग ने इस संबंध में औपचारिक अधिसूचना जारी कर दी है, जिसके बाद अब पंचायतों की पुरानी मुहरों और जनप्रतिनिधियों के हस्ताक्षरों की कानूनी वैधता समाप्त हो गई है।

वहीं, सुक्खू सरकार ने पंचायतों में मौजूदा प्रतिनिधियों का पांच साल का कार्यकाल खत्म होते ही सभी पंचायतों में एडमिनिस्ट्रेटर लगा दिए हैं। पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद के लिए अलग-अलग एडमिनिस्ट्रेटर नियुक्त किए गए। पंचायतों के लिए बीएलओ को एडमिनिस्ट्रेटर लगाया गया है, जबकि पंचायत सेक्रेटरी को मेंबर सेक्रेटरी बनाया गया।

वहीं, पंचायत समिति (बीडीसी) के लिए चीफ एग्जिक्यूटिव ऑफिसर को एडमिनिस्ट्रेटर, सोशल एजुकेशन एंड ब्लॉक प्लानिंग ऑफिसर को मेंबर, पंचायत इंस्पेक्टर-सब इंस्पेक्टर मेंबर सेक्रेटरी लगाया गया। यदि एसईबीपीओ का पद




खाली है तो बीडीओ द्वारा किसी अधिकारी को नॉमिनेट किया जाएगा।

**◆ वित्त आयोग की ग्रांट पर पड़ सकता है असर**

जिला परिषद के लिए चीफ एग्जिक्यूटिव ऑफिसर को एडमिनिस्ट्रेटर, डिस्ट्रिक डवलपमेंट ऑफिसर को मेंबर तथा डिस्ट्रिक पंचायत ऑफिसर को मेंबर सेक्रेटरी लगाया गया है। इसके बाद पंचायत में होने वाले सभी विकास कार्य, योजनाओं की स्वीकृति, भुगतान और प्रशासनिक फैसले एडमिनिस्ट्रेटर के हाथ में होंगे। दरअसल, हिमाचल की पंचायतों समेत 73 नगर निकायों में भी दिसंबर-जनवरी माह में चुनाव प्रस्तावित थे। स्टेट इलेक्शन कमीशन इन चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार था। मगर सरकार आपदा का हवाला देते हुए पंचायत चुनाव को तैयार नहीं हुई। इससे मामला हाईकोर्ट पहुंचा।

हाईकोर्ट ने एक जनहित याचिका पर फैसला सुनाते हुए 30 अप्रैल से पहले पंचायत चुनाव कराने के जरूर आदेश दे रखे हैं। मगर 30 अप्रैल तक भी हिमाचल की पंचायतों को बिना प्रतिनिधियों के रहना पड़ेगा। इस वजह से एडमिनिस्ट्रेटर लगाने की नौबत आई है, जिसे लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं माना जाता। इसका असर वित्त आयोग की ग्रांट पर पड़ सकता है, क्योंकि 15वें वित्त आयोग की गाइडलाइन में बजट के लिए पंचायतों का निर्वाचित होना जरूरी है। थोड़ी राहत की बात यह है कि मौजूदा वित्त वर्ष को 171 करोड़ रुपए की ग्रांट पहले ही मिल चुकी है। 31 मार्च के बाद जब तक चुनाव नहीं होते, तब तक इस ग्रांट पर कट लग सकता है, क्योंकि 1 अप्रैल से 16वां वित्त आयोग लागू होना है।

### 30 हजार जनप्रतिनिधियों का कार्यकाल हुआ पूरा

**हिमाचल** प्रदेश की 3 हजार 577 पंचायतों में 30 हजार से अधिक पंचायत प्रतिनिधियों का 5 साल का कार्यकाल आज पूरा हो गया है। इसी के साथ सभी पंचायतें स्वतः भंग हो गई हैं। इससे प्रधान, उप प्रधान, वार्ड सदस्य, पंचायत समिति सदस्य और जिला परिषद पदमुक्त हो गए हैं। प्रदेश में ऐसा पहली बार हुआ है, जब सभी पंचायतें निर्वाचित नहीं है और एडमिनिस्ट्रेटर लगाने पड़े है।

### प्रदेश सरकार को 15 करोड़ की होगी बचत

**हिमाचल** की वर्तमान कांग्रेस सरकार पंचायत जनप्रतिनिधियों के मानदेय पर हर महीने लगभग 5 करोड़ रुपए खर्च करती है। ऐसे में जब तक चुनाव नहीं होते, तब तक आर्थिक संकट से जूझ रही सरकार के 5 करोड़ रुपए की बचत होगी। वैसे हाईकोर्ट ने 30 अप्रैल से पहले चुनाव कराने के आदेश दे रखे हैं। इस लिहाज से 3 महीने में 15 करोड़ की बचत होगी।

### 47 निकायों में प्रशासक लगा चुकी सरकार

**पंचायतों** से पहले राज्य के 47 नगर निकायों में सरकार तीन दिन पहले ही एडमिनिस्ट्रेटर लगा चुकी है। वहीं, बीते दिनों कुछ पंचायत प्रधान मंत्री से मिलकर उनके कार्यकाल को आगे बढ़ाने का अनुरोध कर चुके हैं। इसके अलावा राज्य के दुर्गम क्षेत्र लाहौल-स्पीति और पांगी की लगभग 45 पंचायतों में 2021 में भी कोरोना काल में एडमिनिस्ट्रेटर लग चुके हैं। मगर तब यह व्यवस्था राज्य के दुर्गम क्षेत्रों की चुनिंदा पंचायतों तक सीमित थी।

# वित्त मंत्री सीतारमण आज 9वीं बार पेश करेंगी बजट

**एजेंसी, नई दिल्ली**



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को लगातार 9वीं बार केंद्रीय बजट पेश कर एक रिकॉर्ड बनाने जा रही हैं। इस बार सभी की निगाहें बहुप्रतीक्षित सीमा शुल्क सुधारों पर टिकी होंगी। सीतारमण ने 2019 में अपने पहले केंद्रीय बजट में दशकों से चले आ रहे चमड़े के ब्रीफकेस की जगह लाल कपड़े में लिपटे पारंपरिक 'बही-खाता' का अनुकरण किया था। पिछले 4 वर्षों की तरह इस साल का बजट भी कागज रहित रूप में पेश किया जाएगा। सीतारमण ऐसे समय में बजट पेश करने जा रही हैं, जब भारत जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और अगामी दो वर्षों में तीसरी बड़ी इकोनॉमी बनने की ओर बढ़ रहा है। वहीं, कई गंभीर आर्थिक चुनौतियां भी सरकार के सामने खड़ी हैं। सरकार के कुल खर्च और आय के बीच का अंतर राजकोषीय घाटा कहलाता है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए इसके जीडीपी के 4.4 फीसदी पर रहने का अनुमान जताया गया है। केंद्रीय बजट में 4.5 फीसदी से नीचे का लक्ष्य हासिल करने के बाद बाजार अब कर्ज जीडीपी अनुपात में कमी की दिशा में आगे बढ़ने के लिए सटीक आंकड़ों का इंतजार कर रहा है। वहीं, चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए सरकार का नियोजित पूंजीगत व्यय 11.2 लाख करोड़ रुपये तय किया गया है। निजी क्षेत्र के निवेशकों की सावधानी को देखते हुए सरकार आगामी केंद्रीय बजट में बुनियादी ढांचे पर खर्च को बनाए रख सकती है और इसमें 10-15 फीसदी की वृद्धि कर सकती है। (अनंत ज्ञान)

# बद्दी के भुड़ में मारपीट व फायरिंग

## नमाज पढ़ रहे प्रॉपर्टी कंसलटेंट राज खान पर हुआ हमला

अनंत ज्ञान

**ओम शर्मा, बीबीएन।** औद्योगिक नगरी बद्दी के भुड़ में मारपीट व हवा में फायरिंग का मामला सामने आया है। अपने ऑफिस की छत नमाज पढ़ रहे हांडा कुड़ी निवासी समाजसेवक व प्रॉपर्टी कंसलटेंट राज खान व उसके बहनोई रफीक पर 3 अज्ञात लोगों ने हमला कर दिया व हवा में फायर किया।



हमले में घायल हुए राज खान।

राज खान ने बताया कि वह अपने ऑफिस की छत पर नमाज पढ़ रहे थे, तभी तीन अज्ञात लोग उनकी छत पर आए और उन्हें पूछा राज खान कौन है? राज खान द्वारा अपना नाम बताने के बाद

**◆ सिर और टांगों पर लगी चोट बद्दी पुलिस ने की नाकाबंदी**

उन्होंने उन पर लाठियां व डंडे बरसाने शुरू कर दिए। अंत में एक युवक ने पिस्तौल निकाल कर फायर किया। गनीमत यह रही की गोली किसी को भी नहीं लगी।

फायर की आवाज सुनने के बाद आसपास के लोग आए, लेकिन जब तक मारपीट करने वाले लोग भाग गए। घायल अवस्था में राज खान और रफीक को बद्दी अस्पताल लाया गया, जहां रफी के सिर में चोट लगी है और रफी के सिर पर चार टांके लगाएं गए। राज खान की टांगों पर चोट आई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया गया है और छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक बद्दी विनोद धीमान तथा पुलिस उप अधीक्षक मुख्यालय योगराज चंदेल ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। एसपी धीमान ने बताया कि घटना स्थल पर इस दौरान बिना नंबर प्लेट की बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार तीन अज्ञात व्यक्ति वहां मौका पर आए और उसके व उसके साथ मौजूद उनके बहनोई रफीक के साथ मारपीट की तथा आरोपियों में से एक व्यक्ति ने उनको एक पिस्टल जैसी चीज भी दिखाई। शिकायत के आधार पर पुलिस थाना बद्दी में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर नाकाबंदी कर दी गई है।

# प्रदेश में आज शुरू होगा बीपीएल सर्वेक्षण का चौथा चरण

## मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू ने ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग को दिए निर्देश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग के साथ बैठक कर 1 फरवरी से बीपीएल सर्वेक्षण के चौथे चरण को शुरू करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार का लक्ष्य हर पात्र गरीब परिवार को कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना है।

सर्वेक्षण की प्रक्रिया को पांच चरणों में पूरा किया जाएगा, ताकि कोई भी जरूरतमंद परिवार छूट न जाए। बैठक में पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे, जिन्होंने इस प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से पूरा करने पर बल दिया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने को कहा कि यह अभियान जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू हो, ताकि अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को लाभ मिल सके।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने बीपीएल सर्वेक्षण के दौरान शिकायत निवारण तंत्र को मजबूत करने के निर्देश भी दिए, ताकि पात्र परिवारों की किसी भी प्रकार की आपत्ति या शिकायत का समयबद्ध समाधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण की प्रगति की नियमित समीक्षा की जाएगी और जिला स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि इस प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही या पक्षपात बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। सरकार का



**◆ पांच चरणों में पूरी होगी सर्वेक्षण की प्रक्रिया**

उद्देश्य एक न्यायसंगत, पारदर्शी और संवेदनशील प्रणाली के माध्यम से समाज के सबसे कमजोर वर्गों को सशक्त बनाना है।

इसके अलावा सीएम सुक्खू ने शनिवार को विभिन्न विभागों की मीटिंग भी ली। इसमें ग्रामीण क्षेत्रों की योजनाओं को समय पर पूरा नहीं करने पर सीएम ने नाराजगी जाहिर की और 90 दिनों के भीतर सभी लंबित विकास कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

### तीन चरणों में 59,829 परिवार सूची में शामिल

**अब** तक तीन चरणों में कुल 59,829 परिवारों को बीपीएल सूची में शामिल किया जा चुका है, जिसमें चंबा और मंडी जिलों में सबसे अधिक परिवार चयनित हुए हैं। पात्रता की शर्तों को और अधिक समावेशी बनाते हुए सरकार ने अनाथ बच्चों, बुजुर्गों, दिव्यांगों और महिला मुखिया वाले परिवारों को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया है। इसके अलावा, पिछले वित्तीय वर्ष में मनरेगा के तहत 100 दिन कार्य करने वाले परिवारों और कैंसर या पार्किंसन जैसी गंभीर बीमारियों से जूझ रहे सदस्यों वाले परिवारों को भी इस सूची में स्थान दिया जाएगा। सरकारी आवास योजनाओं का लाभ लेने वाले पक्के मकान के मालिक भी अब इस सूची के पात्र होंगे।

# अजीत की पत्नी सुनेत्रा महाराष्ट्र की पहली महिला डिप्टी सीएम बनीं

**एजेंसी, मुंबई**

अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार शनिवार को महाराष्ट्र की पहली महिला डिप्टी सीएम बन गईं। राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने



लोकभवन में सुनेत्रा को शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह करीब 12 मिनट तक चला। शरद पवार इस समारोह में नहीं पहुंचे। इससे पहले दिन में एनसीपी विधायक दल और विधान परिषद सदस्यों की विधान भवन में बैठक बुलाई गई थी। जिसमें सुनेत्रा को पार्टी नेता चुना गया था। डिप्टी सीएम की शपथ से पहले सुनेत्रा ने राज्यसभा के सांसद पद से इस्तीफा दे दिया। अजित पवार की 28 जनवरी को बारामती में प्लेन क्रैश में मौत के बाद डिप्टी सीएम पद खाली हो गया था। (अनंत ज्ञान)

### पीएम ने दी बधाई

**पीएम** ने एक्स पर लिखा, सुनेत्रा पवार जी को महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री के तौर पर अपना कार्यकाल शुरू करने पर बहुत-बहुत बधाई। वह इस जिम्मेदारी को संभालने वाली पहली महिला हैं। मुझे विश्वास है कि वह राज्य के लोगों की भलाई के लिए काम करेंगी और स्वर्गीय अजित दादा के विजन को पूरा करेंगी।

# केंद्रीय बजट : क्या हिमाचल को मिलेगा हक?

## या एक बार फिर पहाड़ी राज्य के हाथ लगेगी सिर्फ वादों की छुक-छुक

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** एक फरवरी को पेश होने जा रहे केंद्रीय बजट 2026 से पहले हिमाचल की फिजाओं में उम्मीदों से ज्यादा बेचैनी है। देवभूमि की आर्थिकी के दो सबसे मजबूत स्तंभ सेब और रेल आज एक ऐसे दोराहे पर खड़े हैं, जहाँ केंद्र की एक छोटी सी अनदेखी प्रदेश के भविष्य पर भारी पड़ सकती है।

क्या वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का बजट पिटारा इस बार राज्य की उन चीखों को सुनेगा, जो विदेशी सेब की मार और अधूरी रेल पटरियों के बीच कहीं दब सी गई हैं? राज्य के बागानों में इस बार सेब की नहीं, बल्कि चिंता की फसल लहलहा रही है। यूरोपीय यूनियन और न्यूजीलैंड से आने वाले सेब पर आयात शुल्क में भारी कटौती 50 फीसदी से घटाकर 20 फीसदी ने हिमाचली सेब के अस्तित्व पर ही सवाल खड़ा कर दिया है। बाजार विदेशी सेब से पटे पड़े हैं और स्थानीय बागवान कर्ज के नीचे दब रहे हैं। बजट से एकमात्र उम्मीद यही है कि केंद्र सरकार आयात शुल्क को बढ़ाकर 'मेक इन इंडिया' का असली प्रमाण दे, अन्यथा हिमाचल की 5 हजार करोड़ की सेब अर्थव्यवस्था ताश के पत्तों की तरह ढह जाएगी। जानकारों का मानना है कि आजादी के बाद से हिमाचल को रेल के नाम पर केवल वादों के झुनझुने ही मिले हैं।

### लाखों हिमाचलियों को बजट से काफी उम्मीद

**बजट** लाखों हिमाचली दिलों की उम्मीदों का दस्तावेज है। राज्य की जनता अब केवल वंदे भारत की चमक से बहलने वाली नहीं है, उसे अपने बागानों के लिए सुरक्षा कवच और अपनी पहाड़ियों के लिए मजबूत रेल नेटवर्क चाहिए। रविवार का सूरज यह तय करेगा कि दिल्ली की सरकार हिमाचल को वाकई अपना मानती है, या फिर पहाड़ की ये मांगें एक बार फिर दिल्ली की फाइलों में धूल फांकती नजर आएंगी।

# कॉन्फिडेंट ग्रुप के चेयरमैन ने गोली मारकर की आत्महत्या

**एजेंसी, बेंगलुरु**

कॉन्फिडेंट ग्रुप के चेयरमैन सीजे रॉय ने सेंट्रल बेंगलुरु में रिचमंड सर्किल के पास कंपनी के ऑफिस में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक, यह घटना दोपहर करीब 3.15 बजे हुई। उन्होंने बताया कि पिछले तीन दिनों से इनकम टैक्स विभाग की तलाशी चल रही थी।



**◆ 9000 करोड़ की संपत्ति के मालिक थे सीजे रॉय**

रॉय की सुसाइड के बाद आयकर अधिकारी रेड की प्रोसेस बीच में छोड़कर चले गए। रॉय की नेटवर्थ 9 हजार करोड़ रुपए थी। उनके पास प्राइवेट जेट और 200 से ज्यादा लग्जरी कारें थीं। इनमें से 12 रोल्स रॉयस भी शामिल हैं। मूल रूप से केरल के रहने वाले रॉय का कारोबार कर्नाटक और दुबई में फैला था। कॉन्फिडेंट ग्रुप केरल और कर्नाटक का रियल एस्टेट डेवलपर है। पुलिस ने बताया कि मौके पर कोई आईटी अधिकारी मौजूद नहीं था। उधर, सीजे रॉय की पत्नी और बेटा शनिवार को बेंगलुरु के बॉवरिंग अस्पताल में पोस्टमॉर्टम सेंटर पहुंच गए थे। (अनंत ज्ञान)

# आगरा में कंटेनर ने दो ऑटो को मारी टक्कर, 5 की मौत

**एजेंसी, आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा में शनिवार को एक कंटेनर ने दो ऑटो में टक्कर मार दी। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हैं। पुलिस अधीक्षक देवेश सिंह ने बताया कि खंदौली थाना क्षेत्र स्थित खंदोली-जलेसर मार्ग पर दोनों ऑटो एक ही दिशा में आगे बढ़ रहे थे। इसी दौरान पीछे से आए तेज रफ्तार कंटेनर ने ओवरटेक करने के चक्कर में पहले एक ऑटो को जोरदार टक्कर मारी। फिर नियंत्रण खोते हुए कंटेनर ने दूसरे ऑटो को भी अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में ऑटो में सवार पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हैं।

**◆ हादसे में तीन लोग घायल**

उन्होंने बताया कि सभी लोग एक ही गांव के हैं जो जगन्नाथ पुरी (ओडिशा) यात्रा से वापस आ रहे थे। मृतकों में हाथरस जिले के ग्राम सहपऊ निवासी बीजो, लख्मीचंद, रणवीर सिंह, बिल्ला मिस्त्री और शाहिद के नाम शामिल हैं। सहपऊ के धनपाल, विजय सिंह और उदय सिंह घायल हैं। इनमें धनपाल का इलाज एसएन मेडिकल कॉलेज में जबकि, विजय और उदय अम्बे अस्पताल में इलाजरत हैं। कंटेनर को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया गया है। (अनंत ज्ञान)

## सूरत-ए-हाल

### 9 महीनों से वीसी नहीं, 4 साल से कंट्रोलर ऑफ एग्जाम का पद भी पड़ा है खाली

# एचपी टेक्निकल यूनिवर्सिटी में अस्थायी व्यवस्था का कब होगा अंत?

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** सूबे की हमीरपुर में स्थित हिमाचल तकनीकी यूनिवर्सिटी अस्थायी व्यवस्था के सहारे चल रही है। तीन महत्वपूर्ण पदों में 9 महीनों से स्थायी वीसी नहीं हैं, 4 साल से कंट्रोलर ऑफ एग्जाम का पद और 1 महीने से रेगुलर रजिस्ट्रार का पद खाली है। यही नहीं इस यूनिवर्सिटी में नई नियुक्तियां भी टीचर्स और अन्य स्टाफ की होनी थीं, उन पर भी लंबे समय से कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

बड़ी विडंबना यह है कि पुराने वीसी के समय हुई बोर्ड ऑफ गवर्नर की बैठक में जिन पदों को भरने या फिर जिन कार्यों को मुकम्मल करने के लिए अप्रूवल



**◆ विवि में 1 महीने से रेगुलर रजिस्ट्रार का पद भी रिक्त**

मिली थी, वह फाइल उनके जाने के बाद से ही ठंडे बस्ते में क्यों डाल दी गई थी?

यह यक्ष प्रश्न अभी भी पहेली बना हुआहै। अब ऐसी व्यवस्था में इसके भीतर काम करने वाले और स्टूडेंट्स का भला कितना हो पाएगा? यह यूनिवर्सिटी कितना तरक्की कर पाएगी? इसका महज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। वीसी की स्क्रूटनिंग कमेटी के अध्यक्ष डॉ. आरएल शर्मा का कहना है कि उम्मीद यही है कि जल्दी यह प्रक्रिया मुकम्मल होगी। जैसे ही 'सर्च कमेटी' की बैठक होगी, इसकी प्रक्रिया को अंतिम रूप देने के लिए सरकार को भेज दी जाएगा।

### वीसी पद के लिए दो बार मांगे आवेदन

**वाइस** चांसलर की नियुक्ति के लिए दो मर्तबा आवेदन मंगवाए गए हैं पहली मर्तबा आवेदन के लिए 28 में 2025 को नोटिस जारी हुआ था और आवेदन करने की आखिरी तारीख 26 जून तय की गई थी उसके बाद का प्रोसेस क्यों ठंडा बस्ती में चला गया क्या उन आवेदनों में वीसी के पद के लिए कोई भी व्यक्ति बेहतर नहीं था? इस पर भी खूब चर्चा हुई, लेकिन उसके बाद फिर से आवेदन मंगवाए गए। पिछले और अब के सभी आवेदनों को मिलाकर इनकी स्क्रूटनिंग होनी थी। अब उसमें कितना वक्त और लगेगा इस पर भी ऊहापोह की स्थिति बनी हुई है।

### टीचर्स को यूजीसी नियमों के तहत नहीं मिल रहा वेतन

पिछले कई सालों से यहां पर अस्थायी तौर पर करीब 32 टीचर्स पढ़ा रहे हैं। इन्हें जितना वेतन यूजीसी के नियमों के तहत दिया जाना चाहिए था, उसमें उन्हें प्रतिमाह 15000 का नुकसान हो रहा है। दिलचस्प बात यह है कि पिछली बीओजी की बैठक में इन्हें इसकी अप्रूवल दी गई थी, मगर 35000 के पास ही इसे रोक दिया गया। अब इन टीचर्स को लगातार नुकसान हो रहा है और वे उस दिन की इंतजार में हैं, जब फिर से बोर्ड ऑफ गवर्नर की बैठक होगी। ताकि पिछले कई सालों से यह टीचर वेतन की कमी का जो नुकसान उठा रहे हैं, उसकी भरपाई होगी।

# हॉलीवुड एक्ट्रेस मार्गोट ने पहना नूरजहां का हार

**एजेंसी, कैलिफोर्निया।** हॉलीवुड एक्ट्रेस मार्गोट रॉबी ने बेगम नूरजहां का 400 साल पुराना हार पहना



जिसकी चर्चा दुनियाभर में हो रही है। वह अपनी आगामी फिल्म 'वुथरिंग हाइट्स' के प्रचार के लिए रेड कार्पेट पर ग्लैमरस लुक में दिखीं। रॉबी ने लॉस एंजिल्स में फिल्म के वर्ल्ड प्रीमियर पर एक शानदार गाउन पहना था। यह लुक बेहद खूबसूरत और विंटेज स्टाइल का था, लेकिन असली सुर्खियां बटोरीं उनके नेकलेस ने। यह 69.42 कैरेट का हार्ट शेप का टेबल-कट डायमंड है और इसे गोल्ड और रूबी से बनी कार्टियर चेन में सेट किया गया है। इस नेकलेस की कीमत लगभग 8 मिलियन डॉलर (करीब 74 करोड़ रुपए) बताई जा रही है।

**◆ 74 करोड़ रुपए कीमत**

(अनंत ज्ञान)

# हिमाचल राज्यसभा सीट पर रजनी पाटिल की एंट्री से सियासत गरम

## आनंद शर्मा-प्रतिभा सिंह के बाद 'बाहरी' चेहरे पर हाईकमान की नजर

अनंत ज्ञान



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में अप्रैल में खाली होने वाली राज्यसभा की एक सीट को लेकर कांग्रेस में लॉबिंग तेज हो गई है। अब तक पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा और पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह को दावेदार माना जा रहा था, लेकिन अब इस रेस में तीसरे और 'बाहरी' चेहरे के रूप में रजनी पाटिल का नाम भी सामने आया है।

पार्टी सूत्रों के अनुसार, गांधी परिवार की करीबी रजनी पाटिल को कांग्रेस हाईकमान हिमाचल से राज्यसभा भेजने पर विचार कर रहा है। वर्तमान में वह महाराष्ट्र से राज्यसभा सांसद हैं, लेकिन इसी वर्ष उनका कार्यकाल समाप्त हो रहा है। महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन की सरकार होने के चलते वहां से उनका दोबारा चुना जाना मुश्किल माना जा रहा है।

सूत्र बताते हैं कि इस प्रस्ताव को लेकर हाईकमान हिमाचल के शीर्ष नेतृत्व से चर्चा कर चुका है। इस दौरान फरवरी 2024 के राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस विधायकों के असंतोष का मुद्दा भी सामने रखा गया। उल्लेखनीय है कि तब हाईकमान ने गैर-हिमाचली उम्मीदवार अभिषेक मनु सिंघवी को प्रत्याशी बनाया था।

उस समय कांग्रेस के पास 40 विधायक और तीन निर्दलीयों का समर्थन था, जबकि जीत के लिए 35 वोट पर्याप्त थे, फिर भी पार्टी चुनाव हार गई थी और सरकार संकट में आ गई थी। कांग्रेस हाईकमान दोबारा ऐसी स्थिति से बचना चाहता है। इसी कारण रजनी पाटिल के नाम पर अंतिम फैसला लेने से पहले पार्टी के भीतर की प्रतिक्रिया जानने को कहा गया है।

### होलीलॉज धड़ा प्रतिभा पाटिल को राज्यसभा भेजने की कर रहा पैरवी

**वहीं,** होलीलॉज धड़ा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह को राज्यसभा भेजने की पैरवी कर रहा है। संख्याबल के लिहाज से कांग्रेस बहुमत में है। भाजपा सांसद इंदू गोस्वामी का कार्यकाल अप्रैल 2026 में समाप्त हो रहा है, ऐसे में मार्च में चुनाव संभावित हैं।

### अप्रैल में पूरा होगा इंदु गोस्वामी का कार्यकाल

**भाजपा** की राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी का कार्यकाल अप्रैल 2026 में समाप्त होने जा रहा है। लिहाजा मार्च में हिमाचल की एक राज्यसभा सीट के लिए चुनाव हो सकते हैं।

### रजनी पाटिल हिमाचल में हुईं सक्रिय

**हिमाचल** में अप्रैल 2026 में खाली होने वाली राज्यसभा सीट को लेकर कांग्रेस में सियासी हलचल बढ़ गई है। हिमाचल कांग्रेस की प्रभारी रजनी पाटिल की लगातार सक्रियता ने आनंद शर्मा और प्रतिभा सिंह की दावेदारी को चुनौती दी है।

### सीएम सुक्खू आनंद को राज्यसभा भेजने के पक्ष में

**सीएम** सुक्खू को आनंद शर्मा का करीबी माना जाता है और सूत्रों के अनुसार वह उन्हें राज्यसभा भेजने के पक्ष में हैं, हालांकि रजनी पाटिल से भी उनके अच्छे संबंध हैं, ऐसे में अंतिम फैसला हाईकमान पर छोड़ा जा सकता है।

# धरने-प्रदर्शन, नौटंकी ग्रामीणों के हक पर डाका : डॉ. बिंदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने जनसंपर्क अभियान के दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार पूरी तरह नाकारा और दिशाहीन हो चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और मंत्री खुद सड़कों पर धरना दे रहे हैं, जो इस बात का सबूत है कि सरकार शासन चलाने में नाकाम है। जनता महंगाई, बेरोजगारी और विकास कार्यों की ठप व्यवस्था से परेशान है, जबकि कांग्रेस सरकार मुद्दों के समाधान के बजाय धरना-प्रदर्शन के जरिए केवल दिखावा कर रही है।



डॉ. बिंदल ने कहा कि वीबी-जी राम जी योजना को रोककर कांग्रेस सरकार ने ग्रामीणों के अधिकारों पर सीधा हमला किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि 125 दिनों के गारंटीड रोजगार का वादा आज तक पूरा नहीं किया गया और ग्रामीणों को उनके हक से वंचित रखा जा रहा है। भाजपा प्रदेशभर में कांग्रेस सरकार की विफलताओं को जनता के सामने उजागर करेगी और ग्रामीणों के हक की हिफाजत के लिए संघर्ष जारी रखेंगे।

# संगठन की मजबूती के लिए विनय कुमार ने पाटिल के साथ की चर्चा



बैठक में सीएम सुक्खू प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार और प्रभारी रजनी पाटिल। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

◆ कहा-ग्राम पंचायतों से मजबूत होगी कांग्रेस की नींव

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष विनय कुमार ने आज प्रदेश मामलों की प्रभारी सांसद रजनी पाटिल के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान प्रदेश में संगठन सृजन और आगामी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा हुई। विनय कुमार ने पीसीसी, जिला और ब्लॉक कार्यकारिणी के गठन को लेकर फीडबैक साझा किया और मनरेगा बचाओ अभियान की प्रगति की समीक्षा भी की।

विनय कुमार ने प्रभारी से आग्रह किया कि जिला और ब्लॉक स्तर की कार्यकारिणी के प्रस्तावों को जल्द मंजूरी दी जाए। उन्होंने तर्क दिया कि आगामी पंचायत चुनावों से पहले पदाधिकारियों की नियुक्तियां होने से पार्टी को जमीन पर सीधा लाभ मिलेगा। संगठन में जिम्मेदारी मिलने से कार्यकर्ता अधिक ऊर्जा के साथ चुनावी मैदान में उतर सकेंगे।

बैठक में स्थानीय निकाय और पंचायत चुनावों पर विशेष ध्यान दिया गया। विनय कुमार ने कहा कि हालांकि पंचायत चुनाव पार्टी सिंबल पर नहीं होते, फिर भी पार्टी विचारधारा से जुड़े लोगों को जिताना प्राथमिकता है। उन्होंने विश्वास जताया कि कांग्रेस इन चुनावों के लिए पूरी तरह तैयार है और मजबूत ग्राम पंचायतों के जरिए प्रदेश में पार्टी की नींव और सशक्त होगी।

# राजधानी शिमला में घर के पास इलाज की शुरुआत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजधानी के लोगों के लिए यह खबर बड़ी राहत लेकर आई है। अब बुखार, खांसी, जुकाम जैसी छोटी बीमारियों या सामान्य जांच के लिए बड़े अस्पतालों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। नगर निगम शिमला की पहल पर शहर में वेलनेस सेंटर खोलने की शुरुआत हो गई है, जिससे रोजमर्रा की स्वास्थ्य जरूरतें घर के पास ही पूरी होंगी।

इस पहल का शुभारंभ नगर निगम के मेयर सुरेंद्र चौहान ने किया। पहले चरण में रूलदू भट्टा के कुफटाधार, शांति विहार और अप्पर भराड़ी क्षेत्रों में वेलनेस सेंटर शुरू किए गए हैं। इन सेंटरों से आसपास के इलाकों के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। नगर निगम ने भराड़ी और समरहिल क्षेत्रों में भी अगले पंद्रह दिनों के भीतर मोहल्ला क्लीनिक शुरू करने की योजना बनाई है। मेयर सुरेंद्र चौहान के अनुसार इन वेलनेस सेंटरों में 134 प्रकार की आवश्यक दवाएं उपलब्ध रहेंगी। इसके साथ ही ब्लड प्रेशर, शुगर समेत अन्य सामान्य जांच और टेस्ट की सुविधा भी यहीं मिलेगी। खासकर बुजुर्गों और रोजाना स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे लोगों को इसका बड़ा फायदा होगा, क्योंकि अब उन्हें केवल सामान्य जांच के लिए अस्पतालों की लंबी कतारों में खड़ा नहीं होना पड़ेगा। मेयर ने बताया कि नगर निगम का लक्ष्य हर वार्ड में कम से कम एक वेलनेस सेंटर खोलने का है। इससे एक ओर लोगों को नजदीक और सुलभ इलाज मिलेगा।

# गांवों में विकास कार्यों को गति देने के दिए है सख्त निर्देश : मुख्यमंत्री सुक्खू

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिमला में ग्रामीण विकास के कार्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल की 90 प्रतिशत जनता गांवों में बसती है, इसलिए हैंडपंप, रास्ते और छोटी सड़कों जैसे जरूरी काम प्राथमिकता पर होने चाहिए। जिन परियोजनाओं के लिए पैसा मिल चुका है, उन्हें हर हाल में अगले तीन महीनों में पूरा करना होगा।

◆ हैंडपंप, सड़क और बुनियादी सुविधाओं के लिए रियल टाइम निगरानी शुरू

सरकार की व्यवस्था परिवर्तन की नीति और कड़ी निगरानी का असर जमीन पर दिखने लगा है। पिछले तीन महीनों में रिकॉर्ड 18,262 छोटे विकास कार्य पूरे किए गए हैं, जो लंबे समय से लटके हुए थे। मुख्यमंत्री खुद रियल-टाइम डैशबोर्ड के जरिए इन कामों की प्रगति देख रहे हैं ताकि अधिकारियों की जवाबदेही तय की जा सके।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि विकास का लाभ राज्य के हर विधानसभा क्षेत्र और हर वर्ग तक समान रूप से पहुँचना चाहिए। जल शक्ति और लोक निर्माण विभाग जैसे सभी विभागों को आदेश दिए गए हैं कि वे रुके हुए कार्यों को तेजी से निपटाएं। सरकार का लक्ष्य पारदर्शी तरीके से ग्रामीण बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है।

# प्रदेश में कानून व्यवस्था बदहाल : जयराम ठाकुर

अनंत ज्ञान



**सरकार पंचायत चुनावों में देरी और माफिया संरक्षण को दे रही बढ़ावा**

**ब्यूरो, शिमला।** प्रतिपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश के इतिहास में पहली बार सभी ग्राम पंचायतों में प्रशासकों की नियुक्ति की जा रही है, जिससे पंचायतीराज व्यवस्था पूरी तरह सरकारी नुमाइंदों के हवाले हो जाएगी।

उन्होंने कहा कि लगभग 3600 पंचायतों में चुने हुए प्रतिनिधि प्रभावहीन हो जाएंगे और लाखों की आबादी को बिना स्थानीय जनप्रतिनिधि के जबरन प्रशासकों के अधीन किया जा रहा है। यह महात्मा गांधी के पंचायतीराज और ग्राम स्वराज के सपने के साथ खुला मजाक है। सरकार लंबे समय से पंचायत चुनाव समय पर करवाने का दावा करती रही, लेकिन 31 जनवरी को कार्यकाल समाप्त होने के बावजूद चुनाव न होना उसकी कथनी और करनी के फर्क को उजागर करता है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने आपदा प्रबंधन कानून का सहारा लेकर चुनाव टालने की कोशिश की, लेकिन माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के बाद भी उसकी गंभीरता सवालों के घेरे में है। अदालत के निर्देश पर मतदाता सूची के प्रकाशन की अंतिम तिथि 30 जनवरी तय की गई थी, बावजूद इसके कई पंचायतों में सूची प्रकाशित नहीं हो सकी। उन्होंने कहा कि यह हठधर्मिता लोकतांत्रिक और संवैधानिक जिम्मेदारियों से मुंह मोड़ने का प्रमाण है और सरकार को अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करना चाहिए। जयराम ने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर भी कड़ा हमला बोलते हुए कहा कि हालात बेहद चिंताजनक हैं। दिनदहाड़े गोलियां चलना अब आम बात हो गई है और पुलिस माफिया के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय उसे संरक्षण देने में व्यस्त नजर आती है।

उन्होंने आरोप लगाया कि शराब, खनन, वन, नशा और अन्य माफिया सरकार की छत्रछाया में फल-फूल रहे हैं, जिससे आम जनता की सुरक्षा खतरे में पड़ गई है। उनका कहना था कि माफिया को संरक्षण देना हिमाचल की संस्कृति नहीं रही है और यह सरकार के लिए कलंक साबित हो रहा है।

# विकास कभी भी कांग्रेस के एजेंडा में नहीं रहा : अनुराग

### बोले-देहरा में मार्च से शुरू होगा केंद्रीय विश्वविद्यालय का परिसर

अनंत ज्ञान

**चिंतपूर्णी।** समीपवर्ती जंसवा प्रागपुर विधानसभा क्षेत्र की गंगोट पंचायत के मोईन में पूर्व केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर से सांसद अनुराग ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर कड़ा हमला बोलते हुए कहा कि विकास कभी भी कांग्रेस के एजेंडा में नहीं रहा है।

जसवां परागपुर विधानसभा क्षेत्र के मोईन में कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि हिमाचल प्रदेश में विकास पूरी तरह से ठप पड़ा है और वर्तमान में केवल केंद्र सरकार की योजनाएं ही धरातल पर चल पा रही हैं।



केंद्रीय विवि परिसर देहरा का निरीक्षण करते अनुराग ठाकुर। अनंत ज्ञान

क्षेत्र की जनता के लिए खुशखबरी साझा करते हुए ठाकुर ने उम्मीद जताई कि हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय का परिसर इस वर्ष मार्च तक देहरा में शिफ्ट कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार इस परियोजना को जल्द पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है, जबकि राज्य सरकार के ढुलमुल रवैये के कारण इसमें देरी हुई है।

**यूजीसी नियमों पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत:** यूजीसी के नए नियमों पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा लगाई गई रोक के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए अनुराग ठाकुर ने इसका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि वह न्यायालय के इस निर्णय का समर्थन करते हैं। सम्मेलन के दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं में नया जोश भरा और आगामी राजनीतिक चुनौतियों के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर स्थानीय भाजपा नेता और भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हिमाचल में महिलाओं को 7 फरवरी तक बिना हिम बस कार्ड मिलेगा आधा किराया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश की महिलाओं के लिए एक राहत भरी खबर सामने आई है। राज्य पथ परिवहन निगम ने महिलाओं को बस किराए में मिलने वाली 50 फीसदी की छूट की सुविधा को लेकर एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। निगम के ताजा फैसले के अनुसार अब राज्य की महिलाएं 7 फरवरी तक बिना 'हिम बस कार्ड' के भी बस किराए में मिलने वाली विशेष छूट का लाभ उठा सकेंगी। इससे पहले निगम ने बिना कार्ड के छूट पाने की अंतिम तिथि 31 जनवरी निर्धारित की थी, जिसे अब एक सप्ताह के लिए आगे बढ़ा दिया गया है ताकि महिलाओं को कार्ड बनवाने के लिए पर्याप्त समय मिल सके।

जानकारी के अनुसार निगम प्रबंधन ने यह निर्णय प्रदेश की कामकाजी महिलाओं, छात्राओं और ग्रामीण क्षेत्रों के यात्रियों की सुविधा को देखते हुए लिया है। वर्तमान आंकड़ों के अनुसार हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसों में रोजाना करीब एक लाख महिलाएं सफर करती हैं, जबकि अभी तक प्रदेश में केवल 52 हजार महिलाओं ने ही हिम बस कार्ड बनवाए हैं। महिलाओं की बड़ी संख्या और कार्ड बनाने की प्रक्रिया को देखते हुए निगम ने फिलहाल सख्ती न बरतते हुए रियायत की अवधि को विस्तार दिया है। हालांकि निगम ने स्पष्ट किया है कि 7 फरवरी के बाद बिना कार्ड के किराए में छूट का लाभ नहीं मिल पाएगा।

प्रदेश में रियायती सफर के लिए लागू किए गए हिम बस कार्ड को लेकर भी निगम ने स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए हैं। पुराने येलो, ग्रीन और स्मार्ट कार्ड की जगह अब सभी श्रेणियों के लिए केवल हिम बस कार्ड ही मान्य होगा। इस कार्ड को बनवाने के लिए पहले वर्ष जीएसटी सहित 236 रुपये का शुल्क निर्धारित किया गया है, जिसकी वैधता एक वर्ष तक रहेगी। इसके बाद अगले वर्ष से कार्ड को मात्र 150 रुपये में रिन्यू करवाया जा सकेगा। यात्री इस कार्ड को हिम एक्सेस पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन बनवा सकते हैं और अतिरिक्त शुल्क देकर इसे घर पर भी मंगवाया जा सकता है।

# सीबीएसई नीति पर शिक्षकों का विरोध

## वरिष्ठता खत्म करने और अलग कैडर के प्रस्ताव से शिक्षकों में गहरा रोष

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में सीबीएसई से जुड़ी नई नीतियों को लेकर शिक्षकों के बीच गहरी बेचैनी और असंतोष देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में हिमाचल प्रदेश प्रधानाचार्य संघ के राज्य अध्यक्ष हर शर्मा तथा हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन जिला शिमला के प्रधान देवेंद्र लख्नू और महासचिव आकाशदीप शर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने हिमाचल प्रदेश सचिवालय, शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और शिक्षा सचिव राकेश कंवर से भेंट की।

बैठक में सीबीएसई से संबंधित दिशा-निर्देशों को लेकर शिक्षकों की आशंकाओं, आपत्तियों और संभावित दुष्परिणामों पर विस्तार से चर्चा की गई। संघ ने साफ शब्दों में कहा कि ये प्रस्ताव न केवल शिक्षकों के मनोबल को तोड़ने वाले हैं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था में अस्थिरता भी पैदा कर सकते हैं।



संघ के पदाधिकारी सीएम के समक्ष अपनी मांगें रखते हुए। अनंत ज्ञान

संघ ने सीबीएसई कैडर अपनाने के लिए शिक्षकों से पिछली वरिष्ठता छोड़ने की शर्त का कड़ा विरोध किया और इसे पूरी तरह अनुचित करार दिया। इसके साथ ही सीबीएसई के लिए अलग सब-कैडर बनाने के प्रस्ताव को भी अस्वीकार्य बताया गया। संघ का कहना था कि इससे शिक्षकों के बीच विभाजन की स्थिति बनेगी और वर्षों की सेवा व अनुभव का कोई मूल्य नहीं रह जाएगा। इसके अतिरिक्त, शिक्षकों को सीबीएसई पैटर्न में शामिल होने के लिए परीक्षा उत्तीर्ण करने की अनिवार्यता को भी अन्यायपूर्ण बताते हुए कहा गया कि यह व्यावहारिक नहीं है और इससे योग्य व अनुभवी शिक्षक हतोत्साहित होंगे।

सरकार द्वारा जारी उन दिशा-निर्देशों का भी तीखा विरोध किया गया, जिनके अनुसार तीन वर्ष से कम सेवा अवधि वाले प्रधानाचार्य और शिक्षक सीबीएसई के लिए पात्र नहीं माने जाएंगे। संघ ने तर्क दिया कि यह शर्त न तो न्यायसंगत है और न ही शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने में सहायक। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि संघ की उचित और तर्कसंगत मांगों पर गहनता से विचार किया जाएगा तथा शिक्षकों के हितों से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

**अवहेलना** डीसी-एसडीएम की लापरवाही से वोटर लिस्ट अधर में, फॉर्म 15 व 17 की अधिसूचना के बिना अटकी मतदाता सूची

# हिमाचल में पंचायतीराज चुनावी प्रक्रिया पर बड़ा संकट

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पंचायत और नगर निकाय चुनावों से पहले मतदाता सूची के प्रकाशन को लेकर गंभीर स्थिति बन गई है। राज्य निर्वाचन आयोग के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद अधिकांश जिलों में उपायुक्त और उपमंडलाधिकारी ने फॉर्म-15 और फॉर्म-17 को अधिसूचित नहीं किया। नियमों के अनुसार इन फॉर्मों की अधिसूचना के बिना मतदाता सूची की छपाई शुरू नहीं की जा सकती, जिससे पूरी चुनावी प्रक्रिया ठहराव की स्थिति में पहुंच गई है।

जानकारी के अनुसार यह मामला अब केवल प्रशासनिक ढिलाई तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि इसे न्यायालय के आदेशों की अवमानना के रूप में भी देखा जा रहा है। हाईकोर्ट पहले ही 30 अप्रैल से पहले पंचायत और नगर निकाय चुनाव कराने के स्पष्ट आदेश दे चुका है। इसके बावजूद जिला स्तर पर आदेशों की अनदेखी से संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा पर भी प्रश्नचिन्ह लग गया है।




◆ हाईकोर्ट के आदेशों की खुली अवहेलना, कुछ जिलों में ही पालन, अधिकांश जिलों में चुप्पी

राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार केवल तीन जिलों के उपायुक्तों ने फॉर्म-15 को अधिसूचित किया है, जबकि सीमित संख्या में उपमंडलाधिकारियों ने ही फॉर्म-17 जारी किया। शिमला, चंबा और लाहौल-स्पीति को छोड़ दें तो बाकी जिलों में स्थिति जस की तस बनी हुई है। लगभग 45 उपमंडलाधिकारी और 9 जिलों के उपायुक्तों द्वारा आदेशों की अवहेलना किए जाने से आयोग की चिंता और बढ़ गई है।

### राज्य निर्वाचन आयोग की नाराजगी राजभवन तक पहुंची शिकायत

**उपायुक्तों** और उपमंडलाधिकारियों के इस रवैये से राज्य निर्वाचन आयोग खुलकर नाराज़ है। इससे पहले भी आयोग उपायुक्तों की कार्यप्रणाली को लेकर राजभवन में शिकायत दर्ज करवा चुका है। आयोग का साफ कहना है कि जब तक मतदाता सूची विधिवत अधिसूचित नहीं होती, तब तक पारदर्शी और निष्पक्ष चुनाव संभव नहीं हैं।

### लोकतंत्र की जड़ें कमजोर होने का बना खतरा

**फॉर्म-15** और 17 की अधिसूचना महज़ औपचारिकता नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की नींव है। यदि समय रहते प्रशासन ने आदेशों का पालन नहीं किया, तो न केवल चुनाव प्रक्रिया बाधित होगी, बल्कि प्रदेश में लोकतांत्रिक व्यवस्था पर भी गंभीर संकट खड़ा हो सकता है। अब यह देखना अहम होगा कि सरकार और प्रशासन कब चेतते हैं और चुनावी प्रक्रिया को पटरी पर लाने के लिए ठोस कदम उठाते हैं।

# मानव-हाथी संघर्ष पर केंद्र की ठोस रणनीति, नीलगिरी अभयारण्य केंद्र में

## डॉ. सिकंदर कुमार के सवाल पर भूपेंद्र यादव का जवाब

अनंत ज्ञान



**ऊना।** मानव-हाथी संघर्ष को कम करने की दिशा में केंद्र सरकार ने ठोस और वैज्ञानिक पहल शुरू की है। राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के प्रदेश महामंत्री डॉ. सिकंदर कुमार द्वारा संसद में यह मुद्दा उठाए जाने पर केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने सरकार की रणनीति और चल रही योजनाओं की जानकारी दी।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि हाथियों के व्यवहार, उनके आवास और मानव-हाथी संघर्ष के कारणों को समझने के लिए भारतीय वन्यजीव संस्थान (डब्ल्यूआईआई) के सहयोग से असम, छत्तीसगढ़ और झारखंड जैसे प्रभावित राज्यों में विस्तृत अध्ययन कराया गया है। इस अध्ययन के आधार पर नीतिगत निर्णयों को वैज्ञानिक मजबूती दी जा रही है, ताकि भविष्य में संघर्ष की घटनाओं को कम किया जा सके।

सरकार आधुनिक तकनीकों का भी उपयोग कर रही है। जंगली हाथियों की रेडियो कॉलरिंग से उनके आवागमन और मौसमी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है, जिससे समय रहते चेतावनी जारी कर मानव जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। वहीं, बंदी हाथियों के लिए आनुवांशिक डेटाबेस विकसित किया जा रहा है, जिससे उनके स्वास्थ्य और प्रबंधन में सुधार होगा। भूपेंद्र यादव ने बताया कि 'प्रोजेक्ट एलीफेंट' और 'प्रोजेक्ट टाइगर' जैसी केंद्रीय योजनाओं के तहत राज्यों को वित्तीय और तकनीकी सहायता दी जा रही है। देश के 14 हाथी आवासित राज्यों में नीलगिरी हाथी आरक्षित क्षेत्र सहित 33 हाथी आरक्षित क्षेत्र अधिसूचित किए जा चुके हैं।

नीलगिरी हाथी आरक्षित क्षेत्र को प्रबंधन प्रभावशीलता मूल्यांकन (एमईई) के पायलट प्रोजेक्ट में शामिल किया गया है, जिससे गलियारों और वासस्थलों के पुनर्स्थापन में मदद मिली है। केंद्र और राज्य सरकारों के समन्वित प्रयास मानव-हाथी संघर्ष कम करने और हाथियों के दीर्घकालिक संरक्षण की दिशा में मजबूत आधार बना रहे हैं।

# हिमाचल में 'बर्फीली आफत' की आहट

## 3 दिन भारी बर्फबारी का येलो अलर्ट, 400 सड़कें अभी भी बंद

अनंत ज्ञान



फाइल फोटो

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में आज रात से मौसम एक बार फिर रौद्र रूप दिखाने को तैयार है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार, एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ राज्य के ऊपर दस्तक दे चुका है। हालांकि, आज दिन भर राजधानी शिमला सहित कई हिस्सों में धूप खिली रही, लेकिन शाम होते-होते आसमान में बादलों का डेरा जमना शुरू हो गया है। आज 31 जनवरी की रात से लेकर अगले तीन दिनों तक ऊंचे क्षेत्रों में बर्फबारी और निचले इलाकों में बारिश का सिलसिला शुरू होने वाला है।

मौसम विभाग ने 1 फरवरी के लिए पूरे प्रदेश में 'येलो अलर्ट' जारी किया है। कल राज्य के लगभग सभी जिलों में बिजली कड़कने के साथ-साथ 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान है, जो कुछ स्थानों पर 60 किलोमीटर तक जा सकती हैं। 2 और 3 फरवरी को भी मौसम के तेवर तल्ख रहेंगे, जिससे तापमान में भारी गिरावट दर्ज की जाएगी। अगले 48 घंटों में दिन का पारा 4 से 8 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क सकता है।

प्रदेश में पिछले सप्ताह हुई बर्फबारी का असर अभी थमा नहीं है। वर्तमान में राज्य की 400 से अधिक सड़कें आवाजाही के लिए बंद हैं और लगभग इतने ही बिजली के ट्रांसफार्मर ठप पड़े हैं, जिससे कई गांवों में अंधेरा छाया हुआ है। इस बीच प्रशासन ने कुल्लू, लाहौल-स्पीति और पांगी के ऊंचे क्षेत्रों में हिमखंड गिरने की गंभीर चेतावनी जारी की है। सैलानियों और स्थानीय लोगों को ऊंचे पहाड़ों और संवेदनशील रास्तों पर न जाने की सलाह दी गई है।

### ताबो में पारा -10 के पार, कड़ाके की ठंड

**शनिवार** की रिपोर्ट के अनुसार, प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों में जीवन पूरी तरह जम गया है। ताबो में न्यूनतम तापमान -10.2 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया है, जबकि कुकुमसेरी में यह -6.3 डिग्री दर्ज किया गया। प्रमुख पर्यटन स्थलों जैसे मनाली (0.4) और कल्पा (-0.4) में भी पारा शून्य के आसपास बना हुआ है। आने वाले तीन दिनों में मैदानी इलाकों जैसे ऊना और कांगड़ा में भी कड़ाके की ठंड और बारिश की संभावना है।

### चार फरवरी से ही मिलेगी राहत

**मौसम** विभाग की भविष्यवाणी के अनुसार, प्रदेशवासियों को इस कड़ाके की ठंड और बर्फबारी से 4 फरवरी के बाद ही राहत मिलने की उम्मीद है। 4 और 5 फरवरी को मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई गई है, जिसके बाद प्रशासन सड़कों को खोलने और बिजली व्यवस्था बहाल करने के काम में तेजी ला पाएगा।

# डिजिटल गवर्नेंस में हिमाचल का डंका



सीएम सुक्खू को राष्ट्रीय पुरस्कार सौंपते हुए गोकुल बुटेल। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश के डिजिटल टेक्नोलॉजीज एंड गवर्नेंस विभाग को हिम परिवार पहल के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किए जाने पर बधाई दी है। नई दिल्ली में आयोजित 6वें गवर्नेंस नाउ डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन समिट में राज्य को यह पुरस्कार मिला। मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार गोकुल बुटेल ने यह प्रतिष्ठित पुरस्कार औपचारिक रूप से मुख्यमंत्री को सौंपा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हिम परिवार के माध्यम से एक व्यापक डेटाबेस तैयार किया गया है, जिससे सरकारी योजनाओं के पात्र लाभार्थियों की सटीक पहचान संभव हुई है। इस नवाचार ने प्रदेश में जनसेवा वितरण प्रणाली को और अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाया है। उन्होंने इसे तकनीक-आधारित सुशासन की दिशा में राज्य सरकार की एक बड़ी उपलब्धि बताया।

विभाग के प्रयासों की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल में एक मजबूत डिजिटल बुनियादी ढांचा विकसित किया जा रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी विभाग इसी समर्पण के साथ कार्य करेगा ताकि डिजिटल सेवाओं का लाभ राज्य के हर नागरिक तक आसानी से पहुंच सके।

# बिलासपुर में चार किलो चरस 1.1 ग्राम चिट्टे समेत 7 दबोचे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला बिलासपुर में पुलिस ने नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए अलग-अलग मामलों में भारी मात्रा में चरस और चिट्टा बरामद किया है। तीन मामलों में कुल सात आरोपियों



को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किए गए हैं। घुमारवीं थाना क्षेत्र में शनिवार को बलोह टोल प्लाजा पर नाकाबंदी के दौरान स्विफ्ट डिजायर (एचपी-01के-9160) से 4.053 किलोग्राम चरस बरामद की गई। आरोपी टेक सिंह (32) और उसकी पत्नी प्रेमलता (30), निवासी बंजार, कुल्लू, को गिरफ्तार किया गया। दोनों पर धारा 20 व 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज हुआ। वहीं, सदर थाना क्षेत्र में 30 जनवरी को चंपा पार्क के पास तलाशी के दौरान स्विफ्ट डिजायर (एचपी-01के-9741) से 1.1 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। आरोपियों की पहचान सूरज (26), राहुल (21), माया देवी (27) और तरुण चौधरी (41), सभी निवासी सरवरी, कुल्लू के रूप में हुई है। चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर धारा 21 व 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज है।

# उज्बेकिस्तानी महिला के दिल्ली में बने आधार कार्ड की जांच शुरू

अनंत ज्ञान

**एसपी जैरथ, नाहन।** हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले के नाहन में फर्जी दस्तावेजों के साथ गिरफ्तार उज्बेकिस्तान की महिला ने भारत का आधार कार्ड दिल्ली में बनवाया था। विदेशी महिला ने भारतीय आधार कार्ड कैसे बनवाया, इसकी जांच के लिए सिरमौर से पुलिस टीम दिल्ली रवाना हो गई है।

पुलिस जांच कर रही है कि कहीं कोई गिरोह तो इस तरह के मामलों में शामिल नहीं है जो विदेशी नागरिकों के भारत के दस्तावेज बना रहा है। महिला ने पकड़े जाने के दौरान कार में मौजूद व्यक्ति को अपना पति बताया था,

### ◆ नाहन में फर्जी दस्तावेजों के साथ हुई थी गिरफ्तार

लेकिन जांच में ऐसा कुछ सामने नहीं आया है। यह भी जांच की जा रही है कि महिला किसी अनैतिक काम में तो शामिल नहीं थी।

गौरतलब है कि 22 जनवरी की रात को नाहन पुलिस ने शक्तिनगर के पास एक गाड़ी में विदेशी महिला को किसी लड़के के साथ पकड़ा था। महिला के पास से भारत का वीजा व वैध पासपोर्ट नहीं मिला। एसपी एनएस नेगी ने बताया कि महिला से भारत का आधार कार्ड बरामद हुआ है। यह कार्ड दिल्ली में बनवाया था।

# जनवरी माह में एनडीपीएस के आठ मामलों में 13 गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा पुलिस द्वारा वर्ष 2026 के पहले माह में एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए कुल 8 मामलों में 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। एएसपी बीर बहादुर ने बताया कि इस माह चिट्टे से संबंधित 6 मामले दर्ज किए गए, जिनमें कुल 78.18 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया है। चिट्टे के पकड़े गए मामलों में पुरुष आरोपी पकड़े गए हैं।

वहीं, चरस के 2 मामलों में पुलिस ने 1 किलो 349 ग्राम चरस जब्त की है। इन मामलों में 3 पुरुष आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए उक्त आरोपियों में 9 आरोपी हिमाचल प्रदेश व गैर-हिमाचली हैं। जबकि 4 आरोपी बाहरी राज्य से संबंधित हैं। एएसपी ने बताया कि नशे के खिलाफ अभियान लगातार जारी है और आने वाले समय में भी एनडीपीएस एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने आम जनता से भी अपील की है कि नशे से जुड़ी किसी भी गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि समाज को नशे के दुष्प्रभावों से बचाया जा सके।

# 10वीं और 12वीं बोर्ड एग्जाम: केंद्र अधीक्षक के लिए 3 तक करें आवेदन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने मार्च-2026 में होने वाली 10वीं और 12वीं की वार्षिक परीक्षाओं के सफल संचालन की तैयारियां तेज कर दी हैं। बोर्ड ने परीक्षा केंद्र अधीक्षक और उप-अधीक्षक की प्रतिनियुक्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि को बढ़ा दिया है। अब पात्र शिक्षक 3 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि बोर्ड का मुख्य उद्देश्य परीक्षाओं को सुचारु, निष्पक्ष और व्यवस्थित तरीके से संपन्न करवाना है। उन्होंने जानकारी दी कि कई पात्र शिक्षक निर्धारित समय के भीतर आवेदन नहीं कर पाए थे। शिक्षकों की इसी असुविधा को देखते हुए और परीक्षा प्रबंधन को अधिक मजबूत बनाने के लिए बोर्ड ने आवेदन की समय-सीमा को विस्तार देने का निर्णय लिया है। नए शेड्यूल के अनुसार, इच्छुक और पात्र शिक्षक 3 फरवरी तक ऑनलाइन माध्यम से अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि समय पर अनुभवी अधीक्षकों और उप-अधीक्षकों की नियुक्ति से परीक्षा संचालन की गुणवत्ता में सुधार आएगा।

### नकल मुक्त परीक्षा पर जोर

**बोर्ड** प्रशासन ने सभी पात्र शिक्षकों से आग्रह किया है कि वे निर्धारित समय के भीतर आवेदन प्रक्रिया पूरी करें। बोर्ड का लक्ष्य मार्च-2026 की परीक्षाओं को पूरी तरह पारदर्शी, शांतिपूर्ण और नकल मुक्त वातावरण में संपन्न कराना है। इस संबंध में अधिक जानकारी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

# जमीनी विवाद में पत्नी व बेटे ने की थी मारपीट, भीखम राम की हुई मौत

अनंत ज्ञान



जांच करते हुए पुलिस अधिकारी और कर्मचारी। अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** धर्मपुर उपमंडल के गांव भेड़ी-1 में 52 वर्षीय भीखम राम की मौत के मामले में पुलिस जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि जमीनी विवाद को लेकर मृतक की उसकी पत्नी शकुंतला और बेटे प्रवीण से कहासुनी हुई, जो बाद में मारपीट में बदल गई। इसी मारपीट को भीखम राम की मौत का कारण माना जा रहा है।

जानकारी के अनुसार बीती रात मृतक के घर से झगड़े की आवाजें सुनाई दी थीं। अगले दिन सुबह भीखम राम अपने घर में मृत अवस्था में पाया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नेरचौक मेडिकल कॉलेज मंडी भेजा गया। गौरतलब है की मृतक की पत्नी बद्धी में जॉब करती है और बेटा शिमला में जॉब करता है मृतक शराब का आदि था और अपनी प्रॉपर्टी पत्नी और बेटे की बजाए किसी और को देने की बात पर तीनों की लड़ाई हुई और घावों का ताव ना सहते हुई भिखम राम की मौत हो गई

इस मामले में डीएसपी धर्मपुर संजीव सूद ने बताया कि जांच के दौरान यह सामने आया है कि पत्नी और बेटे ने मिलकर भीखम राम के साथ मारपीट की थी। दोनों आरोपियों को शनिवार को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें तीन दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। डीएसपी ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पूछताछ के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# एयरपोर्ट विस्तारीकरण: अब तक 1460 की राशि आवंटित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तारीकरण प्रक्रिया के तहत 14 मोहालों में 90 फीसदी के लगभग राशि आवंटित की जा चुकी है। जिला पर्यटन अधिकारी विनय धीमान ने बताया कि जिन लोगों की भूमि एयरपोर्ट विस्तार में अधिग्रहित की जा रही है, उन्हें 1460 करोड़ रुपए की राशि आवंटित किया जा चुका है। इसके अलावा राहत पुनर्वास में सरकार से कुछ क्लेरिफिकेशन सरकार से मांगी गई है, जिसके आते ही उस प्रक्रिया को भी शुरू कर दिया जाएगा। विनय धीमान भूमि अधिग्रहण व पुनर्वास में करीब 3500 करोड़ रुपए की राशि खर्च किए जाने की संभावना है। इसके अलावा अन्य कार्य जो होने हैं, उनका भी आकलन किया जाना है। जिला पर्यटन अधिकारी ने बताया कि गगल मोहाल में दुकानें, घर, भवन व इंडस्ट्री के रूप में कीमती संपत्तियां थी, जिस पर लोगों को अच्छा मुआवजा मिला है। गौरतलब है कि प्रदेश सरकार की ओर से जिला कांगड़ा को पर्यटन राजधानी के रूप में विकसित किया जा रहा है। कुछ दिन पहले ही सरकार की ओर से 700 करोड़ का अतिरिक्त बजट जारी किया गया था, जिसके तहत इन दिनों एयरपोर्ट के आसपास के 14 मोहालों में भूमि अधिग्रहण का कार्य चल रहा है, जिसमें लोगों को मुआवजा देने की प्रक्रिया चल रही है।

# गुजरात-राजस्थान की तर्ज पर हिमाचल में भी बनेंगे 'हमारा विद्यालय, हमारा तीर्थ'

अनंत ज्ञान




कार्यशाला में उपस्थित मोहन पुरोहित व अन्य। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** गुजरात और राजस्थान राज्य की तर्ज पर हिमाचल प्रदेश में भी हमारा विद्यालय, हमारा तीर्थ योजना के तहत सरकारी विद्यालय तीर्थ बनेंगे। देश के छोटे राज्यों को छोड़कर, अन्य राज्यों में आगामी तीन वर्षों में सरकारी विद्यालय, तीर्थ के रूप में नजर आएंगे। इस संदर्भ में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन धर्मशाला में किया गया।

कार्यशाला में महासंघ के राष्ट्रीय अतिरिक्त महामंत्री मोहन पुरोहित ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान पुरोहित ने कहा कि गुजरात में 1500 और राजस्थान में 1300 विद्यालयों को हमारा विद्यालय, हमारा तीर्थ के लिए चिन्हित किया गया है। उसी कड़ी में हिमाचल में भी हमारा विद्यालय, हमारा तीर्थ योजना के तहत सरकारी विद्यालय चिन्हित किए जाएंगे। कार्यशाला में

### ◆ आगामी तीन वर्षों में देश के विभिन्न राज्यों में सरकारी विद्यालय बनेंगे तीर्थ

हर जिले से 2 से 3 कार्यकर्ता, कार्यशाला में भाग लेने आए हैं, जिन्हें हमारा विद्यालय, हमारा तीर्थ कैसे बने, इसका प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके उपरांत जिला स्तर पर कार्यशालाएं होंगी, जिसमें हिमाचल की विभिन्न तहसीलों के कार्यकर्ता भाग लेंगे। पुरोहित ने कहा कि इसका उद्देश्य छात्रों का सर्वांगीण विकास करना है। विद्यालय को एक भवन न मानकर, शिक्षक वर्ग अपनी भूमिका निभाते हुए छात्रों का सर्वांगीण विकास करेंगे।

अभिभावकों के सहयोग से विद्यालय को ऊंचाई देंगे तो गुरुकुल जैसा विद्यार्थियों में भाव जागृत होगा और छात्र खुद तक सीमित न रहकर उनमें राष्ट्र प्रेम का भाव जागृत होगा। देश के सभी राज्यों में राज्य स्तरीय कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं।

### संगठन के हैं 18 लाख सदस्य

**राजकीय** शैक्षणिक महासंघ, देश का एकमात्र 18 लाख सदस्यों वाला एकमात्र संगठन है, जो कि शिक्षक, शिक्षार्थी और राष्ट्रहित में चिंतन करता है। कार्यशाला के माध्यम से मास्टर ट्रेनर तैयार किए जा रहे हैं जो कि आने वाले समय में तहसील व मंडल स्तर पर मास्टर ट्रेनर तैयार करेंगे। सरकारी विद्यालय को हमारा विद्यालय, हमारा तीर्थ बनाने की योजना के तहत गहन चिंतन मनन के साथ धर्मशाला में कार्यशाला आयोजित की जा रही है।

# हिमाचल लोक सेवा आयोग की ओटीआर वेबसाइट 2 फरवरी तक रहेगी बंद

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग की वन टाइम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) वेबसाइट आगामी कुछ दिनों के लिए तकनीकी रखरखाव और उन्नयन के कारण अस्थायी रूप से बंद कर दी गई है। आयोग द्वारा दी गई आधिकारिक जानकारी के अनुसार, वेबसाइट 31 जनवरी से 2 फरवरी तक उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध नहीं होगी। इस अवधि के दौरान पोर्टल पर किसी भी प्रकार की डिजिटल सेवाओं का उपयोग नहीं किया जा सकेगा, जिससे आगामी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को अपनी आवेदन प्रक्रिया के लिए कुछ प्रतीक्षा करनी होगी।

आयोग ने स्पष्ट किया है कि इस तकनीकी उन्नयन के दौरान नए अभ्यर्थियों का पंजीकरण, ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करना, परीक्षा शुल्क का भुगतान और प्रवेश पत्र डाउनलोड करने जैसी सभी महत्वपूर्ण प्रक्रियाएं पूरी तरह से स्थगित रहेंगी। तकनीकी सुधार का यह कार्य वेबसाइट की कार्यक्षमता को और अधिक सुदृढ़ और सुरक्षित बनाने के लिए किया जा रहा है।

# स्मार्ट मीटर से बदलेगी बिजली व्यवस्था, चोरी पर लगेगी लगाम

अनंत ज्ञान

**रविंद्र चौधरी, फतेहपुर।** प्रदेश में बिजली व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और सुदृढ़ बनाने के लिए स्मार्ट बिजली मीटर लगाए जा रहे हैं। हालांकि, कुछ क्षेत्रों में इसे लेकर विरोध देखने को मिल रहा है, लेकिन बिजली बोर्ड इसे व्यवस्था सुधार की दिशा में अहम कदम बता रहा है। जिला कांगड़ा के बिजली बोर्ड उपमंडल फतेहपुर में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य लगातार जारी है।



बिजली बोर्ड के अनुसार जिला कांगडा के विद्युत उपमण्डल फतेहपुर में कुल 15 हजार 500 बिजली कनेक्शन हैं, जिनमें 12 हजार 500 घरेलू और करीब 2 हजार वाणिज्यिक कनेक्शन शामिल हैं। अब तक लगभग 800 पुराने मीटर हटाकर स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं, जबकि शेष कनेक्शनों पर चरणबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। सहायक अभियंता अभिजीत सिंह ने बताया कि स्मार्ट मीटर से रीडिंग से जुड़ी शिकायतें समाप्त होंगी और उपभोक्ताओं को उनकी वास्तविक खपत के अनुसार ही बिल मिलेगा। स्मार्ट मीटर को लेकर हो रहे विरोध पर सहायक अभियंता ने कहा कि हर नई तकनीक के साथ शुरुआत में शंकाएं स्वाभाविक हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्मार्ट मीटर से बिजली चोरी पर रोक लगेगी और राजस्व व्यवस्था मजबूत होगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे किसी भी तरह की भ्रांतियों में न आएं और जानकारी के लिए नजदीकी बिजली बोर्ड कार्यालय से संपर्क करें।



## न्यूज ब्रीफ

### भाजपा पूर्व कर्मचारी प्रकोष्ठ चंबा के सह संयोजक नियुक्त

**अनंत ज्ञान, चंबा।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व कर्मचारी प्रकोष्ठ (हिमाचल प्रदेश) में संगठन को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम उठाया गया है। भाजपा शीर्ष नेतृत्व, प्रदेश संयोजक घन श्याम शर्मा एवं जिला अध्यक्ष चंबा से विचार-विमर्श के बाद जिला संयोजक बजीर सिंह ने चंबा जिला के सह-संयोजकों की घोषणा की। धर्म सिंह जरियाल (चंबा), रणवीर सिंह (डलहौजी), राजेश्वर शर्मा (भटियात), रोशन लाल शर्मा (भरमौर-पांगी), सुशील कुमार (भरमौर), सुनीतू (डलहौजी), परस राम (भटियात), कर्म चंद (डलहौजी) और कर्म चंद (चुराह) को सह संयोजक नियुक्त किया गया है। बजीर सिंह ने कहा कि इन नियुक्तियों से प्रकोष्ठ को जमीनी स्तर पर मजबूती मिलेगी और संगठन की नीतियां प्रभावी रूप से जन-जन तक पहुंचेंगी। सभी नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी।

### सुरजीत भरमौरी की नियुक्ति से चंबा कांग्रेस में नई ऊर्जा

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष सुरजीत भरमौरी के पदभार ग्रहण करने पर जिलेभर में उत्साह और सकारात्मक माहौल है। उनकी नियुक्ति को संगठन को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। इस अवसर पर शनिवार को शिमला स्थित हिमाचल प्रदेश सचिवालय में हिमाचल प्रदेश सचिवालय सेवाएं कर्मचारी संगठन के नवनियुक्त अध्यक्ष राजिंदर सिंह मियां से भेंट कर उन्हें बधाई दी गई। नेताओं व कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में चंबा कांग्रेस जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाएगी।

### चंबा में मानवता की मिसाल बने डॉ. इसरार अली शाह



**अनंत ज्ञान, चंबा।** अंजुमन इस्लामिया, जिला चंबा के अध्यक्ष डॉ. इसरार अली शाह समाज सेवा के क्षेत्र में एक समर्पित और प्रेरणादायी व्यक्तित्व के रूप में अपनी पहचान बना चुके हैं। उनके दूरदर्शी नेतृत्व में अंजुमन इस्लामिया एक सक्रिय, जिम्मेदार और प्रभावी सामाजिक संस्था के रूप में कार्य कर रही है, जो विशेष रूप से कमजोर, गरीब और वंचित वर्गों के कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत है। डॉ. इसरार अली शाह के प्रयासों से अनेक जरूरतमंद परिवारों को न केवल तत्काल सहायता मिली, बल्कि आत्मनिर्भर बनने की दिशा में भी प्रोत्साहन मिला है। डॉ. शाह की कार्यशैली की सबसे बड़ी विशेषता उनका समावेशी और मानवतावादी दृष्टिकोण है। वे धर्म, जाति और समुदाय से ऊपर उठकर सेवा करते हैं, जिससे समाज में एकता, भाईचारा और सौहार्द का संदेश मजबूत हुआ है।

### एकल अभियान के वार्षिक अभ्यास वर्ग का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** विधानसभा क्षेत्र के विधायक डीएस ठाकुर ने पंचायत डांड स्थित चकोतर में एकल अभियान, अंचल किहार द्वारा आयोजित पांच दिवसीय आचार्य वार्षिक अभ्यास वर्ग के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। विधायक ने कहा कि एक शिक्षक के माध्यम से संचालित ये विद्यालय दुर्गम इलाकों में शिक्षा की अलख जगा रहे हैं, जहां सरकारी पहुंच सीमित रही है। उन्होंने कहा कि एकल अभियान समाज में सकारात्मक परिवर्तन और सामाजिक जागरूकता फैलाने का सशक्त माध्यम बन चुका है। अभियान के अंतर्गत अब तक देशभर में 28 लाख से अधिक बच्चों को लाभ पहुंचाया है।

### कामगार 28 तक ई-केवाईसी करवाएं पंजीकृत

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला श्रम कल्याण अधिकारी श्वेता कुमारी ने बताया कि हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड द्वारा पंजीकृत सभी कामगारों के लिए ई-केवाईसी (आधार सत्यापन) करवाना अनिवार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी पंजीकृत कामगार आगामी 28 फरवरी तक अपना ई-केवाईसी पूरा कर लें। यह प्रक्रिया बोर्ड की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए जरूरी है। समय पर सत्यापन न करने पर भविष्य में योजनाओं का लाभ लेने में कठिनाई हो सकती है।

### लंबित मामलों को निपटाने पर जोर : डीसी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में जिला राजस्व अदालत की बैठक में लंबित मामलों की समीक्षा की गई। उन्होंने सभी उपमंडल अधिकारियों, तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों को प्रति सप्ताह न्यूनतम 100 मामलों का निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विशेष अभियान के तहत 29 जनवरी तक 351 मामले निपटाए जा चुके हैं। उपायुक्त ने तीन माह की अवधि में पुराने मामलों के शीघ्र निपटारे और छह माह से अधिक लंबित मामलों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त, सहायक आयुक्त और अन्य अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे।

### कविंद्र, अनीता और सुमित को 'बेस्ट प्रशिक्षु' सम्मान

**अनंत ज्ञान, चंबा।** सक्षम एजुटेक मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी में शनिवार को वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने शैक्षणिक और रचनात्मक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। मुख्यातिथि भारती ठाकुर ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षुओं कविंद्र, अनीता और सुमित को 'बेस्ट प्रशिक्षु' के खिताब से सम्मानित किया गया। संस्थान के चेयरमैन संजय शर्मा ने कहा कि उद्देश्य केवल तकनीकी शिक्षा नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी और रोजगारोन्मुख बनाना है। कार्यक्रम में शिक्षकों और अतिथियों ने सहयोग प्रदान किया।

### राजस्थान के युवा करेंगे जिला कांगड़ा का भ्रमण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, मेरा युवा भारत कांगड़ा द्वारा 2 से 6 फरवरी तक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण प्रशिक्षण केंद्र छेब में पांच दिवसीय अंतर राज्य युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। राजस्थान के 35 युवा और 2 अनुरक्षण इस कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। प्रतिभागियों को हिमाचल प्रदेश की संस्कृति, रीति-रिवाज और खान-पान से परिचित कराया जाएगा तथा जिला कांगड़ा के प्रमुख पर्यटन स्थलों में शैक्षिक एवं अनुभवात्मक अध्ययन कराए जाएंगे। हिमाचल के 37 युवा राजस्थान में 9 फरवरी से हिस्सा लेंगे।

### शाहपुर में सड़क सुरक्षा वर्कशॉप का आयोजन

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** आरटीओ फ्लाइंग स्क्वायड धर्मशाला की ओर से केवल हाइवे ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल, शाहपुर में सड़क सुरक्षा पर वर्कशॉप आयोजित की गई। इसमें शाहपुर के सभी टैक्सी चालक, न्यू ईरा पब्लिक स्कूल छतडी, कांगड़ा इंटरनेशनल स्कूल और आवर ऑन इंग्लिश स्कूल के चालक एवं परिचालक शामिल हुए। आरटीओ फ्लाइंग ऑफिसर आसीन सूद ने यातायात नियमों की जानकारी दी और उनका पालन करने का आग्रह किया। हाइवे ड्राइविंग स्कूल संचालक केवल शर्मा ने आरटीओ का धन्यवाद करते हुए जागरूकता प्रयासों की सराहना की।

### बजट पूर्व आर्थिक विश्लेषण पर उठाए सवाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) जिला कमेटी कांगड़ा ने बजट-पूर्व आर्थिक विश्लेषण को आम जनता की समस्याओं को पूरी तरह प्रतिबिंबित नहीं करने वाला बताया। जिला सचिव अशोक कटोच ने कहा कि केंद्र सरकार विकास और निवेश की बात कर रही है, लेकिन बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई, किसानों की आय और मजदूरों की असुरक्षा पर ठोस दिशा नहीं दिखती। उनका कहना है कि बजट-पूर्व विश्लेषण में कॉरपोरेट और बड़े उद्योगों को प्राथमिकता मिलती है, जबकि असली विकास का अर्थ आम लोगों के जीवन स्तर में सुधार करना है।

### बैजनाथ में शिवरात्रि प्रीमियर लीग का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** इंदिरा गांधी स्टेडियम में राज्य स्तरीय शिवरात्रि महोत्सव के तहत शिवरात्रि प्रीमियर लीग का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन मैच प्रशासन और मीडिया टीम के बीच खेला गया, जिसमें प्रशासन की टीम ने 174 रन का लक्ष्य निर्धारित किया और 53 रनों से जीत दर्ज की। तहसीलदार रमन ठाकुर को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मैच में बार काउंसिल ने पुलिस टीम को हराया, जबकि बिजली बोर्ड की टीम ने लोक निर्माण विभाग को पराजित किया। एसडीएम बैजनाथ संकल्प गौतम ने कहा कि यह टूर्नामेंट युवाओं को नशे से दूर रहकर खेलों की ओर आकर्षित करने का प्रेरक प्रयास है।

### पीएम श्री स्कूलों के शिक्षकों का प्रशिक्षण संपन्न

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** समग्र शिक्षा के तहत जिला कांगड़ा के 30 पीएम श्री स्कूलों के 205 शिक्षकों का दो चरणों में प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। समापन अवसर पर डाइट प्राचार्य राकेश शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की, जबकि जिला उपनिदेशक गुणवत्ता शिक्षा भाग सिंह मुख्य अतिथि रहे। प्रतिभागी शिक्षकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रशिक्षण में पीएम श्री स्कूलों को मॉडल स्कूल बनाने, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, मूल्यांकन सुधार, नेतृत्व क्षमता, डिजिटल दक्षता और अन्य उपयोगी विषयों पर विशेष चर्चा की गई।

### जीईएम पोर्टल पंजीकरण पर दिया जोर

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** उद्योग विभाग के आरएएमपी कार्यक्रम के अंतर्गत पालमपुर में व्यवसाय योजना और वित्तीय प्रबंधन पर एकदिवसीय कार्यशाला सफलतापूर्वक आयोजित की गई। कार्यशाला में उद्यमियों को जीईएम और सीपीआई पोर्टल पर पंजीकरण और उपयोग के बारे में मार्गदर्शन दिया गया। एचपीटीडीसी के सहायक महाप्रबंधक कैलाश चंदेल ने उत्पाद गुणवत्ता सुधार और जीईएम पोर्टल पंजीकरण पर जोर दिया। कांगड़ा के लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर रणधीर पृथ्वी ने व्यवसाय योजना एवं वित्तीय प्रबंधन पर चर्चा की, जबकि संदीप शर्मा ने सरकारी पोर्टल्स के उपयोग की जानकारी साझा की। 95 से अधिक उद्यमियों ने सक्रिय भागीदारी की।

# विधानसभा अध्यक्ष ने किया पुनर्निमित बहाव सिंचाई योजना लाहडू का उद्घाटन

## बोले- भटियात विस क्षेत्र में 365 करोड़ रुपए की 46 स्कीमें जल शक्ति विभाग की ओर से निर्माणाधीन

अनंत ज्ञान

**चंबा।** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने भटियात विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत परछोड़ के लाहडू में 47 लाख रुपए की लागत से पुनर्निमित बहाव सिंचाई योजना लाहडू का विधिवत उद्घाटन किया। इस योजना के अंतर्गत 1560 मीटर लंबी विभिन्न सिंचाई कूहलों का निर्माण किया गया है, जिससे 100 परिवारों की 11.74 हेक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी।

लाहडू में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि भटियात विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य दलगत राजनीति से ऊपर उठकर किए जा रहे हैं। सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जल शक्ति विभाग से संबंधित 365 करोड़ रुपये की लागत की 46 विकास योजनाएं प्रगति पर हैं, जिनमें 23 पेयजल, 18 सिंचाई, तीन बाढ़ नियंत्रण और दो सीवरेज योजनाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि भटियात क्षेत्र में 71 सिंचाई योजनाओं के माध्यम से 2642 हेक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा दी जा रही है। इसके अतिरिक्त जल शक्ति मंडल चुवाड़ी द्वारा लगभग 500 करोड़ रुपए की नई योजनाओं के प्रस्ताव तैयार किए गए हैं, जिन्हें स्वीकृति के बाद शीघ्र लागू किया जाएगा। चुवाड़ी में निर्माणाधीन सीवरेज योजना मार्च तक पूरी कर ली जाएगी, जबकि सिंहुता में सीवरेज प्रणाली के लिए टेंडर प्रक्रिया अंतिम चरण में है। समोट और ककीरा के लिए डीपीआर स्वीकृति हेतु भेजी गई है। विधानसभा अध्यक्ष ने स्थानीय पंचायत की सभी मांगों को चरणबद्ध पूरा करने और लाहडू में रामलीला मंच पर शैड निर्माण के लिए आवश्यक राशि देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र प्राकृतिक आपदाओं की दृष्टि से संवेदनशील है, इसलिए विकास कार्यों में पर्यावरण संतुलन का विशेष ध्यान रखा जाएगा। इससे पूर्व लाहडू पहुंचने पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों व नागरिकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम में कई विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



सिंचाई योजना लाहडू का उद्घाटन करते पठानिया। अनंत ज्ञान

# गडलेई-टिक्कर सड़क निर्माण में देरी पर जताई नाराजगी

## उपायुक्त से मिला ग्रामीणों का प्रतिनिधिमंडल



उपायुक्त से मिलता ग्रामीणों का प्रतिनिधिमंडल। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**चंबा।** तहसील सलूणी के अंतर्गत गडलेई-टिक्कर सड़क निर्माण को शीघ्र शुरू करवाने की मांग को लेकर टिक्कर (मुहाल टिक्कर), पंचायत करवाल के ग्रामीणों का प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त मुकेश रेपसवाल से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंपकर सड़क निर्माण में वर्षों से हो रही देरी पर गहरी नाराजगी और चिंता व्यक्त की। ग्रामीणों ने बताया कि गडलेई-टिक्कर सड़क इस क्षेत्र की एकमात्र जीवनरेखा है, जो टिक्कर के साथ-साथ काहला, स्नोग, डिभर, डोलू, बंजली सहित आसपास के गांवों को जोड़ती है। सड़क निर्माण से क्षेत्र की 600 से अधिक आबादी को लाभ मिलेगा, लेकिन सड़क की अनुपस्थिति में लोग अस्पताल, स्कूल, बाजार और प्रशासनिक कार्यालयों तक पहुंचने में भारी कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। गर्भवती महिलाएं, बुजुर्ग, बच्चे और गंभीर रोगियों के लिए हालात विशेष रूप से चिंताजनक हैं।

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि सड़क का सर्वे 2018-19 में पूरा हो चुका है और परियोजना से जुड़ी सभी औपचारिकताएं समय रहते पूरी कर दी गई थीं। डीसी ने आश्वासन दिया कि मामले की निष्पक्ष जांच और संबंधित विभागों से रिपोर्ट तलब कर निर्माण कार्य को शीघ्र आगे बढ़ाने के ठोस कदम उठाए जाएंगे।

## दुर्गम पांगी घाटी में भारी बर्फबारी से जनजीवन पूरी तरह ठप

# पांगी घाटी में 14 वर्षीय बच्चे को पीठ पर उठाकर 35 किमी. दूर अस्पताल पहुंचाया

अनंत ज्ञान

**पांगी ( चंबा )।** जिला चंबा की दुर्गम पांगी घाटी में भारी बर्फबारी से जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। लगातार हो रही बर्फबारी के कारण सड़कें बंद हैं और संचार व्यवस्था ठप पड़ी हुई है। इसी बीच एक 14 वर्षीय बच्चे की तबीयत अचानक बिगड़ने से क्षेत्र में मानवीय संकट उत्पन्न हो गया।

सड़क संपर्क टूटने के कारण एंबुलेंस सेवा उपलब्ध नहीं हो सकी। ऐसे हालात में परिजनों और स्थानीय लोगों ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए बच्चे को पीठ पर उठाकर बर्फ से ढके दुर्गम पहाड़ी रास्तों से करीब 30 से 35 किलोमीटर की कठिन यात्रा तय कर सिविल अस्पताल किलाड़ पहुंचाया। समय पर अस्पताल पहुंचने पर बच्चे का उपचार शुरू किया गया और उसकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। प्रशासन सड़क बहाली और आवश्यक सेवाएं बहाल करने के प्रयास में जुटा है। यह घटना दुर्गम क्षेत्रों में आपात स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की आवश्यकता को उजागर करती है।



### कोयल गांव में नहीं सड़क, युवती को पीठ पर उठाकर अस्पताल पहुंचाया

**सुनील, अनंत ज्ञान, सलूणी।** सलूणी उपमंडल की पंचायत सिंगाधार का कोयल गांव आजादी के बाद भी सड़क सुविधा से वंचित है। गांव में कुकर फटने से एक युवती गंभीर रूप से झुलस गई। सड़क न होने के कारण एंबुलेंस गांव तक नहीं पहुंच सकी। गांववासियों ने पीठ पर उठाकर लगभग छह किलोमीटर की कठिन और खड़ी चढ़ाई पार करते हुए सड़क तक पहुंचाया गया, ताकि नागरिक अस्पताल सलूणी पहुंचाया जा सके। ग्रामीणों का कहना है कि यदि कोयल गांव सड़क मार्ग से जुड़ा होता, तो इस तरह की जानलेवा मुश्किल का सामना नहीं करना पड़ता। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र सड़क निर्माण की मांग की है।

# सेस भुगतान को लेकर श्रम विभाग और चिरचिंड हाइड्रो प्रबंधन आमने-सामने

अनंत ज्ञान

**भरमौर।** सेस के भुगतान को लेकर श्रम विभाग और चिरचिंड हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट प्रबंधन के बीच विवाद गहराता जा रहा है। न्यायालय के आदेशों का हवाला देते हुए कंपनी प्रबंधन ने पहले जमा करवाई गई तीन लाख रुपए की राशि वापस करने के लिए श्रम विभाग को पत्र लिखा था। इसके जवाब में श्रम विभाग ने कंपनी को 18.71 लाख रुपए की वसूली का नोटिस जारी कर दिया है। जानकारी के अनुसार, 20 जनवरी को श्रम विभाग की ओर से कंपनी प्रबंधन को नोटिस जारी किया गया, जिसमें उपकर राशि को भू-राजस्व के बकाए के रूप में वसूलने के निर्देश दिए गए हैं।

इस नोटिस पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कंपनी प्रबंधन ने कहा कि उनकी विद्युत परियोजना इस अधिकार क्षेत्र में नहीं आती और जारी किया गया नोटिस न केवल कानून के विपरीत है, बल्कि

◆ **परियोजना प्रबंधन ने कहा नियमों को दरकिनार कर किया जा रहा है परेशान**

अवैधानिक भी है। कंपनी का दावा है कि परियोजना का संपूर्ण सिविल निर्माण कार्य दिसंबर 2008 से पहले ही पूरा हो चुका था, जबकि हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड का गठन 4 दिसंबर 2008 को हुआ था। कंपनी प्रबंधन का कहना है कि 4 दिसंबर, 2008 से पहले उपकर राशि की मांग पूरी तरह अवैध है, क्योंकि इससे पूर्व बीओसीडब्ल्यू वेलफेयर बोर्ड अस्तित्व में ही नहीं था। ऐसे में परियोजना पर किसी भी प्रकार का उपकर लगाए जाने का कंपनी ने विरोध किया है और इसे न्यायालय के आदेशों की अवहेलना करार दिया है। इतना ही नहीं, कंपनी ने पूर्व में जमा करवाई गई तीन लाख की राशि को भी वापस करने की मांग की है।

### विभाग की कार्यप्रणाली को बताया असंवैधानिक

श्रम विभाग की ओर से 20 अगस्त को पहले 17 लाख से अधिक की राशि जमा करने का नोटिस जारी किया गया था, जिसके बाद 20 जनवरी को दोबारा नोटिस भेजा गया। कंपनी प्रबंधन ने 28 जनवरी को अपना जवाब दाखिल किया, लेकिन विभाग ने इसे संतोषजनक नहीं माना। कंपनी प्रबंधन ने विभाग की कार्यप्रणाली को असंवैधानिक बतायश। कंपनी का कहना है कि गैमन बनाम एनएचएआई मामले में न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि बीओसीडब्ल्यू एक्ट, 1996 के तहत वेलफेयर बोर्ड के गठन से पहले उपकर नहीं वसूला जा सकता। चिरचिंड हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट के प्रतिनिधि अमरीश गुर्जर ने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर मामला न्यायालय में ले जाया जाएगा। दबाव में जमा करवाई गई तीन लाख रुपये की राशि वापसी के लिए श्रम विभाग को पत्र भेजा गया है। इस मामले पर श्रम अधिकारी अनुराग शर्मा से संपर्क का प्रयास किया गया, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली।

# प्रताप वर्ल्ड स्कूल की कैडेट माही ने चमकाया क्षेत्र का नाम



माही ने ऑल इंडिया रिपब्लिक डे कैंप में किया नाम रोशन। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, पठानकोट।** प्रताप वर्ल्ड स्कूल की कैडेट माही ने नई दिल्ली में आयोजित प्रतिष्ठित ऑल इंडिया रिपब्लिक डे कैंप में शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

माही ने गणतंत्र दिवस समारोह के सबसे महत्वपूर्ण आकर्षणों में से एक प्रधानमंत्री रैली की तैयारियों के अंतर्गत डीजी एनसीसी, नई दिल्ली में कठोर एवं गहन प्रशिक्षण प्राप्त किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन और शानदार टीमवर्क का परिचय देते हुए उनकी डायरेक्टरेट ने कुल मिलाकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। कैडेट माही की सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए सनी महाजन, निदेशक, प्रताप वर्ल्ड स्कूल ने कहा कि माही की यह उपलब्धि हमारे एनसीसी प्रशिक्षण की मजबूती, स्कूल में स्थापित किए जाने वाले मूल्यों तथा हमारे विद्यार्थियों की असीम संभावनाओं को दर्शाती है। उनके समर्पण और दृढ़ संकल्प ने न केवल हमारे विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। प्राचार्या सुभ्रा रानी ने कहा कि माही की यात्रा वास्तव में अत्यंत प्रेरणादायक है। हमें उन पर अत्यंत गर्व है और हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए माही को बधाई दी।

# पंजाब की तरह हिमाचल में भी लागू हो 10 लाख की कैशलेस स्वास्थ्य योजना : काली दास

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एवं जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के सचिव तथा कोली समाज कांगड़ा के जिलाध्यक्ष काली दास ने बताया कि प्रदेश में भी पंजाब की तरह 10 लख रुपए की कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा होती तो विकास खंड लंबागांव की पंचायत टंबर तहसील जयसिंहपुर के 19 वर्षीय साहिल कुमार को अपना इलाज करने के लिए पीजीआई चंडीगढ़ की ठोकरें न खानी पड़ती। पहले इनका इलाज जयसिंहपुर अस्पताल फिर टांडा मेडिकल कॉलेज में और अब पिछले काफी समय से पीजीआई चंडीगढ़ में लीबर की गंभीर बीमारी के कारण उपचाराधीन है तथा काफी खर्चा हो चुका हैं। यह एक अति निर्धन परिवार है। प्रदेश सरकार से आग्रह है कि मुख्यमंत्री राहत कोष से इनके इलाज के लिए यथासंभव सहायता राशि उपलब्ध करवाए, ताकि इस बच्चे का इलाज हो सके तथा आम जनता से भी निवेदन हैं कि अपनी नेक कमाई से साहिल की सहायता करें। साहिल के पिता एक बहुत ही गरीब परिवार से है तथा मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि हिमाचल में स्वास्थ्य संस्थाओं को उत्तम स्तर का बनाया जाए तथा सभी नागरिकों को कैशलेस 10 लाख रुपए तक का इलाज करने की सुविधा प्रदान की जाए ताकि किसी को भी हिमाचल से बाहर इलाज के लिए जाने की जरूरत ना पड़े।

### उप निरीक्षक राजेश को विदाई से पहले पदोन्नति

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** उप निरीक्षक राजेश द्विवेदी को सेवानिवृत्ति से ठीक पहले पुलिस निरीक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया। वर्दी में उनका अंतिम दिन उनके लिए ही नहीं, बल्कि पूरे विभाग के लिए गौरव का क्षण बन गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक देहरा मयंक चौधरी, वरिष्ठ अधिकारी, सहकर्मी और परिजन उपस्थित रहे। अधिकारियों ने उनके सेवाकाल को याद करते हुए कहा कि उन्होंने पुलिस सेवा को नौकरी नहीं, बल्कि जिम्मेदारी और समाज सेवा का माध्यम माना। राजेश द्विवेदी ने कानून की सख्ती और मानवीय संवेदनाओं का संतुलन बनाए रखा, जिससे जनता में उनका भरोसा बना। पदोन्नति और सम्मानजनक विदाई ने दिखाया कि ईमानदारी को सिस्टम हमेशा पहचानता है। पुलिस जिला देहरा ने उन्हें उत्तम स्वास्थ्य, गरिमामय जीवन और सुखद भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### मशरूम खेती पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पालमपुर के होल्टा स्थित एमडीपी में मशरूम की खेती पर आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शनिवार को समापन हुआ। कार्यक्रम में शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय के 40 छात्रों ने भाग लिया। समापन समारोह में हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष संजय चौहान मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने प्रशिक्षुओं को मशरूम खेती को स्टार्टअप और स्वरोजगार के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित किया और इसके औषधीय गुणों पर जोर दिया। एमडीपी के एसएमएस डॉक्टर हितेंद्र पटेल ने बताया कि छोटे फार्मों के लिए 1 लाख और बड़े फार्मों के लिए 15 लाख रुपए तक सहायता उपलब्ध है। प्रशिक्षुओं को डॉ. मीनाक्षी ठाकुर सहित अन्य विशेषज्ञों ने मार्गदर्शन और प्रेरणा दी।

### योल में गुरु रविदास जयंती पर नगर कीर्तन



**मनोज चंदेल, अनंत ज्ञान, योल।** योल कस्बे में संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज के प्रकट उत्सव के अवसर पर श्री गुरु रविदास सभा योल ने भव्य नगर कीर्तन आयोजित किया। नगर कीर्तन रविदास मंदिर से शुरू होकर तपोवन चौक और योल बाजार होते हुए नरवाना चौक तक पहुंचा और वापस मंदिर में संपन्न हुआ। इसमें सैकड़ों श्रद्धालु, महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग उत्साहपूर्वक शामिल हुए। कीर्तन मंडलियों ने मार्ग भर भजन-कीर्तन किया, जिससे भक्तिमय वातावरण बना। नगर कीर्तन में अध्यक्ष रमेश बटुवा, उपाध्यक्ष विजय, महेंद्र सिंह और अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं को दूध, लड्डू, हलवा व जलेबी का प्रसाद वितरित किया गया। कीर्तन में नशे के खिलाफ झांकी ने जागरूकता का संदेश दिया। आयोजन को स्थानीय लोगों ने सामाजिक एकता और भाईचारे का प्रतीक बताया।

### फतेहपुर क्षेत्र में 3 और 4 को रहेगी बिजली बंद

**रविंद्र चौधरी, अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** विधानसभा फतेहपुर क्षेत्र के लोगों को 3 और 4 फरवरी को दिन के समय बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। 132/11 केवी विद्युत उपकेंद्र में प्रस्तावित मेंटेनेंस कार्य के चलते सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक क्षेत्र में शटडाउन लागू रहेगा। इस दौरान 3.15 एमवीए ट्रांसफार्मर नंबर-2 की पेंटिंग और यार्ड मेंटेनेंस का कार्य किया जाएगा। 3 फरवरी को फतेहपुर, बरोट और होरी देवी 11 केवी फीडर प्रभावित होंगे, जबकि 4 फरवरी को पली, धमेटा, सीहाल, फतेहपुर, बरोट, होरी देवी और 33 केवी रेहन के अधीन रेहन, दिणीलार्थ, राजा का तालाब, गोलबा व छत्तर क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से आवश्यक कार्य पहले निपटाने और सहयोग देने का अनुरोध किया है।

### वोकेशनल कोर्स पूरा करने पर बांटे प्रमाण पत्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** लायंस क्लब धर्मशाला की ओर से संचालित विभिन्न वोकेशनल ट्रेनिंग कार्यों के तहत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लायंस क्लबस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 321-डी के गवर्नर वीएम गोयल ने बतौर मुख्यातिथि, जबकि उप गवर्नर जीएस भाटिया ने अध्यक्षता की। क्लब के अध्यक्ष मोहिंद्र सिंह धीमान ने बताया कि क्लब की ओर से विभिन्न कोर्स लड़कियों को निशुल्क करवाए जा रहे हैं। मुख्यातिथि ने जिन लड़कियों ने अपने कोर्स पूरे कर लिए हैं, उन्हें प्रमाणपत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में पंजाब से विभिन्न क्लबों के सदस्यों को भी अध्यक्ष ने मुख्यातिथि के साथ सम्मानित किया। कार्यक्रम में मंच का संचालन आरसी कटोच ने किया।

# आंगनबाड़ी केंद्रों में सुविधाओं का टोटा बना गंभीर समस्या

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** आंगनबाड़ी केंद्रों में सुविधाओं का टोटा आज भी एक गंभीर समस्या बना हुआ है। कई केंद्रों में बच्चों को बैठने के लिए उचित जगह नहीं है, तो कई जगह पर भवन इतने खराब हो चुके हैं कि कभी भी कोई दुर्घटना हो सकती है। बैजनाथ विश्राम गृह के साथ लगता आंगनबाड़ी केंद्र की हालत तो इतने खराब है कि कमरों का फर्श पूरी तरह से टूट चुका है। आंगनबाड़ी केंद्र के बरामदे के साथ लगती टूटी हुई दीवार भी किसी बड़े हादसे को न्योता दे रही है। अधिकतर आंगनबाड़ी केंद्रों में स्वच्छ पेयजल, शौचालय, बिजली, और बैठने की उचित व्यवस्था न के ही बराबर हैं , जिससे बच्चों का स्वास्थ्य और पढ़ाई दोनों प्रभावित होते हैं। इसके अलावा, पोषाहार की गुणवत्ता, खेल सामग्री, और शिक्षण सामग्री की भी कमी देखी जाती है। कई जगहों पर कार्य कर्मियों को सीमित संसाधनों में काम करना पड़ता है, जिससे बच्चों को मिलने वाली सेवाओं पर असर पड़ता है। बैजनाथ ब्लॉक के अंतर्गत लगभग 281 आंगनबाड़ी केंद्र है, यहां पर कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बेहतरीन ढंग से अपने कार्य को आजम तो दे रही है, परंतु इन्हें केंद्र से मिला। सीडीपीओ बैजनाथ ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में लगभग हर सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है और बैजनाथ का जो भवन है बह विभाग के अधीन नहीं आता है, इसलिए उसकी मरम्मत करने के लिए थोड़ी अड़चन है फिर भी विभाग नए भवन की तलाश में है, ताकि बच्चों को कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

# ग्रामीण शिक्षा में उत्कृष्ट योगदान के लिए डॉ. विशाल महाजन सम्मानित




पंजाब के राज्यपाल ने चंडीगढ़ में आयोजित समारोह में किया सम्मानित। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**इंदौरा।** प्रताप वर्ल्ड स्कूल, इंदौरा के सचिव डॉ. विशाल महाजन को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए स्कूल लीडर्स समिट 2026 में सम्मानित किया गया। यह सम्मान पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया द्वारा चंडीगढ़ के प्राक प्लाजा में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया।

समिट में देशभर से लगभग 500 प्रतिष्ठित प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें प्रख्यात शिक्षाविद्, नीति-निर्माता और सामाजिक चिंतक शामिल थे। स्कूल लीडर्स समिट का उद्देश्य शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले नेताओं को सम्मानित करना था। डॉ. महाजन को ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों के बावजूद गुणवत्तापूर्ण, समावेशी और मूल्य-आधारित शिक्षा को सुदृढ़ करने के उनके प्रयासों के लिए विशेष रूप से सराहा गया। उनके नेतृत्व में प्रताप वर्ल्ड स्कूल, इंदौरा ने शैक्षणिक गुणवत्ता, छात्र विकास और समुदाय-केंद्रित पहलों में विशिष्ट पहचान बनाई है। डॉ. महाजन ने कहा कि यह सम्मान शिक्षकों, विद्यार्थियों, अभिभावकों और सभी हितधारकों के सामूहिक प्रयासों का प्रतीक है। यह उपलब्धि प्रताप वर्ल्ड स्कूल इंदौरा तथा पूरे कांगड़ा जिले के लिए गर्व का विषय है और हिमाचल प्रदेश में ग्रामीण शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुई है।

## न्यूज ब्रीफ

### लंबागांव स्कूल में सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल लंबागांव में सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया गया। विद्यार्थियों/एनएसएस स्वयंसेवकों ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता और चित्रकला में भाग लिया। विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य सरोज ठाकुर और राजेश ने भी शिरकत की। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अशोक कुमार और मोनिका कटोच भी उपस्थित थे। छात्रों में जयनी सूद, अंशुल, अर्चित, रिया, सिया, अदिति, वंशिका आदि शामिल थे।

### एयरपोर्ट सिक्योरिटी ने लगाया भंडारा

**अनंत ज्ञान, गगल।** एयरपोर्ट पर तैनात हिमाचल पुलिस के जवानों के सहयोग से शनिवार को नेशनल हाईवे कुठमां स्थित शनि देव मंदिर पर भंडारे का आयोजन किया गया। पुलिस के जवान अखिल राणा व मोंटू ने बताया कि शनिदेव के मंदिर पर एयरपोर्ट के तमाम कर्मचारियों व अधिकारियों ने कुठमां के शनि देव मंदिर में पूजा-अर्चना की और 12 बजे से लेकर शाम तक भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों शनि देव भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### गरीब बेटी की शादी के लिए भेंट किया सामान



**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** भारत विकास परिषद् शाखा बैजनाथ-पपरोला के सदस्यों ने शनिवार को उपमंडल बैजनाथ के महाकाल क्षेत्र के समीप बंडीया गांव निवासी आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की बेटी शिवानी देवी के विवाह में धाम के लिए लगभग 11 हजार रुपये मूल्य की किराना सामग्री भेंट की। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष प्रीतम भारती, सचिव अनुज कुमार आचार्य, ट्रस्ट सचिव युद्धवीर राणा, प्रांत पर्यावरण संयोजक डीआर ठाकुर, डॉ. देवेंद्र सूद एवं कंवर अमरनाथ ने संयुक्त रूप से शिवानी देवी को आवश्यक सामग्री ससम्मान प्रदान की। परिषद् पदाधिकारियों ने वैवाहिक जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। स्थानीय ग्रामीणों ने इसे सामाजिक सहयोग और प्रेरणादायी पहल बताया।

### नेशनल वॉलीबाल चैंपियनशिप के ट्रायल 8 को

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पालमपुर में सब-जूनियर नेशनल वॉलीबाल चैंपियनशिप के ट्रायल आयोजित किए जाएंगे। अंडर-16 बालक एवं बालिका वर्ग के लिए यह ट्रायल 8 फरवरी को सुबह 10 बजे, शहीद विक्रम बतरा मैदान पालमपुर में होंगे। चयनित खिलाड़ी सीधे 46वीं सब-जूनियर नेशनल वॉलीबाल चैंपियनशिप (24 फरवरी से 1 मार्च, बंडेल, हुगली) में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। कांगड़ा वॉलीबाल एसोसिएशन के महासचिव संजीव राणा ने बताया कि यह क्षेत्रीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच तक पहुंचने का सुनहरा अवसर है। प्रत्येक प्रतिभागी 200 रुपए शुल्क के साथ आयु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड और खेल किट लेकर आए। आयोजन हिमाचल प्रदेश वॉलीबाल एसोसिएशन द्वारा किया जा रहा है।

### लंबागांव थाने से एएसआई श्रवण सेवानिवृत्त

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** पुलिस थाना लंबागांव में एएसआई के पद पर कार्यरत श्रवण कुमार की सेवानिवृत्त पर शनिवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। श्रवण ने पुलिस विभाग में 37 साल सेवाएं दी। अपने नेक व मिलनसार स्वभाव के कारण श्रवण कुमार ने लंबागांव पुलिस थाने में ही 20 साल तक सेवाएं दी। उनके सेवानिवृत्ति समारोह के उपलक्ष्य पर उनकी धर्मपत्नी सुनीता देवी लंबागांव पुलिस के एसएचओ कुलदीप सिंह, सेवानिवृत्त एसएचओ प्रवीन कुमार, एएसआई सत्येंद्र, एएसआई अनिल ठाकुर, एएसआई देशराज के अतिरिक्त गरीब दास आदि मौजूद रहे।

### बंडोल विद्यालय को मिला ग्रीन स्कूल अवॉर्ड

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** जिला कांगड़ा की प्राथमिक पाठशाला बंडोल ने शिक्षा, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण में उत्कृष्ट योगदान के लिए ग्रीन स्कूल अवार्ड प्राप्त किया। यह सम्मान इंडिया हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली में सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट द्वारा प्रदान किया गया। विद्यालय ने वायु, ऊर्जा, भूमि, भोजन, जल और कचरा प्रबंधन की छह श्रेणियों में वर्षभर ग्रीन ऑडिट गतिविधियों के माध्यम से यह उपलब्धि हासिल की। प्रधानाचार्य रजनीश भूरिया ने कहा कि यह सफलता विद्यालय परिवार, शिक्षकों, बच्चों, अभिभावकों और मिड-डे मील कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। शिक्षक सुनील धीमान को उनके योगदान के लिए पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जा चुका है। यह पुरस्कार बंडोल स्कूल और पूरे कांगड़ा जिले के लिए गर्व का विषय है।

# दियोग्रां को मिली पंचायत भवन की सौगात

## विधायक आशीष ने होलसू सामुदायिक भवन के सुधार कार्य के लिए धनराशि उपलब्ध करवाने की घोषणा



दियोग्रां पंचायत भवन का लोकार्पण करते आशीष। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**अजय पाल, पालमपुर।** विधायक आशीष बुटेल ने विकास खंड पालमपुर की दियोग्रां पंचायत में 5 लाख रुपए की लागत से निर्मित अतिरिक्त पंचायत भवन का लोकार्पण किया। जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों और स्थानीय जनता को इस नई सुविधा के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को स्वच्छ और निर्बाध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 50 हजार लीटर क्षमता वाले वाटर टैंक का निर्माण कार्य पूर्ण कर कार्यशील कर दिया गया है। क्षेत्र की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने की दिशा में बुटेल ने कहा कि दुग्गेल–बनुरी वाया दियोग्रां–बालू–उस्तेहड़ और स्वतंत्रता सेनानी कांशीराम मार्ग के उन्नयन के लिए लगभग 10 करोड़ रुपए का प्राक्कलन तैयार कर नाबार्ड को स्वीकृति के लिए भेजा गया है। उन्होंने स्थानीय निवासियों की मांग पर आंगनबाड़ी केंद्र की मरम्मत, वाड़ु महिला मंडल भवन के जीर्णोद्धार और होलसू सामुदायिक भवन के सुधार कार्य के लिए प्राक्कलन के आधार पर आवश्यक धनराशि उपलब्ध कराने की भी घोषणा की।

# पालमपुर में 1 से 4 मार्च तक आयोजित होगा राज्यस्तरीय होली महोत्सव

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** विधायक आशीष बुटेल ने कहा कि पालमपुर का होली महोत्सव हमारी परंपरा का अभिन्न हिस्सा है। इस महोत्सव से लोगों का भावनात्मक जुड़ाव रहा है। वर्ष 2026 का होली मेला जनभावना के अनुरूप मनाया जाएगा और मेले के सफल आयोजन के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है। यह बात आशीष बुटेल ने राज्यस्तरीय होली मेले को लेकर आत्मा परियोजना के सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। उन्होंने अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी जारी किए। बैठक में जानकारी दी कि होली मेला 1 से लेकर 4 मार्च 2026 आयोजित होगा। 3 मार्च को चंद्रग्रहण के चलते पालमपुर में भी होली 4 मार्च को खेली जाएगी। आशीष बुटेल ने कहा कि पालमपुर होली महोत्सव का अपना विशेष महत्व है। होली महोत्सव सरकार या किसी पार्टी का उत्सव नहीं, बल्कि लोगों की अटूट आस्था का प्रतीक है। सभी के सामूहिक सहयोग से पालमपुर होली के महत्व को आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आयोजन समिति को उत्सव को अधिक भव्य और आकर्षक बनाने के प्रयास करने चाहिए। बुटेल ने कहा कि उत्सव के दौरान लगाई जाने वाली प्रदर्शनियों में सभी विभागों की सहभागिता सुनिश्चित हो और सभी विभाग प्रदर्शनियों के माध्यम से सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का के प्रसार-प्रसार प्रचार को सुनिश्चित करें। विधायक ने कहा कि होली कला मंच रिपेयर के साथ मंच को आकर्षक रूप देने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं ताकि महोत्सव से पूर्व अच्छा मंच तैयार हो। एसडीएम पालमपुर एवं उत्सव समिति के अध्यक्ष डॉ. ओपी यादव ने विधायक का स्वागत किया तथा बैठक की कार्रवाई को संचालित किया। उन्होंने इस अवसर पर पिछले वर्ष का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया और विभिन्न विभागों को धन संग्रह के लिए लक्ष्य पूर्ण करने का आग्रह किया।

# परमवीर चक्र विजेता मेजर सोमनाथ शर्मा को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** विधायक आशीष बुटेल प्रदेश के महान सपूत और देश के प्रथम परमवीर चक्र विजेता मेजर सोमनाथ शर्मा की जयंती पर पालमपुर में श्रद्धांजलि दी। उनके साथ शहीद मेजर सोमनाथ शर्मा की भतीजी राधिका शौनिक ने अपने पूर्वज की वीरता को स्मरण करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए। विधायक आशीष ने कहा कि मेजर सोमनाथ शर्मा का सर्वोच्च बलिदान न केवल पालमपुर और हिमाचल प्रदेश बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि भावी पीढ़ियों को उनके अदम्य साहस और राष्ट्रभक्ति से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस दौरान स्थानीय नगर निगम के महापौर गोपाल नाग और उप महापौर राज कुमार, पार्षदों ने भी शहीद को अपनी श्रद्धांजलि दी। प्रशासनिक स्तर पर नगर निगम की आयुक्त नेत्रा मेती, एसडीएम पालमपुर डॉ. ओपी यादव और तहसीलदार साजन बग्गा ने भी वीर सेनानी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## हैप्पी बर्थडे



पठियार के रुद्रांश को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



सोलन की दिव्यांशी चौहान को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

# अपर लंज में लगाए मेडिकल हेल्थ कैंप में 220 लोगों ने करवाई जांच



पल्स मेडिसिटी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल शाहपुर ने लगाया कैंप। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** पल्स मेडिसिटी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल शाहपुर की ओर से अपर लंज में निशुल्क मेडिकल हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य आम नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

इस शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टरों की ओर से सामान्य स्वास्थ्य जांच, रक्तचाप एवं मधुमेह जांच, निःशुल्क चिकित्सकीय परामर्श तथा आवश्यक दवाइयों का निःशुल्क वितरण किया गया। स्वास्थ्य शिविर में लगभग 220 लोगों ने अपनी स्वास्थ्य जांच कराई और लाभ उठाया। इस दौरान पल्स मेडिसिटी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल शाहपुर के प्रबंध निदेशक डॉ. रिपिन हीरा ने कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्गों के लिए अत्यंत लाभकारी होते हैं और भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। स्वास्थ्य शिविर के सफल आयोजन में पंचायत प्रधान रेखा देवी, पवन कुमार शर्मा, जन्म सिंह गुलेरिया डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ, स्वयंसेवकों एवं स्थानीय प्रशासन का विशेष योगदान रहा। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए आयोजकों का आभार व्यक्त किया।

# 'नमस्ते' योजना के तहत सफाई कर्मियों को बांटी सुरक्षा किटें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला नगर निगम ने नेशनल एक्शन फार मैकेनाइज्ड सैनिटेशन इकोसिस्टम (नमस्ते) योजना के तहत सीवर कर्मचारियों की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने की दिशा में पहल की है। इस पहल के तहत निगम के सफाई कर्मचारियों को सुरक्षा किटें वितरित की गई। हरेक किट में सुरक्षात्मक मास्क, गम बूट, दस्ताने, संपूर्ण कार्य पोशाक और एक सुरक्षा बैग शामिल है। इन सुरक्षा किटों का उद्देश्य सीवर और स्वच्छता संबंधी कार्यों के दौरान बेहतर और सुरक्षित कार्य परिस्थितियां प्रदान करना है। सुरक्षा उपकरणों के उपयोग से सीवर कर्मचारियों द्वारा सामना किए जाने वाले स्वास्थ्य जोखिमों और व्यावसायिक खतरों को कम करने में मदद मिलेगी। सीवर कर्मियों को ये किटें निगम आयुक्त जफर इकबाल और संयुक्त आयुक्त सुरेंद्र कटोच ने वितरित की। इस दौरान आयुक्त जफर इकबाल ने बताया कि नमस्ते योजना के माध्यम से निगम सीवर कर्मचारियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और सम्मान की रक्षा करने के अपने संकल्प को दोहराता है।

# विधायक भवानी ने की एचपी शिवा परियोजना की प्रगति की समीक्षा

अनंत ज्ञान

**रविंद्र चौधरी, फतेहपुर।** कांगड़ा जिले के फतेहपुर में एचपी शिवा परियोजना की प्रगति की समीक्षा को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। इसमें फतेहपुर विधायक एवं राज्य योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) भवानी सिंह पठानिया के साथ परियोजना की प्रगति, फील्ड स्तर की समस्याओं तथा आगामी कार्ययोजना को लेकर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता परियोजना निदेशक एचपी शिवा डॉ. देवेंद्र सिंह ठाकुर ने की। भवानी सिंह पठानिया ने कहा कि एचपी शिवा परियोजना क्षेत्र के किसानों के लिए आय के नए अवसर खोलने वाली योजना है।

बैठक में संयुक्त निदेशक, हिमाचल प्रदेश उद्यान विभाग डॉ. कमलशील नेगी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने परियोजना की कार्यप्रणाली, फील्ड स्तर पर चल रहे कार्यों तथा किसानों की सहभागिता पर जोर दिया। संयुक्त निदेशक डॉ. कमलशील नेगी ने कहा कि एचपी शिवा परियोजना राज्य सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य बागवानी क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों को बढ़ावा देकर किसानों की आय में स्थायी वृद्धि करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि फील्ड स्तर पर किसानों से निरंतर संवाद बनाए रखें तथा गुणवत्तापूर्ण पौधरोपण, तकनीकी मार्गदर्शन एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। परियोजना से संबंधित फर्मों के प्रतिनिधियों ने फील्ड स्तर पर किए जा रहे कार्यों, तकनीकी प्रगति एवं समयबद्ध क्रियान्वयन को लेकर अपने सुझाव साझा किए। बैठक में निर्णय लिया गया कि एचपी शिवा परियोजना के अंतर्गत 200 हेक्टेयर क्षेत्र को विकास के लिए चयनित किया जाएगा, जिससे क्षेत्र में हरित आवरण बढ़ेगा और किसानों को वैकल्पिक आय के अवसर प्राप्त होंगे। अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. देवेंद्र सिंह ठाकुर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परियोजना के सभी कार्य पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ पूरे किए जाएं।

# जिले में पूरे फरवरी माह में लगेंगे आयुष्मान आरोग्य शिविर: सीएमओ

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा जिले में आम जनता को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से फरवरी माह के दौरान आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी विवेक करोल ने बताया कि शिविरों में 14 वर्ष से अधिक आयु के सभी नागरिक स्वास्थ्य जांच करवा सकते हैं। 2 फरवरी महाकाल ब्लॉक के जिखली बैठ, 3 फरवरी को महाकाल ब्लॉक के भट्टू में, 4 को ज्वालामुखी ब्लॉक के हीरन में, 5 को ज्वालामुखी ब्लॉक के शिहारेपाईं में, 6 को तियारा ब्लॉक के बीरता में, 7 को भवारना ब्लॉक के आंगनबाड़ी केंद्र परौर खास में, 9 को शाहपुर ब्लॉक के मनेड में, 10 को नगरोटा बगवां ब्लॉक के वराई में, 11 को शाहपुर ब्लॉक के रामनगर में शिविर लगाए जाएंगे। इसके अलावा 13 फरवरी को तियारा ब्लॉक के घुरखड़ी खास में, 16 को नूरपुर ब्लॉक के छतरोली मठोली में, 17 को नूरपुर ब्लॉक के रोड़ अघर में, 18 को शाहपुर ब्लॉक के रेहलू खास, 19 को शाहपुर ब्लॉक के अप्पर अंसुई में, 20 को थुरल ब्लॉक के लोअर लंबागांव में, 21 को थुरल ब्लॉक के जगरूप नगर में, 23 गोपालपुर ब्लॉक के अवेरी में, 24 को गोपालपुर ब्लॉक के घुग्गर में, 25 नगरोटा सूरियां ब्लॉक के बाग में, 26 को नगरोटा सूरियां ब्लॉक के धियाल में, 27 को नगरोटा बगवां ब्लॉक के तंगरोटी खास में तथा 28 फरवरी को नगरोटा बगवां ब्लॉक के मझेटली उपरली में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

# कांग्रेस सरकार ने युवाओं के साथ किया विश्वासघात: परमार

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** पूर्व मंत्री एवं विधायक विपिन सिंह परमार ने सुलह विधानसभा क्षेत्र के धीरा चंबी और पनापर में जन संपर्क अभियान में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार सत्ता में आने से पहले किए गए अपने वादों से न केवल मुकर चुकी है, बल्कि आज उसकी नीतियां और फैसले यह साबित कर रहे हैं कि यह सरकार युवाओं, गरीबों और मेहनतकश वर्ग के साथ विश्वासघात की राजनीति कर रही है। प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को चुनावों से पहले 58 वर्ष तक पक्की नौकरी देने का जो दावा बड़े–बड़े मंचों से किया गया था, वह आज पूरी तरह से झूठ और छलावा साबित हो चुका है। आगे उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग, हमीरपुर द्वारा जारी हालिया सरकारी विज्ञापन ने कांग्रेस सरकार के इस झूठ को उजागर कर दिया है। अंग्रेजी और गणित विषय के 312–312 पदों के नाम पर जो सच्चाई सामने आई है। वह युवाओं के भविष्य के साथ मजाक है। इन पदों में एक भी पद स्थायी नहीं है, केवल 10 माह की अस्थायी नियुक्ति और मात्र 30,000 प्रतिमाह का निश्चित मानदेय निर्धारित किया है। इस अस्थायी व्यवस्था को छिपाने के लिए इसे बड़े ही योजनाबद्ध ढंग से पेशेवर शिक्षक के रूप में संविदा आधारित नियुक्ति की उप योजना का नाम दे दिया गया है। उन्होंने सवाल किया कि न भविष्य की सुरक्षा और न ही नौकरी की स्थिरता–तो इसे रोजगार कैसे कहा जा सकता है? यह रोजगार नहीं, बल्कि बेरोजगार युवाओं के सपनों के साथ खुली ठगी है। भारतीय जनता पार्टी यह स्पष्ट करना चाहती है कि जी राम जी योजना मजदूर के अधिकार से जुड़ी योजना है। प्रदेश की जनता सब देख रही है और समय आने पर लोकतांत्रिक तरीके से इसका जवाब भी देगी।

# लोगों की समस्याओं का तुरंत किया जाए निष्पादन : बाली



लोगों की समस्याओं को सुनते कैबिनेट रैंक मंत्री आरएस बाली। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**नगरोटा बगवां।** हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष व पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) आरएस बाली ने शनिवार को लोगों की समस्याओं को सुना। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं का निष्पादन अविलंब सुनिश्चित होना चाहिए।

इस मौके पर विभिन्न विभागों के अधिकारी उनके साथ मौजूद रहे। उन्होंने अधिकतर समस्याओं का मौके पर निपटारा किया और अन्य के लिए अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिए। उन्होंने गत दिवस नगरोटा में किया जा रहे विकासात्मक कार्यों का निरीक्षण भी किया। बाली अधिकारियों के साथ विभिन्न विकासात्मक कार्य स्थलों पर पहुंचे और उन्होंने कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निश्चित समय के अंदर इन सभी कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा नगरोटा विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रुपए के विकासात्मक कार्य किए जा रहे हैं इन विकासात्मक कार्यों के पूरा हो जाने के बाद यह सभी कार्य विकास की गाथा के स्वयं साक्षी बनेंगे।

# नशे की रोकथाम को लेकर संगठित प्रयासों की है जरूरत : एडीएम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा जिले में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए एक व्यापक और समन्वित अभियान चलाने की आवश्यकता है। नशे की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, अन्य संबंधित सरकारी विभागों के साथ–साथ क्षेत्र में कार्यरत गैर सरकारी संस्थाओं और आम समाज को संगठित रूप से कार्य करना होगा। यह बात एडीएम शिल्पी बेक्टा ने राष्ट्रीय नार्को समन्वय पोर्टल (एनसीओआरडी) की जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। उपायुक्त कार्यालय परिसर स्थित एनआईसी सभागार में आयोजित बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएनटीएफ) राजेंद्र जसवाल भी उपस्थित रहे। एडीएम शिल्पी ने कहा कि नशे की रोकथाम के लिए जिले में एक पूर्णतः समर्पित जन–जागरूकता अभियान चलाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभाग तथा गैर सरकारी संस्थाएं आपसी समन्वय से जागरूकता सामग्री तैयार करें। उन्होंने नशे के आदी व्यक्तियों तथा संभावित आसक्त युवाओं के लिए अलग–अलग जागरूकता सामग्री विकसित करने पर बल दिया, ताकि प्रत्येक वर्ग को उसकी स्थिति के अनुरूप प्रभावी ढंग से जागरूक किया जा सके। एडीएम ने निर्देश दिए कि जिले में चल रहे निजी नशा निवारण एवं पुनर्वास केंद्रों का नियमित और निरंतर निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि स्कूल स्तर पर नशे के दुष्प्रभावों को लेकर गंभीर प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने जानकारी दी कि नशे से संबंधित शिकायतों के लिए 1933 टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर प्रभावी रूप से कार्यरत है, जिस पर कोई भी व्यक्ति गोपनीय रूप से सूचना दे सकता है।

# अनुशासन और कठिन परिश्रम से हासिल होते ऊंचे लक्ष्य : पठानिया

## ◆ एसआरएम पब्लिक स्कूल हारचक्कियां के होनहार नवाजे

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** विधानसभा उपमुख्य सचेतक एवं शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक केवल सिंह पठानिया ने शनिवार को एसआरएम पब्लिक स्कूल हारचक्कियां में आयोजित वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। पठानिया ने कहा कि युवा पीढ़ी का बेहतर भविष्य गुणवत्तायुक्त शिक्षा पर निर्भर करता है। कठिन परिश्रम और अनुशासन से ही जीवन में ऊंचे लक्ष्य प्राप्त किए जा सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि छात्र जीवन में परिश्रम और अनुशासन की आदत डालनी चाहिए, जिससे इसका लाभ जीवन भर मिलता है।

उन्होंने बच्चों को अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित कर उसी के अनुरूप प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने की सलाह दी। इससे पहले स्कूल के एमडी ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया तथा स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। पठानिया ने शिक्षा, सांस्कृतिक एवं खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। उन्होंने बच्चों की सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रोत्साहन के लिए अपनी और से 51 हजार रुपए देने की भी घोषणा की। इससे पूर्व उपमुख्य सचेतक एवं विधायक केवल सिंह पठानिया ने वन विभाग, विश्राम गृह लपियाणा का निरीक्षण किया और वहां उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। वहीं, विधानसभा उपमुख्य सचेतक एवं विधायक केवल सिंह पठानिया व उपस्थित लोगों ने समारोह के दौरान, हिमाचल प्रदेश के महान सपूत एवं देश के प्रथम परमवीर चक्र विजेता मेजर सोमनाथ शर्मा की जयंती के अवसर पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान सभी ने उनके अदम्य साहस, वीरता और बलिदान को स्मरण किया। मेजर सोमनाथ शर्मा ने वर्ष 1947 के भारत–पाक युद्ध के दौरान श्रीनगर हवाई अड्डे की रक्षा करते हुए दुश्मन के आक्रमण का वीरतापूर्वक सामना किया और मातृभूमि की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति दी थी।

# कांग्रेस के पुराने भ्रम टूटे आम आदमी की ताकत मोबाइल में कैद: विनोद

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** परागपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष विनोद शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की पुरानी राजनीति जहां योजनाओं के नाम पर पारिवारिक दबदबा दिखाकर जनता को गुमराह किया जाता था अब खत्म हो चुकी है। अब आम आदमी भी एंड्रॉयड फोन और ऑनलाइन डेटा के जरिए सही–गलत पहचान लेता है, और भ्रम फैलाना अब मज़ाक के अलावा कुछ नहीं। शर्मा ने कहा कि मनरेगा में बदलाव आम आदमी की तकदीर बदलने वाला साबित हो रहा है। जहां पहले 100 दिन का रोजगार मिलता था, अब 125 दिन का काम मिलेगा। मजदूरी की अवधि भी 15 दिन की बजाय सिर्फ 7 दिन में दी जाएगी। साथ ही, अगर किसी कारणवश भुगतान देर से होता है, तो ब्याज सहित राशि मिलना तय है। उन्होंने कांग्रेस पर सीधे कटाक्ष किया कि वे फंडिंग के मामले में भ्रम फैला रही है। शर्मा बोले पहले कहते थे कि सारा पैसा केंद्र से आता था और अब राज्य को 10 प्रतिशत देना पड़ेगा।

# विधायक कमलेश ने मूहल पंचायत में किया पीएचसी का शुभारंभ

अनंत ज्ञान



विधायक कमलेश का किया स्वागत। अनंत ज्ञान

**शिव गुलेरिया, देहरा।** देहरा विधानसभा क्षेत्र की विधायक कमलेश ठाकुर ने मूहल पंचायत का दौरा कर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का शुभारंभ किया। उन्होंने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि मूहल मे पीएचसी के शुरू होने से पंचायत मूहल सहित आसपास की 10 पंचायतों के लगभग 14 हजार लोग लाभान्वित होंगे। इस केंद्र के आरंभ होने से मूहल पंचायत सहित आसपास के गांवों के लोगों को प्राथमिक उपचार, नियमित स्वास्थ्य जांच, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं तथा अन्य आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं अपने क्षेत्र में ही उपलब्ध होंगी, जिससे उन्हें दूर–दराज के अस्पतालों में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

विधायक ने कहा कि मूहल में आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी खोलने के लिए स्वास्थ्य विभाग उपलब्ध भूमि में से पर्याप्त भूमि आयुष विभाग के नाम करेगा। मूहल गौशाला के पास सोलर प्रोजेक्ट लगाया जा रहा है, जिससे ग्राम पंचायत को आय का सीधा लाभ होगा और पंचायत अपने स्तर पर विभिन्न विकास कार्य करवा सकेगी। कमलेश ने कहा कि देहरा विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 98 करोड़ रुपए की राशि बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए स्वीकृत की गई हैं। उन्होंने स्थानीय लोगों की समस्या भी सुनी और अधिकतर समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया और शेष समस्या को संबंधित विभागों को समाधान के लिए निर्देश दिए।

# धर्मशाला में सड़क पार कर रही महिला को वाहन ने मारी टक्कर, घायल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पुलिस थाना धर्मशाला के तहत वाहन की टक्कर में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार, केसीसी बैंक के पास एक वाहन ने मूल रूप से छत्तीसगढ़ की तथा धर्मशाला में रह रही महिला को उस समय टक्कर मार दी, जब वह सड़क पार कर रही थी। दुर्घटना में घायल हुई महिला को उपचार के लिए जोनल अस्पताल धर्मशाला में ले जाया गया है। पुलिस ने इस संदर्भ में पुलिस थाना धर्मशाला में दर्ज किया गया है। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने मामले की पुष्टि की है।

# पालमपुर शहर में सार्वजनिक शौचालय बना सिरदर्द, दुकानदार परेशान: संजीव सोनी

अनंत ज्ञान

**पालमपुर।** संयुक्त व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजीव सोनी ने शहर के बीचों–बीच एंबेसी स्वीट्स के सामने मस्जिद गली के मुहाने पर बने सार्वजनिक शौचालय की बदहाल स्थिति पर गहरी नाराज़गी जताई है। उन्होंने कहा कि यह शौचालय दुकानदारों और राहगीरों के लिए गंभीर समस्या बन चुका है।

इस मुद्दे पर कई बार समाचार प्रकाशित होने के बावजूद नगर निगम पालमपुर की ओर से कोई स्थायी समाधान नहीं किया जा रहा। कभी–कभार एक सप्ताह के लिए सफाई और मरम्मत का दिखावटी अभियान चलाया जाता है, लेकिन उसके बाद हालात फिर पहले जैसे या उससे भी बदतर हो जाते हैं। संजीव ने सवाल उठाया कि क्या नगर निगम के फील्ड स्टाफ की जिम्मेदारी नहीं बनती कि वह सप्ताह में कम से कम एक–दो बार सार्वजनिक शौचालयों का निरीक्षण करे और उनकी नियमित सफाई व रखरखाव सुनिश्चित करे। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर निगम अधिकारी अपने लिए सुविधाजनक शौचालय बनवाते हैं, लेकिन टैक्स देने वाले दुकानदारों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जाता। नगर निगम यदि खुद को 'स्वच्छ शहर' कहता है, तो उसे जमीनी हकीकत भी देखनी चाहिए।

# ग्राम पंचायतों में थमी विकास की रफ्तार, अब नए प्रतिनिधि देंगे गति

## पंचायत प्रतिनिधि भार मुक्त, पंचायत समितियों के अध्यक्ष व सदस्य सचिव नियुक्त

अनंत ज्ञान

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** जिला परिषद, पंचायत समितियों के साथ पंचायत प्रतिनिधियों का कार्यकाल का शनिवार को आखिरी दिन था। जिला के सभी पंचायत प्रतिनिधि भार मुक्त हो गए हैं और विकास कार्यों की रफ्तार भी पंचायत चुनावों तक धीमी रहेगी। ऐसा नहीं है कि पंचायतों में विकास कार्य नहीं होंगे प्रदेश सरकार ने इसके लिए चेयरमैन और सदस्य सचिवों की नियुक्ति भी कर दी है। अब जो भी विकास कार्यों के बजट का प्रावधान चेयरमैन और सदस्य सचिव करेंगे।

बता दें कि पंचायत प्रतिनिधियों ने अपने कार्यकाल के अंतिम दिन शनिवार को पंचायत भवन में चाय पार्टी का आयोजन किया। हालांकि कुछ पंचायतों में 19 जनवरी को आयोजित कारेम में ही इस कार्यकाल से विदाई ले ली थी। गौर रहे कि 31 जनवरी के बाद किसी पंचायत में पंचायत प्रतिनिधि की कोई जवाबदेही नहीं है वे सभी भारमुक्त हो गए हैं। प्रदेश सरकार ने जो अधिकारी नियुक्त किए हैं अब वो ही इस व्यवस्था को संभालेंगे। वहीं पंचायत चुनावों को लेकर भी कई प्रतिनिधि तैयारियां में जुट गए हैं। प्रदेश सरकार द्वारा पंचायत चुनावों की तिथि की घोषणा अभी तक नहीं की है, लेकिन अप्रैल माह से पहले यह पंचायत चुनाव करवाए जाएंगे। जिला में 248 पंचायतें हैं इनमें जितने भी पंचायत प्रतिनिधि हैं वे अब भार मुक्त हो गए हैं।

### बधाणी पंचायत में विकास कार्यों की जांच जारी

**अनंत ज्ञान, जाहू।** बधाणी पंचायत में विकास कार्यों में कथित अनियमितताओं की जांच अब भी जारी है। लोकपाल मनरेगा हमीरपुर मनोज शर्मा ने बताया कि कुछ कार्य मौके पर नहीं पाए गए हैं, लेकिन उनकी तकनीकी रिपोर्ट तलब की गई है ताकि जांच में कोई कमी न रह जाए। उन्होंने कहा कि अमृत सरोवर का निर्माण जेई द्वारा तकनीकी अप्रूवल के आधार पर किया गया था, लेकिन खड्ड किनारे होने के कारण लगभग पांच लाख रुपये से बना यह सरोवर बाढ़ की भेंट चढ़ गया। एसडीएम भोरंज शशिपाल शर्मा ने भी मामले की जांच करते हुए सभी पक्षों की एक पेशी ली और आवश्यक दस्तावेजों और साक्ष्यों को जुटाया। उन्होंने बताया कि तीन फरवरी को फिर से इस मामले की पेशी निर्धारित की गई है। यह मामला करीब चार महीने से लंबित है, जबकि पंचायत का कार्यकाल समाप्त हो चुका है और अब प्रशासकों की नियुक्ति की जानी है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री सेवा संकल्प, उपायुक्त हमीरपुर और बीडीओ टौणीदेवी को शिकायत देकर जांच की मांग की थी। लोकपाल मनरेगा और एसडीएम शशिपाल शर्मा दोनों ने कहा कि तकनीकी रिपोर्ट और पेशियों के आधार पर पूरी जांच की जा रही है। उनका कहना है कि अगले 15-20 दिनों में अंतिम रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेज दी जाएगी, ताकि विकास कार्यों में कथित अनियमितताओं का स्पष्ट निष्कर्ष सामने आ सके।

# बुड्ढा मल ज्वेलर्स की चार दिवसीय एग्जीबिशन शुरू



विधायक की पत्नी स्वाति गहनों को निहारती हुई। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** बुड्ढा मल ज्वेलर्स पालमपुर द्वारा आयोजित चार दिवसीय ज्वेलरी एग्जिबिशन कम सेल का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक आशीष शर्मा की पत्नी स्वाति जार ने किया।

यह ज्वेलरी एग्जीबिशन कम सेल 31 जनवरी से 3 फरवरी तक होटल हमीर में आयोजित की जा रही है। इस एग्जीबिशन में सोने और हीरे के गहनों के नए डिजाइन प्रस्तुत किए गए हैं। इसके अलावा एग्जिबिशन में आने वाले ग्राहकों के लिए कई आफर भी दिए जाएंगे। बुड्ढा मल ज्वेलर्स के एमडी मानिक करवाल ने बताया कि 31 जनवरी से इस एग्जिबिशन का उदघाटन किया गया है। उन्होंने बताया कि सोने और चांदी के बढ़ते और गिरते दामों से उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ेगा। उन्होंने बताया कि हमारा प्रयास है कि हमारी ज्वेलरी हर लोगों तक पहुंच और जो अपना सोना बेचना चाहते हैं उन्हें उसके उचित दाम मिले।

उन्होंने बताया कि इस एग्जिबिशन को आयोजित करने का एक और उद्देश्य है कि आने वाले समय में बुड्ढा मल ज्वेलर्स के शो रूम पूरे हिमाचल प्रदेश में खोले जाएंगे। उन्होंने लोगों से अपील की है कि इस एग्जीबिशन में अवश्य आएं और बुड्ढा मल ज्वेलर्स की ओर से दिए जा रहे ऑफर का फायदा उठाएं।

# न्यूज ब्रीफ

## डुग्घा, लालहड़ी में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर के अंतर्गत मट्टनसिद्ध फीडर में नया जीओ स्विच लगाने के कार्य के चलते एक फरवरी को मट्टनसिद्ध, डुग्घा, पंजाली, साईं अस्पताल, दोसड़का, चोपड़ा कॉलोनी, लालहड़ी, बाईपास, लाहड़, जसौर, बारल, दुगनेड़ी और आस-पास के क्षेत्रों में सुबह 10 से सायं 5 बजे तक बिजली बंद रहेगी। सहायक अभियंता सौरभ राय ने बताया कि अगर एक फरवरी को मौसम खराब हुआ तो जीओ स्विच लगाने का कार्य 8 फरवरी को किया जाएगा।

## उद्घोषित अपराधी पुलिस रिमांड पर भेजा

**अनंत ज्ञान, नादौन।** पुलिस थाना नादौन की टीम ने चोरी के पुराने मामले में फरार उद्घोषित अपराधी रविंद्र कुमार पुत्र रत्तन चन्द, निवासी गांव मालग, डाकघर कांगू नादौन को गिरफ्तार किया है। एसएचओ निर्मल सिंह के नेतृत्व में की गई कार्रवाई के दौरान आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय अदालत के समक्ष पेश किया गया, जहां उसे 4 फरवरी तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। बताया गया कि आरोपी के खिलाफ दिसंबर 2017 में चोरी का मामला दर्ज था और उसे एसीजेएम नादौन द्वारा धारा 379/34 के तहत उद्घोषित अपराधी घोषित किया गया था। इसके अतिरिक्त उसके विरुद्ध धारा 341, 323, 504, 506, 34 आईपीसी के तहत भी गिरफ्तारी वारंट जारी थे। एसपी हमीरपुर बलवीर सिंह ठाकुर ने बताया कि चोरी सहित अन्य अपराधों में फरार चल रहे अपराधियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान लगातार जारी है और कानून से बचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## पेंशन न मिलने पर दिए 31 हजार रुपए

**अनंत ज्ञान, संजीव चौहान, टौणी देवी।** स्वर्ण जयंती राजकीय (उत्कृष्ट) वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी में कार्यरत सेवादार सरोतां देवी ने 14 वर्षों की अंशकालिक तथा साढ़े पांच वर्षों की नियमित सेवा पूर्ण करने के उपरांत सेवानिवृत्ति ग्रहण की। अपने सेवाकाल में उन्होंने निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी से विद्यालय की दैनिक व्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण योगदान दिया। पेंशन की पात्रता न होने पर विद्यालय परिवार ने मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा के नेतृत्व में 31 हजार रुपए की सहयोग राशि भेंट की। इस अवसर पर सादा लेकिन भावपूर्ण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अंतिम घंटी विद्यार्थियों द्वारा सरोतां देवी से बजवाना समारोह का सबसे भावुक क्षण रहा। सरोतां देवी ने विद्यालय परिवार का हृदय से आभार व्यक्त किया।

## लैपटॉप खरीदने का लिया निर्णय

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर विकासखंड की पंचायत पटलांदर का स्वयं सहायता समूह नमन सीएलएफ की बैठक संपन्न हुई जिसमें समूह की पारदर्शिता को लेकर के लैपटॉप खरीदने का निर्णय लिया गया। जिसमें स्वयं सहायता समूह द्वारा कोई भी लेनदेन संबंधी का विवरण इसके माध्यम से दिखाकर पारदर्शिता रहेगी। पंचायत समिति की अध्यक्ष एवं समूह की सचिव आरती कुमारी ने बताया कि ग्रुप को जो भी राशि प्रोत्साहन के रूप में प्राप्त हुई है उस लैपटॉप खरीदने का निर्णय लिया गया है।

## सड़क सुरक्षा के महत्व की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लाहडू में सड़क सुरक्षा पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रातःकालीन सभा में सड़क सुरक्षा क्लब के नोडल अधिकारी नितिन चौधरी ने बच्चों को हेलमेट, सीट बेल्ट और अन्य सुरक्षा नियमों के पालन के महत्व के बारे में जानकारी दी। इसके बाद छात्रों ने पाठशाला से स्थानीय बाजार तक रैली निकालकर नारों के माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य नूतन भारती ने बच्चों को नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर सुषमा ठाकुर, शीतल पटियाल, संजय चौहान सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे।

## साइबर ठगी से सतर्क रहने की अपील की

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** ग्राम पंचायत बनाल में कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड शाखा भलेठ द्वारा वित्तीय एवं डिजिटल जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कांगड़ा बैंक के सहायक प्रबंधक अनुज ठाकुर व सुरेश कुमार ने उपस्थित ग्रामीणों को डिजिटल बैंकिंग, साइबर सुरक्षा, ऑनलाइन लेन-देन, यूपीआई, एटीएम उपयोग तथा वित्तीय साक्षरता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। उन्होंने लोगों को साइबर ठगी से सतर्क रहने, सुरक्षित डिजिटल लेन-देन अपनाने तथा बैंकिंग सुविधाओं का सही उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। पंचायत प्रतिनिधियों ने बैंक के इस प्रयास की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता बताई।

## सेवानिवृत्त शिक्षक बच्चों को सिखा रहे योग

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** सेवानिवृत्त शिक्षक जगतपाल खजूरिया, जिन्होंने शिक्षा विभाग में 33 वर्षों तक सेवाएं दीं, अब बच्चों को योग और नैतिक शिक्षा के माध्यम से मार्गदर्शन कर रहे हैं। वे कक्षा पहली से बारहवीं तक के विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली, संस्कार और नशे के खतरों के प्रति जागरूक करते हैं। अब तक उन्होंने जिला हमीरपुर, बिलासपुर, ऊना और मंडी के करीब 2000 स्कूलों में निःशुल्क शिक्षा प्रदान की है। शनिवार को गुड डे पब्लिक हाई स्कूल, रैली जजरी में उन्होंने विद्यार्थियों को योग, संस्कार और नशे से दूर रहने की अहमियत समझाई। विद्यालय प्रबंधन ने उनकी निस्वार्थ सेवा और योगदान के लिए उन्हें सम्मानित किया।

## मैरी क्यूरी के विज्ञान में योगदान पर व्याख्यान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजराजेश्वरी शिक्षा महाविद्यालय भोटा में सहायक प्रोफेसर डॉ. मनोज कुमार ने फैकल्टी एक्सटेंशन लेक्चर के तहत महान वैज्ञानिक मैरी क्यूरी की जीवन गाथा पर विस्तार से व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि मैरी क्यूरी ने फिजिक्स और केमिस्ट्री में महत्वपूर्ण योगदान दिया और दो नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने वाली पहली महिला रही हैं। रेडियोधर्मिता के सिद्धांत और रेडियम की खोज उनके नाम से जुड़ी हैं। व्याख्यान में उनके प्रयोगों, चिकित्सा विज्ञान में योगदान और रेडियोएक्टिविटी से जुड़ी जानकारियाँ साझा की गईं। अंत में सहायक प्रोफेसर तनुजा ने डॉ. मनोज कुमार का धन्यवाद किया। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. राज कुमार धीमान, बीएड और डीएलएड के छात्र तथा संपूर्ण स्टाफ उपस्थित रहे।

## अमिता ने 86 प्रतिशत अंक लेकर मारी बाजी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला की ओर से घोषित डीएलएड प्रथम और द्वितीय वर्ष के परीक्षा परिणाम में राज राजेश्वरी शिक्षा महाविद्यालय भोटा का परिणाम शत प्रतिशत रहा। डीएलएड द्वितीय वर्ष (बैच 2023-25) में अमिता ने 86 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, शमी ने 85 .63 प्रतिशत के साथ द्वितीय और सौरभ कौंडल ने 84.04 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं प्रथम वर्ष (बैच 2024-26) में ऋतिका ने 85.16 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम सविता कुमारी ने 84.75 प्रतिशत के साथ द्वितीय और रंजना देवी ने 84.66 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधक निदेशक मंजीत सिंह डोगरा, कॉलेज सचिव कुलबीर ठाकुर, प्रधानाचार्य डॉ. राज कुमार धीमान एवं समस्त स्टाफ ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## एसडीएम ने विजेता बच्चों को किया सम्मानित

**अनत ज्ञान, नादौन।** डीएवी भड़ोली में कक्षा पहली और दूसरी के बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए वार्षिक खेलकूद समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीएवी गान और अनुशासित मार्च-पास्ट से हुआ, जिसमें बच्चों ने खेल ध्वज को सलामी दी। मुख्य अतिथि एसडीएम ज्वालामुखी डॉ. संजीव कुमार ने बच्चों को खेलों के महत्व और शारीरिक व मानसिक विकास में योगदान के बारे में बताया। उन्होंने शानदार प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कक्षा पहली और दूसरी की लिली रेस, कपल रेस और लोटस प्रतियोगिताओं में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेताओं में यशवी, शोयव, आराध्या, हर्षित, सानविका, रंश, वैष्णवी, शौर्य और अन्य शामिल रहे। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य सुरजीत कुमार राणा सहित सभी शिक्षकगण उपस्थित थे।

## उद्यान विभाग की योजनाओं की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उद्यान विभाग हमीरपुर ने एकदिवसीय कैंप गांव मटाहणी में लगाया गया जिसमें डॉ विकास और एचडीएमओ आशा धीमान ने अपने विभाग की सारी जानकारी लोगों को दी। इस कैंप में 25 महिलाओं ने भाग लिया और साथ में एक-एक पौधा पलम का भी दिया गया। यह सारी जानकारी उपाध्यक्ष पंचायत समिति संजीव शर्मा बीडीसी दड़ूही ने दी। संजीव शर्मा ने सरकार का सरकारी कैलेंडर हर महिला को दिया और सुखविंदर सिंह सुख सरकार की योजनाओं की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि सरकार की हर योजना पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना मेरा दायित्व है और मैं बखूबी निभा रहा हूं।

# 21 पंचायतों की 65 होनहार बेटियों व उनके अभिभावकों को किया सम्मानित



वधायक कैप्टन रंजीत राणा सम्मानित करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** बेटियां समाज का गौरव और सभ्यता की अमूल्य धरोहर हैं। शिक्षित, आत्मनिर्भर और सशक्त बेटियां ही एक मजबूत और समृद्ध राष्ट्र की नींव होती हैं। यह विचार सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक कैप्टन रंजीत राणा ने माता टौणी देवी मंदिर प्रांगण में आयोजित प्रेरक संवाद एवं सम्मान समारोह के दौरान व्यक्त किए। यह कार्यक्रम बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत सीडीपीओ टौणी देवी एवं जिला बाल संरक्षण अधिकारी हमीरपुर के सहयोग से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में विकासखंड बमसन की 21 पंचायतों से विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाली 65 चैंपियन बेटियों और उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। विधायक राणा ने बेटियों से अपनी उपलब्धियों का समाज हित में उपयोग करने, बाल विवाह व बाल मजदूरी जैसी कुरीतियों के उन्मूलन तथा वंचित वर्गों तक सरकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समानता और सम्मान पर आधारित समाज ही प्रगति कर सकता है। इस अवसर पर चैंपियन बेटियों को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र, शाल एवं प्रेरक पुस्तकें प्रदान की गईं। साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं ने मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष में ₹25,000 का योगदान दिया। कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्षा श्रीमती बबली देवी, वीडीओ बमसन वैशाली शर्मा एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

## मनरेगा से गांधी का नाम हटाना-जोड़ना घटिया राजनीतिः प्रेम कौशल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** कांग्रेस ने भाजपा नेताओं के मनरेगा विरोध प्रदर्शनों को केवल राजनीतिक औपचारिकता और सत्ता में अपनी छवि चमकाने की कोशिश बताया। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता प्रेम कौशल ने कहा कि मनमोहन सिंह सरकार द्वारा बनाया गया मनरेगा कानून रोजगार और ग्रामीण विकास का ऐतिहासिक अधिकार प्रदान करता है। इसके तहत नारी सशक्तिकरण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली। कौशल ने आरोप लगाया कि भाजपा ने इस कानून को कमजोर कर ग्रामीण आत्मा पर चोट की है और कांग्रेस इसे बचाने के लिए आंदोलन कर रही है। कौशल ने कहा कि भाजपा केवल गांधी की समाधि पर सिर झुकाती है, लेकिन मानसिकता गोडसे की है। मनरेगा से गांधी का नाम हटाना और राम का नाम जोड़ना घटिया राजनीति है। उन्होंने इसे शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण बताया, क्योंकि गांधी ने जीवन में हमेशा प्रभु राम का उच्चारण किया और उनके आदर्शों का सम्मान करना चाहिए।

# सुजानपुर विस क्षेत्र के सभी लोग मेरा परिवार : राणा

## कहा-राष्ट्रीय राजमार्ग से प्रभावित लोगों को प्रताड़ित करना नहीं होगा सहन

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता और सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने दो टूक कहा कि सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आते सभी क्षेत्रों और गांवो के लोग मेरे परिवार के सदस्य हैं और उनके हितों से खिलवाड़ किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह ब्यान राजेंद्र राणा ने शनिवार को टौणी देवी के अप्पर दरोगण गांव के लोगों के समक्ष दिया।

इस गांव के लोग कुछ अरसे से राष्ट्रीय राजमार्ग 03 के निर्माण कार्य में जुटी कंपनी द्वारा गांव के बंद किए रास्ते और लिंक रोड को बहाल करने की मांग को लेकर निर्माण अधीन कंपनी, एनएचएआई और जिला प्रशासन से मांग कर रहे हैं। राजेंद्र राणा तक जब उनकी परेशानियां पहुंची तो वह लोगों के बीच पहुंचे और इसका जल्द समाधान करवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन कंपनी द्वारा पिछले करीब 5 वर्षों से शुरू किए गए इस राजमार्ग के कार्य से सुजानपुर समेत भोरंज, धर्मपुर क्षेत्र के हजारों लोग परेशानियां झेल रहे हैं। उन्होंने



टौणी देवी में राजेंद्र राणा लोगों की समस्याएं सुनते हुए। अनंत ज्ञान

कहा कि बतौर विधायक उन्होंने विधानसभा में भी इस मसले को प्रमुखता से उठाया था। इसके साथ ही यहां के लोगों को राजमार्ग कार्य से परेशानियां न हों इसके लिए समय-समय पर उन्होंने निर्माणाधीन कंपनी, एनएचएआई मोर्थ और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की थी। उन्होंने कंपनी को दो टूक चेताया कि यहां के लोगों के बंद किए रास्ते और लिंक रोड को बहाल कर, लोगों की मलकियत भूमि और फसली खेतों में उडेली मिट्टी को उठाने एवं अन्य मांगों को जल्द पूरा करें। उन्होंने कहा कि वह मसले को पीडब्ल्यूडी मंत्री, एनएचएआई, और दिल्ली तक ले जाएंगे। इस दौरान उन्होंने निर्माणधीन कंपनी के सुपरवाइजर को फोन कर यहां के लोगों की समस्याओं जल्द निदान करने बारे कहा, इस पर सुपरवाइजर ने लोगों की समस्याओं का जल्द निदान करने बारे आश्वासन दिया गया। उन्होंने पुलिस चौकी टौणी देवी में तैनात पुलिस कर्मियों को इस गांव के लोगों की समस्याओं को सुनने और उनके हितों की पैरवी करने बारे कहा गया। बता दें कि यहां के लोगों ने पुलिस चौकी टौणी देवी में तैनात पुलिसकर्मियों पर उन्हें डराने धमकाने के आरोप लगाए थे।

## प्राथमिक अस्पताल भरेड़ी में डेंटल सुविधाओं का अभाव

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भरेड़ी में डेंटल डॉक्टर की नियुक्ति होने के बावजूद मूलभूत सुविधाओं के अभाव के कारण क्षेत्रवासियों को दांतों के इलाज के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि अस्पताल में दांतों की जांच व उपचार के लिए उपयोग में लाई जा रही डेंटल कुर्सी अत्यंत पुरानी हो चुकी है, जिससे आधुनिक तरीके से उपचार संभव नहीं हो पा रहा है। इसके अलावा ब्लड प्रेशर जांच के लिए नई मशीन तथा अन्य जरूरी उपकरणों की भी सख्त आवश्यकता है। ग्रामीणों ने अस्पताल में डेंटल विभाग से जुड़ी सभी मूलभूत सुविधाएं शीघ्र उपलब्ध करवाने की मांग की है। इसके साथ ही क्षेत्रवासियों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भरेड़ी में रात्रि चिकित्सा सुविधा शुरू करने की भी मांग उठाई है। इस संबंध में ग्रामीणों कुलदीप परवाना, सुदेश कुमार, राजीव, संजय शर्मा, सुनील शर्मा, संतोष कुमार, राजेश शर्मा, विपुल, राकेश, संध्या, रेखा देवी, अनिता शर्मा, ममता शर्मा सहित अन्य ने भोरंज के विधायक सुरेश कुमार से आग्रह किया है कि अस्पताल में जल्द से जल्द सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं। वहीं इस विषय पर भरेड़ी अस्पताल के डॉ. वेंकटश्वर ने बताया कि पिछले दो वर्षों से डेंटल कुर्सी सहित अन्य आवश्यक उपकरणों की मांग उच्च अधिकारियों के समक्ष की जा रही है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है।

## रंगस में जिलास्तरीय टीएलएम प्रतियोगिता का सफल आयोजन

# सैफ मोहम्मद और इंदु बाला ने मारी बाजी



शिक्षकों की जिलास्तरीय टीएलएम प्रतियोगिता का सफल आयोजन हुआ। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** जिला हमीरपुर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रंगस में समग्र शिक्षा और भारती एयरटेल फाउंडेशन के सहयोग से ईआरए अवॉर्ड्स के तहत शिक्षकों की जिला स्तरीय टीएलएम प्रतियोगिता का सफल आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य शिक्षकों में नवाचार, रचनात्मकता और प्रभावी शिक्षण सामग्री के विकास को बढ़ावा देना था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कमल किशोर भारती, उप निदेशक प्रारंभिक शिक्षा और विशिष्ट अतिथि जिला विज्ञान पर्यवेक्षक राजेश गौतम उपस्थित रहे। विशेष निर्णायक किरण बाला और भारती एयरटेल फाउंडेशन के संदीप गुप्ता भी कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रतियोगिता में शिक्षकों ने अपने-अपने विषयों से संबंधित नवाचारी टीएलएम मॉडल प्रस्तुत किए। मूल्यांकन नवाचार, उपयोगिता, विषयवस्तु की स्पष्टता और कक्षा में प्रभावशीलता के आधार पर किया गया।

प्राथमिक वर्ग में प्रथम स्थान सैफ मोहम्मद (जीसीपीएस बलदूहक), द्वितीय शशि चौहान (जीपीएस बन्न), तृतीय अंजू कुमारी (जीपीएस दख्योर) रहे। उच्च प्राथमिक/माध्यमिक वर्ग में प्रथम स्थान इंदु बाला (जीएमएस मंडियानी), द्वितीय विनीत कुमार (जीएमएस थाना दारोग़ा), तृतीय सविता कुमारी (जीएसएसएस रंगस) ने प्राप्त किया। मुख्य अतिथि और अतिथियों ने शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की और कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां शिक्षण को रोचक और परिणामकारी बनाती हैं। अंत में विजेता शिक्षकों को सम्मानित किया गया और सभी प्रतिभागियों को नवाचार के लिए प्रेरित किया गया।

## पक्का भरो में दो व्यक्तियों से 5.53 ग्राम चिट्टा बरामद, तीन दिन का मिला रिमांड

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नशा तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना सदर हमीरपुर पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। रात्रि गश्त के दौरान पक्का भरो क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने दो व्यक्तियों को काबू किया। पुलिस ने दो व्यक्तियों से पूछताछ की तो उन्होंने अपना नाम बबलू पुत्र प्रेम सिंह निवासी गांव पट्टा, तहसील कसौली, जिला सोलन तथा राज कुमार पुत्र चरण सिंह निवासी प्रतापनगर, हमीरपुर बताया। पुलिस ने इन दोनों की तलाशी ली तो इनके कब्जे से 5.53 ग्राम चिट्टा बरामद किया। पुलिस अधीक्षक बलवीर सिंह ने बताया कि पुलिस ने शनिवार को इन दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। थाना सदर पुलिस द्वारा नशे के नेटवर्क को तोड़ने हेतु गहन जांच जारी है।

## जम्मू-कश्मीर ने पहली पारी में 771 रन बनाकर हिमाचल से 603 रन की ली बढ़त

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन के अटल बिहारी वाजपेयी क्रिकेट स्टेडियम में रणजी ट्रॉफी में जम्म- कश्मीर की टीम ने पहली पारी खेलते हुए शनिवार को 387 रन से आगे खेलते हुए 182.1 ओवर में शानदार 771 रन बनाकर पहली पारी में 603 रन की शानदार बढ़त हासिल कर ली है। बल्लेबाज अबिद मुस्तैक ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 177 रन बनाए। कन्हेया बधावन ने 110,युद्यवीर ने 65 तथा आकिव नबी ने 54 रन बनाए। यह जानकारी देते हुए जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महासचिव अनिल भाटिया व क्रिकेट स्टेडियम नादौन के प्रभारी संजय ठाकुर टिंका ने बताया कि हिमाचल की टीम की ओर से गेंदबाज रोहित ने 4, देवेश ने 3, अभिमन ने 2 तथा आकाश ने 2 विकेट ली।

**जानकारी** साल 2026 के अंत तक वाहन चालकों और राहगीरों को मिलेगी सुविधा

# लिंडी खड्ड पर 3.78 करोड़ से बनेगा नया पुल

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** उपमंडल भोरंज के तहत बस्सी से तताहर वाया भरड़ी सड़क पर स्थित लीडी खड्ड पर 3 करोड़ 78 लाख रुपये की लागत से तीसरे नए पुल का निर्माण किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रस्तावित यह पुल क्षेत्र में यातायात सुविधा को और सुदृढ़ करेगा। इससे पहले इसी सड़क पर दो पुलों का निर्माण किया जा चुका है, जबकि अब बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए तीसरे पुल की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। नए पुल की लंबाई 38.33 मीटर और चौड़ाई 11 मीटर निर्धारित की गई है।

वर्तमान में यहां मौजूद पुराना पुल काफी संकरा है, जिससे वाहनों की आवाजाही में परेशानी होती है। नए पुल के निर्माण से वाहन चालकों और राहगीरों को सुगम, सुरक्षित और निर्बाध यातायात सुविधा मिल सकेगी। लोक निर्माण विभाग द्वारा पुल निर्माण कार्य शुरू



लिंडी खड्ड पर नए पुल का कार्य जारी। अनंत ज्ञान

करने से पहले यातायात को बाधित होने से बचाने के लिए वैकल्पिक सड़क का निर्माण भी आरंभ कर दिया गया है।

फगोटा गांव के समीप इस वैकल्पिक सड़क पर जेसीबी मशीनों की मदद से कार्य प्रगति पर है, ताकि पुराने पुल को तोड़े जाने के दौरान लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। यह सड़क बस्सी से तताहर को जोड़ने वाली लगभग 11 किलोमीटर लंबी महत्वपूर्ण सड़क है, जो भोरंज और सरकाघाट विधानसभा क्षेत्रों की करीब तीन दर्जन पंचायतों को आपस में जोड़ती है।

इस मार्ग पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में वाहनों की आवाजाही होती है, जिससे पुल की चौड़ाई बढ़ाना समय की मांग बन गई थी। लोक निर्माण विभाग के अनुसार नए पुल का निर्माण कार्य आधुनिक तकनीक से किया जाएगा, जिससे यह अधिक मजबूत और टिकाऊ होगा। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि इस परियोजना के पूर्ण होने के बाद क्षेत्र के लोगों को बेहतर सड़क सुविधा मिलेगी और भविष्य में यातायात संबंधी समस्याओं से राहत मिलेगी।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी सड़क के विस्तार कार्य के तहत चन्दरूही और डली के पास तीन नए पुलों का निर्माण किया जा चुका है, जबकि डली से सिर खड्ड और नगरोटा गज्जियां में चौथ खड्ड पर नए पुल का निर्माण कार्य जारी है। इन सभी परियोजनाओं के पूरा होने से वर्ष 2026 के अंत तक क्षेत्रवासियों को बेहतर और आधुनिक सड़क व पुल सुविधाओं का लाभ मिलेगा। यह परियोजना क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है, जिससे न केवल यातायात व्यवस्था सुदृढ़ होगी, बल्कि स्थानीय लोगों के समय और ईंधन की भी बचत होगी।

# बिझड़ी-घोड़ी धबीरी सड़क पर अतिक्रमण बना मुसीबत

अनंत ज्ञान

**एसके ठाकुर, बड़सर।** बिझड़ी-घोड़ी धबीरी सड़क मार्ग पर अतिक्रमण की समस्या दिन-ब-दिन गंभीर होती जा रही है, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। महारल बाडा गां चौकी के पास निकासी नालियों के बंद होने के कारण गंदा पानी सड़क के बीचों-बीच बह रहा है। विभागीय अनदेखी के चलते हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं।



सड़क सुरक्षा नियमों की खुलेआम अवहेलना और अवैध अतिक्रमण के कारण यह मार्ग कभी भी जानलेवा साबित हो सकता है। स्थानीय लोगों द्वारा सड़क किनारे क्यारियां बना ली गई हैं और नालियों को बंद कर दिया गया है, जिससे बरसात और गंदा पानी सड़क पर जमा हो रहा है। इससे वाहन चालकों और राहगीरों को रोजाना जोखिम उठाना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग और प्रदेश सरकार से मांग की है कि बिना कारण अतिक्रमण करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। लोगों का कहना है कि यूपी के सीएम योगी मॉडल की तरह यहां भी कठोर कदम उठाए जाने चाहिए, ताकि सार्वजनिक हित में बनी सड़क को बचाया जा सके।

इस मामले में सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग, प्यार चंद ने आश्वासन दिया है कि अतिक्रमण और गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### सीएम सुक्खू ने रजनी पाटिल से की शिष्टाचार भेंट



रजनी पाटिल के साथ बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री सुक्खू। अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शनिवार को शिमला में राज्यसभा सांसद और हिमाचल प्रदेश कांग्रेस की प्रभारी रजनी पाटिल से मुलाकात की। यह एक शिष्टाचार भेंट थी, जिसमें सरकार और संगठन के विभिन्न विषयों पर अनौपचारिक चर्चा हुई। इस अवसर पर उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार भी मौजूद रहे। उनके साथ कैबिनेट मंत्री अनिरुद्ध सिंह और यादविंदर गोमा ने भी मुलाकात में हिस्सा लिया और प्रदेश के विकास कार्यों को लेकर संक्षिप्त संवाद किया।

### पर्यवेक्षक बलबीर सिंह हुए सेवानिवृत्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा सचिवालय में आज को पर्यवेक्षक पद पर कार्यरत बलबीर सिंह और देखभाल सहायक पद पर कार्यरत विजय सिंह सेवानिवृत्त हो गए। बलबीर सिंह ने 25 वर्ष 11 महीने, जबकि विजय सिंह ने 30 वर्ष 3 महीने का सेवाकाल पूर्ण किया। इस अवसर पर विधानसभा सचिवालय के पुस्तकालय कक्ष में एक सादा विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में विजय सिंह को टोपी, शॉल और गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया गया, जबकि बलबीर सिंह पारिवारिक कारणों से समारोह में उपस्थित नहीं हो सके। विधान सभा सचिव और विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां ने दोनों कर्मचारियों द्वारा दी गई सेवाओं की सराहना करते हुए उन्हें सेवानिवृति की बधाई और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### निगम की बस का टूटा शीशा यात्रियों के लिए परेशानी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी से सुबह 5:30 बजे सरकाघाट के लिए रवाना होने वाली एचटीसी बस में खिड़की का शीशा लंबे समय से टूटा होने के कारण यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है, जहां से लगातार ठंडी हवा अंदर आने से सर्दी के मौसम में सफर कर रहे लोग ठिठुरन झेलते हैं। यात्रियों के अनुसार यह समस्या नई नहीं बल्कि पिछले दो-तीन महीनों से बनी हुई है, लेकिन अब तक मरम्मत नहीं करवाई गई। ठंडी हवा सीधे लगने से कई यात्रियों को जुकाम और बुखार की शिकायत हो रही है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी चिंता भी बढ़ी है। स्थानीय लोगों और नियमित यात्रियों ने एचटीसी प्रबंधन तथा सरकार से शीघ्र शीशा बदलने की मांग की है, चेतावनी दी है कि समस्या दूर न होने पर स्वास्थ्य प्रभावित होने की स्थिति में उपचार पर्ची के आधार पर हर्जाने की मांग की जाएगी।

### सरकाघाट में मारपीट और धमकी का मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट थाना क्षेत्र में 30 जनवरी की रात झांझेल के पास पवन और सोनू ने शिकायतकर्ता फिरोज खान का रास्ता रोककर मारपीट की और गाली-गलौच की, शोर मचाने पर पाल नामक व्यक्ति ने उसे बचाया; जाते समय आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और पीड़ित का चिकित्सीय परीक्षण भी कराया गया है।

### सुंदरनगर में चरस समेत दो गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सुंदरनगर थाना क्षेत्र में नाकाबंदी और चेकिंग के दौरान बस नंबर पीबी-65-एटी-1684 की तलाशी ली गई, जिसमें आरोपी मोहित कुमार और प्रतिक्षित के कब्जे से 515 ग्राम चरस बरामद हुई। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस मामले की जांच जारी रखी है।

### पधर में स्कूटर दुर्घटनाग्रस्त, युवक घायल

**अनंत ज्ञान, मंडी।** पधर थाना क्षेत्र में 30 जनवरी को बंदिश के पास स्कूटर नंबर एचपी-33एफ-5913 गिरा और युवक ईशु पुत्र देवी राम घायल हो गया। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि तेज और लापरवाह वाहन चलाने से उसकी सिर और चेहरे में चोटें आईं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच जारी रखी है। जिले में इसके अतिरिक्त मोटर वाहन अधिनियम, कोटपा और माइनिंग के तहत भी चालान किए गए।

### भ्रष्टाचार पर चोट से घबराई कांग्रेस का अनशन मात्र सियासी नाटक : भाजपा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला जिला के भाजपा प्रवक्ता जितेंद्र भोटका और सक्षम गुड़िया बोर्ड की पूर्व उपाध्यक्ष रूपा शर्मा ने कांग्रेस



के दो घंटे के अनशन को राजनीतिक नौटंकी करार दिया है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत ग्रामीण आजीविका गारंटी योजना का विरोध केवल अपने आलाकमान को खुश करने के लिए किया जा रहा है, जिसका जनता से कोई लेना-देना नहीं है। भाजपा नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार का नया कानून डिजिटल और बायोमेट्रिक व्यवस्था से भ्रष्टाचार को खत्म कर पारदर्शिता लाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस हमेशा बिचौलियों को फायदा पहुंचाने वाले कार्यक्रम चाहती है, लेकिन अब तकनीक के कारण भ्रष्टाचार के रास्ते बंद होने से कांग्रेसी नेता 'हाय-तौबा' मचा रहे हैं।

# आईजीएमसी शिमला में मरीज के गले से निकाली 8 इंच लंबी जिंदा जोंक

## डॉक्टरों ने बिना किसी चीर-फाड़ के मरीज को दिलाई बड़ी राहत

अनंत ज्ञान



बिना चीर-फाड़ के मरीज के शरीर से निकाली जोंक। अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** शिमला के आईजीएमसी अस्पताल में डॉक्टरों ने एक बेहद चुनौतीपूर्ण और हैरान करने वाला काम कर दिखाया है। सिरमौर जिले के 55 वर्षीय सुरेश कुमार पिछले कुछ दिनों से सांस लेने में तकलीफ और आवाज बदलने की समस्या से जूझ रहे थे। जब पल्मोनरी मेडिसिन विभाग के डॉक्टरों ने उनकी जांच की, तो पता चला कि उनके गले में, सांस की नली (वोकल कॉर्ड) के पास एक 8 इंच लंबी जिंदा जोंक चिपकी हुई है। यह खबर पूरे अस्पताल में चर्चा का विषय बनी हुई है क्योंकि इतनी बड़ी जोंक का गले में जीवित रहना दुर्लभ मामला है।

जानकारी के अनुसार डॉ. डिंपल के. भगलानी और उनकी विशेषज्ञ टीम ने बिना किसी ऑपरेशन या चीरे के इस जोंक को बाहर निकालने का फैसला किया। डॉक्टरों ने आधुनिक ब्रोंकोस्कोपी तकनीक और विशेष फोरसेप्स का इस्तेमाल कर सावधानी से जोंक को पकड़कर बाहर निकाला। डॉक्टरों का कहना है कि यदि जोंक निकालने में थोड़ी भी देरी होती, तो वह खून चूसकर और बड़ी हो जाती, जिससे मरीज की सांस पूरी तरह रुक सकती थी। डॉक्टरों की इस सूझबूझ ने न केवल मरीज को असहनीय दर्द से बचाया, बल्कि उनकी जान पर मंडरा रहे खतरे को भी टाल दिया।

### प्राकृतिक झरने से पानी पीना पड़ा भारी बरतें सावधानी

**पीड़ित** सुरेश कुमार ने बताया कि उन्हें यह समस्या गांव के प्राकृतिक जल स्रोत (बावड़ी या चश्मे) से सीधा पानी पीने के बाद शुरू हुई थी। संभवतः पानी पीते समय जोंक का छोटा बच्चा गले में चला गया और वहां चिपक कर खून चूसते हुए बड़ा हो गया। डॉक्टरों ने इस घटना के बाद लोगों को सलाह दी है कि वे खुले प्राकृतिक स्रोतों से सीधे मुंह लगाकर पानी न पिएं। पानी को हमेशा छानकर या किसी बर्तन में लेकर ही पिएं ताकि इस तरह के परजीवियों से बचा जा सके। फिलहाल, सफल इलाज के बाद सुरेश को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

## चमियाणा अस्पताल की बदहाली पर शिमला नागरिक सभा का प्रदर्शन




शिमला में प्रदर्शन करते नागरिक सभा के सदस्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला नागरिक सभा ने चमियाणा स्थित सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल की बदहाली पर गहरी चिंता जताई है। सभा का कहना है कि प्रदेश भर से आने वाले मरीजों और तीमारदारों के लिए अस्पताल तक पहुंचना बेहद कठिन है। बस सेवा नाकाफी है, पार्किंग की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है और लोगों को एक किलोमीटर दूर वाहन खड़े कर पैदल अस्पताल आना पड़ता है।

देर रात तक उपचार के बाद मरीजों और तीमारदारों को भट्टाकुफर या संजौली की ओर पैदल लौटना पड़ता है, जो सभी के लिए संभव नहीं है। अस्पताल परिसर में खाने-पीने और जरूरी सामान की भी उचित व्यवस्था नहीं है। शिमला नागरिक सभा ने जिला प्रशासन से जल्द व्यवस्था सुधारने की मांग की है।

सभा ने कामयाब के लिए आईजीएमसी, संजौली, आईएसबीटी, ओल्ड बस स्टैंड और ढली से सुबह सात बजे से रात दस बजे तक नियमित बसें चलाने, अस्पताल के पास बड़ी पार्किंग, आसपास बाजार सुविधा, भट्टाकुफर से चमियाना तक स्ट्रीट लाइट और अस्पताल में सभी जरूरी जांच सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग रखी है। चेतावनी दी गई है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आम जनता को साथ लेकर संबंधित विभागों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा।

## नगर निगम शिमला के 19 वार्डों की मतदाता सूची प्रकाशित

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** नगर निगम शिमला के 19 वार्डों की मतदाता सूची अंतिम रूप से प्रकाशित कर दी गई है। इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर-कम-सब डिविजनल ऑफिसर शिमला शहरी ओशिन शर्मा ने जानकारी दी कि यह सूची प्रदेश नगर पालिका चुनाव नियम, 2015 के प्रावधानों के अनुसार तैयार की गई है।

उन्होंने बताया कि मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया पूरी करने के बाद इसकी एक प्रति सार्वजनिक निरीक्षण के लिए जारी कर दी गई है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी पात्र मतदाताओं के नाम सूची में सही तरीके से दर्ज हों। प्रकाशित मतदाता सूची के माध्यम से मतदाताओं को अपने नाम, पते और अन्य विवरण जांचने का अवसर मिलेगा। यदि किसी प्रकार की त्रुटि सामने आती है तो नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा सकेगी।

जिन वार्डों की मतदाता सूची प्रकाशित की गई है, उनमें वार्ड नंबर 1, 2, 3, 4, 5, 8, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 28, 33 और 34 शामिल हैं। प्रशासन ने मतदाताओं से अपील की है कि वे समय रहते सूची का अवलोकन कर लें, ताकि आगामी नगर निगम चुनाव शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से संपन्न हो सकें।

## प्रदेश को नशामुक्त बनाने के लिए कार्यशाला संपन्न

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश को नशामुक्त बनाने के संकल्प के साथ हिमाचल फोरम अगेंस्ट ड्रग एब्यूज द्वारा आयोजित दो दिवसीय संवाद कार्यक्रम शिमला में संपन्न हुआ। इस कार्यशाला में प्रदेश विश्वविद्यालय, पॉलिटेक्निक कॉलेज कंडाघाट और डाइट सोलन के 50 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी शरभ नेगी ने किया, जिन्होंने नशे को समाज के लिए एक बड़ी चुनौती बताते हुए सभी से एकजुट होने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में नशे के खिलाफ बनी वेब सीरीज द व्हाइट ट्रुथ का प्रदर्शन किया गया और नाटकों के जरिए सामाजिक संदेश दिया गया। फोरम के संयोजक सत्यवान पुंडीर ने बताया कि भविष्य में मां अभियान और पंचायती राज चुनावों में नशे को मुख्य मुद्दा बनाने जैसे बड़े कदम उठाए जाएंगे।

## प्रदेश में भाजपा के आम बजट पर होंगे प्रदेशव्यापी श्रवण एवं संवाद अभियान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं कार्यक्रम संयोजक रणधीर शर्मा ने बताया कि एक फरवरी को पेश होने वाले आम बजट के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी हिमाचल प्रदेश द्वारा प्रदेशभर में बजट श्रवण एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

◆ प्रदेश के सभी जिलों व 171 मंडलों में एक साथ होंगे कार्यक्रम

ये कार्यक्रम प्रदेश मुख्यालय दीप कमल शिमला सहित सभी जिला मुख्यालयों और 171 मंडलों में एक साथ होंगे।

प्रदेश कार्यालय शिमला में होने वाले कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर तथा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 10 बजे कार्यकर्ताओं के एकत्रीकरण से होगी, जिसके बाद बजट का सीधा प्रसारण सुना जाएगा और प्रमुख बिंदुओं का सार प्रदेशभर में साझा किया जाएगा।

रणधीर शर्मा ने शिमला से जारी बयान में कहा कि यह अभियान केवल बजट श्रवण तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि आम बजट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लिए गए जनहित, विकास और आर्थिक सशक्तिकरण से जुड़े निर्णयों को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर मुख्य अतिथियों और संयोजकों की नियुक्ति कर दी गई है तथा वर्ष 2022 के सभी विधानसभा प्रत्याशी भी इन कार्यक्रमों में विशेष रूप से शामिल रहेंगे। भाजपा का विश्वास है कि आम बजट 2026 आत्मनिर्भर और विकसित भारत की दिशा में नई गति देगा और यह अभियान संगठनात्मक ऊर्जा को और मजबूत करेगा।

## रामपुर में पंचायत मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन



बैठक की अध्यक्षता करते खंड विकास अधिकारी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** रामपुर विकास खंड की समस्त ग्राम पंचायतों (ग्राम पंचायत सनारसा एवं गोपालपुर को छोड़कर) की मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। यह अंतिम प्रकाशन हिमाचल प्रदेश पंचायतीराज निर्वाचन नियम, 1994 के नियम 21(1) के अंतर्गत प्रारूप-15 में अधिसूचना के तहत किया गया है।

खंड विकास अधिकारी रामपुर राजेंद्र नेगी ने जानकारी देते हुए बताया कि मतदाता सूचियां आम जनता के अवलोकन हेतु संबंधित ग्राम पंचायत कार्यालयों तथा विकास खंड कार्यालय रामपुर में उपलब्ध हैं, ताकि आमजन मतदाता सूचियों का अवलोकन कर आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सके। उन्होंने बताया कि संबंधित पंचायत सचिवों को निर्देश दिए गए हैं कि वे उक्त सूचना को ग्राम पंचायत के नोटिस बोर्ड सहित ग्राम सभा क्षेत्र के प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा करना सुनिश्चित करें, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक यह जानकारी पहुंच सके।

## स्टूडेंट्स ने पड्डल मंडी में लिया व्यावहारिक प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दसेहड़ा, तहसील बल्ह, जिला मंडी के दसवीं और ग्यारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित तीन दिवसीय कार्यस्थलीय प्रशिक्षण पूर्ण किया, जिसमें शारीरिक शिक्षा एवं खेल विषय के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

शारीरिक शिक्षा के छात्रों ने जिला युवा सेवा एवं खेल कार्यालय परिसर पड्डल मंडी में प्रशिक्षक के मार्गदर्शन में विभिन्न खेलों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। जिला खेल अधिकारी ने विद्यार्थियों को अनुशासन बनाए रखने और नशे से दूर रहने की सीख देते हुए कहा कि खेलों के माध्यम से बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास संभव है। विद्यालय के प्रधानाचार्य हुकमचंद ने कहा कि ऐसी व्यावसायिक गतिविधियां विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने में मील का पत्थर सिद्ध हो रही हैं। विद्यालय के व्यावसायिक शिक्षक देशराज वर्मा विद्यार्थियों को खेलों के माध्यम से नेतृत्व, दल भावना, करके सीखने की क्षमता, अनुशासन और आत्मविश्वास विकसित करने के लिए प्रेरित करते हैं, जिससे वे जीवन की चुनौतियों का सामना करने योग्य बनते हैं।

## सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा का संकल्प : उपायुक्त



रक्तदान शिविर पर उपस्थित अधिकारी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 के तहत जिला सड़क सुरक्षा समिति शिमला और क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय द्वारा रिज मैदान पर एक दिवसीय रक्तदान एवं नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में उपायुक्त शिमला ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों का पालन नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा का संकल्प है और अराइव अलाइव के संदेश को व्यवहार में उतारने की जरूरत है। शिविर में 54 लोगों ने रक्तदान किया, जबकि 119 लोगों की आंखों की जांच की गई। उपायुक्त ने रक्तदाताओं को सम्मानित भी किया।

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी शिमला ने बताया कि वर्ष 2025 में जिले में 268 सड़क दुर्घटनाएं दर्ज हुईं, जिनमें 102 लोगों की मृत्यु और 436 लोग घायल हुए। उन्होंने कहा कि तेज रफ्तार, गलत ओवरटेकिंग, नशे में वाहन चलाना, मोबाइल फोन का उपयोग और लेन अनुशासन का उल्लंघन दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण रहे हैं। उन्होंने जोर दिया कि सड़क सुरक्षा प्रशासनिक प्रयासों के साथ-साथ नागरिक जिम्मेदारी से ही संभव है। इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

## कोटखाई में मकान में भीषण आग, एक करोड़ का नुकसान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** जिले के कोटखाई क्षेत्र के बाघी इलाके में शुक्रवार देर रात एक रिहायशी मकान में भीषण आग लग गई। यह घटना रात करीब 2:30 बजे की बताई जा रही है। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही समय में पूरा मकान इसकी चपेट में आ गया और आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई।

स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस चौकी बागी को इसकी सूचना दी, जिसके बाद मामला थाना कोटखाई तक पहुंचा। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण बिजली का शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है।



आग की चपेट में आया रिहायशी मकान।

इस घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, जो राहत की बात है। हालांकि आग की चपेट में आने से मकान और उसमें रखा पूरा घरेलू सामान जलकर पूरी तरह नष्ट हो गया। प्रशासन ने आग से हुए नुकसान का अनुमान लगभग एक करोड़ रुपये लगाया है और पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया है।

## कम्युनिटी भवन जमणी का विधायक दलीप ठाकुर ने किया उद्घाटन



भवन का उद्घाटन करते हुए सरकाघाट के विधायक। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** जमणी पंचायत में 20 लाख रुपये की लागत से निर्मित कम्युनिटी भवन का विधायक दलीप ठाकुर द्वारा विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर विधायक दलीप ठाकुर ने कहा कि यह कम्युनिटी भवन गांव के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में कार्य करेगा तथा ग्रामीणों को बैठकों, समारोहों और अन्य गतिविधियों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। विधायक दलीप ठाकुर ने कम्युनिटी भवन ढलवान के शिलान्यास के लिए 4 लाख रुपए देने की घोषणा भी की तथा कार्यक्रम में उपस्थित महिला मंडलों को प्रोत्साहन स्वरूप 30-30 हजार रुपये देने की घोषणा की। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष पवन, राजेंद्र लाल सिंह, सुनील बिट्टू तथा प्रधान ज्ञान चंद भी उपस्थित रहे।

**पहल** स्वास्थ्य विभाग और आशा वर्करों ने घर-घर जाकर बढ़ाई जागरूकता

## पीलिया नियंत्रण को लेकर गोहर प्रशासन सतर्क

अनंत ज्ञान

**सुनील शर्मा, गोहर।** गोहर उपमंडल में फैले पीलिया रोग को देखते हुए इसकी रोकथाम एवं नियंत्रण को लेकर प्रशासन सतर्क हो गया है। इसी कड़ी में उपमंडलाधिकारी (एसडीएम) गोहर देवी राम की अध्यक्षता में शुक्रवार को कार्यालय गोहर में स्वास्थ्य विभाग एवं जल शक्ति विभाग के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र में पीलिया की स्थिति, पेयजल की गुणवत्ता, स्वच्छता तथा जन-जागरूकता के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के उपरांत एसडीएम देवी राम ने ग्राम पंचायत बासा, गोहर एवं चैल चौक क्षेत्र की बावड़ियों तथा कुठेड़ स्थित जल शक्ति विभाग के पेयजल टैंक का निरीक्षण किया। इस दौरान जल की गुणवत्ता जांचने के लिए आवश्यक सैंपल भी लिए गए। एसडीएम ने जल शक्ति विभाग को सभी जल स्रोतों की नियमित सफाई, समय पर क्लोरीनेशन सुनिश्चित करने तथा कहीं भी दूषित जल की आपूर्ति पाए जाने पर तुरंत रोक लगाने के सख्त



पेयजल टैंक का निरीक्षण किए जाने का दृश्य। अनंत ज्ञान

निर्देश दिए। बैठक में पीलिया से बचाव को लेकर जन-जागरूकता पर विशेष बल दिया गया।

अधिकारियों ने बताया कि पीलिया मुख्यतः दूषित पेयजल और अस्वच्छता के कारण फैलता है, इसलिए आम जनता को उबला हुआ या सुरक्षित पेयजल ही उपयोग करने की सलाह दी गई। साथ ही खुले में रखे खाद्य पदार्थों के सेवन से बचने, भोजन से पहले और शौच के बाद साबुन से हाथ धोने तथा आसपास स्वच्छता बनाए रखने की अपील की गई। पीलिया के लक्षण दिखाई देने पर घरेलू उपचार या झाड़-फूंक के बजाय तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य संस्थान में जांच व उपचार करवाने पर जोर दिया गया। तैलीय भोजन, शराब एवं नशे से परहेज करने की भी सलाह दी गई।

एसडीएम ने स्वास्थ्य विभाग को संभावित मामलों पर सतत निगरानी रखने और समय पर उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं आशा वर्करों को घर-घर जाकर लोगों को पीलिया से बचाव, स्वच्छ पेयजल के उपयोग और व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए कहा गया। इस अवसर पर जल शक्ति विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

**मेरी** हार्दिक इच्छा है कि मेरे पास जो भी थोड़ा-बहुत धन शेष है, वह सार्वजनिक हित के कामों में यथाशीघ्र खर्च हो जाए। मेरे अंतिम समय में एक पाई भी न बचे, मेरे लिए सबसे बड़ा सुख यही होगा। –पुरुषोत्तमदास टंडन

## संपादकीय

# पंचायत चुनावों पर अनिश्चितता

हिमाचल प्रदेश में पंचायत चुनावों को लेकर बनी असमंजस अब चिंता का सबब बनती जा रही है। चुनावी गहमागहमी का माहौल जरूर है, लेकिन तस्वीर अब भी धुंधली बनी हुई है। यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा कि पंचायत चुनाव तय समय पर होंगे भी या नहीं। जिस तरह से तैयारियां अब तक चली हैं, उन्हें देखकर यही प्रतीत होता है कि चुनाव प्रक्रिया और लंबी खिंच सकती है। राज्य चुनाव आयोग अपने स्तर पर सक्रियता दिखा रहा है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे अलग नजर आती है। पंचायत चुनावों की बुनियाद मानी जाने वाली मतदाता सूचियों का प्रकाशन अब तक पूरा नहीं हो पाया है। यह स्थिति तब है जब प्रदेश में कुल 3577 पंचायतें हैं और अधिकांश पंचायतों की मतदाता सूचियां तैयार भी की जा चुकी हैं। इसके बावजूद इन्हें सार्वजनिक रूप से नोटिफाई नहीं किया जा रहा है। सवाल यह है कि जब सूचियां तैयार हैं, तो फिर प्रकाशन में इतना विलंब क्यों?

प्रदेश में केवल 29 पंचायतें ऐसी बची हैं, जहां मतदाता सूचियां अभी फाइनल नहीं हुई हैं। इसके बावजूद शिमला, चंबा और लाहौल-स्पीति जिलों को छोड़कर बाकी जिलों में किसी भी पंचायत की मतदाता सूची अधिसूचित नहीं की गई है। यह स्थिति न केवल हैरान करने वाली है, बल्कि चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े करती है। मतदाता सूची चुनाव का पहला और सबसे महत्वपूर्ण चरण होती है। जब तक यह स्पष्ट नहीं होगा कि कौन मतदाता मतदान के लिए पात्र हैं, तब तक चुनाव की तारीखें और प्रक्रिया तय करना संभव नहीं है।

इस पूरे प्रकरण में सबसे गंभीर पहलू यह है कि न तो प्रदेश हाईकोर्ट के आदेशों का पालन होता दिख रहा है और न ही राज्य चुनाव आयोग के निर्देशों को गंभीरता से लिया जा रहा है। हाईकोर्ट के आदेशों के अनुपालन में ही चुनाव आयोग ने 30 जनवरी तक मतदाता सूचियां नोटिफाई करने के निर्देश दिए थे, लेकिन जमीनी स्तर पर इन आदेशों की अनदेखी होती दिख रही है। यह स्थिति सीधे-सीधे संवैधानिक संस्थाओं के आदेशों की अवहेलना की श्रेणी में आती है, जिस पर न केवल चुनाव आयोग बल्कि हाईकोर्ट को भी संज्ञान लेना चाहिए।

राज्य चुनाव आयोग के अनुसार, वर्तमान में हिमाचल प्रदेश में 55.19 लाख मतदाता पंजीकृत हैं। आगामी दिनों में नए मतदाताओं के जुड़ने से यह संख्या और बढ़ सकती है। इतने बड़े मतदाता वर्ग के लिए चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और समयबद्धता अत्यंत आवश्यक है, लेकिन मौजूदा हालात इसके उलट संकेत दे रहे हैं। इस बीच राज्य सरकार ने पंचायतों में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का पांच साल का कार्यकाल समाप्त होते ही सभी पंचायतों में प्रशासकों की नियुक्ति कर दी है। इन नियुक्तियों के बाद यह पूरी तरह स्पष्ट है कि पंचायतों से जुड़े विकास कार्य, योजनाओं की स्वीकृति, भुगतान प्रक्रिया और प्रशासनिक फैसले अब पूरी तरह प्रशासकों के हाथों में होंगे। लोकतांत्रिक रूप से चुने गए प्रतिनिधियों की गैरमौजूदगी में यह व्यवस्था कितनी प्रभावी और जवाबदेह होगी, यह आने वाला समय बताएगा।

सरकार के इस कदम का एक तर्क यह भी दिया जा रहा है कि इससे राज्य को वित्तीय लाभ होगा। जनप्रतिनिधियों के मानदेय पर हर महीने करीब पांच करोड़ रुपए खर्च होते थे, जो अब नहीं देने पड़ेंगे। इस तरह सालाना करीब 15 करोड़ रुपए की बचत का दावा किया जा रहा है। हालांकि, सवाल यह है कि क्या वित्तीय बचत के नाम पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को अनिश्चितकाल तक टालना उचित है?

पंचायतें ग्रामीण लोकतंत्र की रीढ़ होती हैं। इन्हीं संस्थाओं के माध्यम से आम लोगों की भागीदारी सुनिश्चित होती है और विकास योजनाएं जमीनी स्तर तक पहुंचती हैं। प्रशासकीय व्यवस्था अस्थायी समाधान हो सकती है, लेकिन इसे लंबे समय तक जारी रखना लोकतांत्रिक भावना के विपरीत है।

आज स्थिति यह है कि न चुनाव की तारीखें स्पष्ट हैं, न मतदाता सूचियां सार्वजनिक हुई हैं और न ही संवैधानिक संस्थाओं के आदेशों का सम्मान होता दिख रहा है। इससे न केवल चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठ रहे हैं, बल्कि सरकार और प्रशासन की मंशा को लेकर भी संदेह पैदा हो रहा है। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## आज की प्रमुख हस्ती

# सबसे अलग और असरदार अभिनेता

**हिंदी** सिनेमा के सबसे अलग और असरदार अभिनेताओं में शुमार जैकी श्रॉफ का जन्म 1 फरवरी 1957 को एक गुजराती परिवार में हुआ। उनका वास्तविक नाम जयकिशन कटुभाई श्रॉफ है। उनके पिता कटुभाई श्रॉफ और माता रीटा श्रॉफ थीं। जैकी श्रॉफ का बचपन मुंबई के वालकेश्वर इलाके की तीन बत्ती स्थित एक चाल में बीता, जहां सीमित संसाधनों के बीच उन्होंने जीवन के शुरुआती संघर्ष देखे।



जैकी श्रॉफ
जन्म : 1 फरवरी, 1957

फिल्मी दुनिया में कदम रखने से पहले जैकी श्रॉफ ने मॉडलिंग की और कई विज्ञापनों में काम किया। अभिनय की शुरुआत उन्हें देव आनंद की फिल्म स्वामी दादा (1982) में एक छोटी भूमिका से मिली, लेकिन असली पहचान उन्हें 1983 में मिली जब निर्माता-निर्देशक सुभाष घई ने फिल्म हीरो में उन्हें मुख्य भूमिका दी। यह फिल्म सुपरहिट साबित हुई और जैकी श्रॉफ रातों-रात बड़े सितारे बन गए। 1980 और 1990 के दशक में जैकी श्रॉफ ने एक के बाद एक कई यादगार फिल्में दीं। परिंदा, राम लखन, त्रिदेव, खलनायक, 1942: ए लव स्टोरी, रंगीला, बॉर्डर और देवदास जैसी फिल्मों में उनके अभिनय को आज भी याद किया जाता है। उन्होंने नायक, सहायक अभिनेता और खलनायक-तीनों भूमिकाओं में अपनी अलग छाप छोड़ी।

जैकी श्रॉफ ने 1980 के दशक में अपनी प्रेमिका आयशा दत्त से विवाह किया। आयशा बाद में फिल्म निर्मात्री भी बनीं। जैकी श्रॉफ को उनके शानदार अभिनय के लिए कई फिल्मफेयर जैसे कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से नवाजा गया। जैकी श्रॉफ ने चार दशकों से अधिक लंबे करियर में सैकड़ों फिल्मों में काम किया है। हीरो से लेकर साहो तक, उनकी फिल्मोग्राफी भारतीय सिनेमा के बदलते दौर की कहानी कहती है। गंभीर अभिनय, अनूठा स्टाइल और ज़मीनी व्यक्तित्व उन्हें आज भी दर्शकों के बीच खास बनाता है। जैकी श्रॉफ सिर्फ एक अभिनेता नहीं, बल्कि संघर्ष, सादगी और समर्पण की मिसाल हैं। ■



कविता

## चींटी रानी

रवि कुमार, बिलासपुर (हिमाचल प्रदेश)

**चींटी** रानी, चींटी रानी, बड़ी सयानी चींटी रानी।
श्रम की मल्लिका चींटी रानी, सुबह- सुबह जब आंख खुली तो,
काम में लगी दिखी चींटी रानी,
गर मिलकर काम करें तो, ऐवरेस्ट भी चढ़ सकते हो प्यारे।
हिम्मत और लग्न से आप, तोड़ लाएंगे नभ के तारे।
कठिनाई में भी मुस्कुराना, इक दूजे के काम आना।
दूर हो मंजिल न घबराना, यही सिखाती चींटी रानी।
मां ने मीना को कहानी सुनाई, घमंडी हाथी ने चींटीं संग की लड़ाई,
चींटीं ने फिर नानी याद कराई।
छुपके से सूंड में घुसकर, हाथी की डुग-डुगी बजाई।
पीड़ा से जब आंखें भर आई, बोला कान पकडूं, नाक रगडूं बहना रानी,
माफ करो दयालु बड़ी सयानी, चींटीं को फिर आ गई दया,
उतर आई सूंड से नीचे, खेलें दोनों चोर-सिपाही आंखें मीचे।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# सिर्फ समझौता नहीं, हमारे भविष्य का रोडमैप है भारत-यूरोपीय संघ

भारत और यूरोपीय संघ के बीच हुआ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आर्थिक कूटनीति का एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। यह समझौता न केवल भारत की वैश्विक आर्थिक भूमिका को नई ऊंचाइयों पर ले जाता है, बल्कि लाखों रोजगारों के सृजन, युवाओं और किसानों के लिए नए अवसर तथा समावेशी विकास की मजबूत नींव भी रखता है। लगभग दो अरब की संयुक्त आबादी, जो वैश्विक अर्थव्यवस्था के करीब एक-चौथाई हिस्से का प्रतिनिधित्व करती है, इस समझौते से लाभान्वित होगी।



पीयूष गोयल
केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

विश्व की दूसरी सबसे बड़ी (यूरोपीय संघ) और चौथी सबसे बड़ी (भारत) अर्थव्यवस्था के बीच हुआ यह एफटीए, इतिहास के सबसे बड़े व्यापार समझौतों में से एक है। हालांकि यह केवल एक व्यापार समझौता नहीं, बल्कि एक व्यापक रणनीतिक साझेदारी है। इसमें कृत्रिम मेधा (एआई), रक्षा उत्पादन, सेमीकंडक्टर, स्वच्छ ऊर्जा और अत्याधुनिक तकनीक जैसे अहम क्षेत्रों में सहयोग को नई गति मिलेगी। इसका लाभ भारत के हर वर्ग तक पहुंचेगा, विशेषकर गरीब, किसान और श्रमसाध्य क्षेत्रों में कार्यरत लोगों तक। यह एफटीए नियम-आधारित व्यापार व्यवस्था को मजबूती देता है और आर्थिक नीतियों में स्थिरता सुनिश्चित करता है। इससे भारत स्वदेशी और विदेशी निवेशकों के लिए और अधिक आकर्षक बनेगा। छोटे व्यापारियों, स्टार्टअप्स, एमएसएमई और कामगारों के लिए नए अवसर सृजित होंगे, जिससे रोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा। वैश्विक समुदाय ने प्रधानमंत्री मोदी की इस घोषणा की सराहना की है और इसे अब तक के सबसे व्यापक समझौतों में से एक बताया है। मौजूदा वैश्विक अनिश्चितताओं के दौर में यह एफटीए स्थिरता का मजबूत संदेश देता है। यह भारत और यूरोपीय संघ को मुक्त बाजार, पूर्वानुमान क्षमता और समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्ध, भरोसेमंद साझेदारों के रूप में स्थापित करता है।

इस समझौते के तहत भारत को व्यापार मूल्य के आधार पर यूरोपीय संघ में अपने 99 प्रतिशत से अधिक निर्यात के लिए अभूतपूर्व बाजार पहुंच प्राप्त हुई है। इससे 'मेक इन इंडिया' को बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा। कपड़ा, रेडीमेड वस्त्र, चमड़ा, फुटवियर, समुद्री उत्पाद, रत्न एवं आभूषण, हस्तशिल्प, इंजीनियरिंग सामान और ऑटोमोबाइल जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों को निर्णायक मजबूती मिलेगी। लगभग 33 अरब डॉलर के भारतीय निर्यात पर 10 प्रतिशत तक के टैरिफ समाप्त होने से लागत घटेगी और प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ेगी। इसका सीधा लाभ कामगारों, कारीगरों, महिलाओं, युवाओं और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को मिलेगा। भारतीय व्यवसाय वैश्विक मूल्य श्रृंखला से गहराई से जुड़ेंगे और भारत वैश्विक व्यापार में एक भरोसेमंद आपूर्तिकर्ता के रूप में अपनी भूमिका और मजबूत करेगा।



यह समझौता पेशेवरों और उद्यमियों के लिए दूसरे देशों में काम करना और कारोबार करना भी आसान बनाता है। शिक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी, वित्तीय सेवाएं और कंप्यूटर आधारित सेवाओं जैसे क्षेत्रों में नए अवसर खुलेंगे। इससे उच्च मूल्य वाले रोजगार सृजित होंगे और भारत प्रतिभा, नवोन्मेष तथा सतत आर्थिक विकास के वैश्विक केंद्र के रूप में और सशक्त होगा। व्यापार समझौते गरीबों के जीवन को बेहतर बनाने की मोदी सरकार की व्यापक रणनीति का अहम हिस्सा हैं। इस रणनीति में संरचनात्मक सुधार, विवेकपूर्ण वित्तीय प्रबंधन और पूरक अर्थव्यवस्थाओं के साथ संतुलित एवं लाभकारी समझौते शामिल हैं। इसका उद्देश्य कृषि और डेयरी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों के हितों की रक्षा करते हुए श्रम-प्रधान उद्योगों में तेज वृद्धि सुनिश्चित करना है। विकसित देशों के साथ किए गए ये समझौते भारतीय उद्योगों को स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का अवसर देते हैं और उपभोक्ताओं को विश्वस्तरीय उत्पाद उपलब्ध कराते हैं। यूपीए सरकार के कार्यकाल में बाजार बिना पर्याप्त तैयारी के खोले गए, जबकि मोदी सरकार ने चरणबद्ध टैरिफ कटौती का रास्ता अपनाया। इससे उद्योगों को गुणवत्ता सुधारने और प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार होने का समय मिला। प्रतिस्पर्धी कीमतों पर उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद उपलब्ध कराना प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत 2047' के दृष्टिकोण का केंद्र है। हाल ही में प्रधानमंत्री ने गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान करते हुए कहा कि 'हमारा मंत्र गुणवत्ता, गुणवत्ता और केवल गुणवत्ता होना चाहिए।' भारत-यूरोपीय संघ एफटीए इसी दृष्टिकोण के अनुरूप है। यह भारत को वैश्विक मंच पर एक गतिशील, विश्वसनीय और दूरदर्शी भागीदार के रूप में स्थापित करता है। मोदी सरकार द्वारा किए गए व्यापार समझौते उन अर्थव्यवस्थाओं के साथ हैं जो भारत के प्रमुख रोजगार सृजन करने वाले क्षेत्रों के प्रत्यक्ष प्रतिस्पर्धी नहीं हैं—यह यूपीए शासन से बिल्कुल अलग दृष्टिकोण है। यूपीए कार्यकाल में आर्थिक सुस्ती, उच्च मुद्रास्फीति और नीतिगत अनिश्चितता के कारण यूरोपीय संघ सहित कई विकसित देशों की भारत में रुचि कम हो गई थी। इसके चलते भारत ने रोजगार और विकास के अहम अवसर गंवाए। इसके विपरीत, मोदी सरकार का निर्णायक नेतृत्व और रणनीतिक स्पष्टता भारत को वैश्विक अवसरों से जोड़ रही है। भारत-ईयू एफटीए इस बात का स्पष्ट उदाहरण है कि मजबूत नेतृत्व कैसे बाजारों का विस्तार, रोजगार सृजन और राष्ट्रीय हितों की रक्षा एक साथ कर सकता है। यह समझौता भारत को समृद्धि और विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ाने वाला एक निर्णायक कदम है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# यूजीसी या फूट डालो और लंबे समय तक भारत पर राज करो

कुछ दशकों से भारतवर्ष में राजनीतिकरण की दिशा हमारे राजनीतिज्ञों ने ऐसी मोड़ दी है कि उससे भारत शीघ्र ही 'गृह युद्ध' की आग में झुलसकर सदैव के लिए अपनी वास्तविक सनातन पहचान खोकर गुलाम हो जाएगा। यूजीसी राजनीतिज्ञों की एक बहुत ही सोची समझी गहरी चाल है, जो अगर भारतीय नागरिकों की मंदबुद्धि के कारण कहीं सफल हो गई तो, कभी सोने की चिड़िया कहलाने वाले देश में फिर कभी न रुकने वाला 'जातीय शीत युद्ध' बड़े पैमाने पर आरंभ हो जाएगा जिसका संपूर्ण लाभ राज करने वाले राजनीतिज्ञों को मिलेगा और यह घिनौनी राजनीति खेलने वाले भारतवर्ष के अपने ही लोग लंबे समय तक राज करने में सफल हो जाएंगे।



डॉ. कटोच रामेश्वर सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, जोगिंद्रनगर

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

हिंदुत्व के लिए महत्वपूर्ण है कि एक ओर तो हमारे भारत देश पर शासन करने वाले नेता लोग यह शिक्षा और संकल्प दोहराते नहीं थकते, 'बंट गए तो कट गए' और दूसरी ओर वही नेता यूजीसी का कानून थोपकर हिंदुत्व के नाम पर लोगों में वैमनस्य भरते हैं। ऐसी राजनीति तो गुलाम भी सहन नहीं करते फिर स्वतंत्र देशवासी क्यों न इसका संज्ञान लें? सब कुछ जो हो रहा है और आगे होने जा रहा है वह केवल सनातन धर्म के समूल नाश के लिए ही है और उसके लिए भारतीय राजनीतिकरण एवं उससे जुड़े सभी अंधभक्त भारत के नागरिक ही उत्तरदायी हैं।

यह सच्चाई भी किसी से छुप नहीं सकती कि जो भारतीय राजनीतिक दल सत्तारूढ़ होता है वह अपना पूरा समय पूर्व सत्तारूढ़ दल की कमियों, चरित्र हनन और बिना परिणाम अन्वेषण करवा-करवाकर ही नष्ट कर देता है और जब उसका निर्धारित कार्यकाल समाप्त होता है तब भारतीय संविधान की शपथ ले लेकर और अपनी सत्यता एवं कर्तव्यनिष्ठता की दुहाई दे-देकर, अपने राजनीतिक भविष्य को बचाने की गुहार मतदाताओं के बीच में लगाता फिरता है ताकि फिर से सत्ता सुख भोगने और उसके उपरांत न चुने जाने पर दो या इससे अधिक पेंशनभोगी होने का सौभाग्य प्राप्त हो सके। अब संपूर्ण भारतवर्ष की राजनीति उपरोक्त सत्य पर स्थायी रूप से स्थापित हो चुकी है जिसको प्रशासनिक तथा अन्य स्थानीय लोगों का भी समर्थन प्राप्त है। मेरे देशवासियों, यही है भारतवर्ष का वास्तविक विकसित रूप 'वंदे मातरम्'।




भारतवर्ष के राजनीतिक दल जो इस यूजीसी का समर्थन करते हैं वह केवल अपनी राजनीति चमकाने, स्वार्थ सिद्धि के लिए करते आ रहे हैं, ऐसे दलों को भारतीय अखंडता और प्रभुत्वता से कोई सरोकार नहीं है।

वास्तविकता यह है कि इस प्रकार हर वर्ष उठने वाले विवाद की जड़ तो आरक्षण को पूर्व 70 वर्षों से सभी राजनीतिक दलों द्वारा स्वार्थसिद्ध करने के लिए अधिक से अधिक मतपत्र लेकर राजनीतिक कुर्सी प्राप्त करना न समाप्त होने वाली परियोजना ही है। यही कारण है कि हर भारतीय राजनीतिक दल इस भारतवर्ष का समूल नाश करने वाली जातिगत आरक्षण परियोजना को, तब तक बढ़ाते जा रहे हैं जब तक यह देशभक्तों के खून से प्राप्त की गई स्वतंत्रता, छिन्न-भिन्न होकर टुकड़े टुकड़े न हो जाती है।

संपूर्ण विश्व का कोई स्थान नहीं जहां अलग-अलग समुदाय के लोग (बिना किसी भी आरक्षण के) अपनी-अपनी मर्यादित धार्मिक एवं समाजिकता का सौहार्दपूर्ण निर्वाह करते हुए विकास और शांति से न रह रहे हो, तो फिर क्या कारण है कि इस भारतवर्ष में समुदायों के मध्य घमासान करा-करा कर इस प्राचीन सुख शांति और विकसित कहलाने वाले भारत की दुर्दशा किन किन कारणों और सत्य-तथ्यों की राजनीतिकरण उपेक्षा से हो रही है।

आरक्षण कैसा भी, किसी भी कारण से हो एक न एक दिन आशांति, विनाश, अवनति, भ्रष्टाचार युक्तियुक्त बन ही जाता है। इसीलिए ही यह अति आवश्यक है कि आरक्षण नीति को अति शीघ्र भारतवर्ष से सदैव के लिए चलता कर दिया जाए ताकि भारत में सनातन धर्म का वास्तविकता रूप स्थापित हो और सुख और समृद्ध भारत देश भी बन सके।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# हिमाचल प्रदेश को स्मार्ट मीटर नहीं, बल्कि स्मार्ट शासन चाहिए

आज के दौर में 'स्मार्ट' शब्द विकास का पर्याय बन चुका है। स्मार्ट फोन, स्मार्ट सिटी, स्मार्ट क्लास और अब स्मार्ट मीटर, हर योजना के आगे 'स्मार्ट' जोड़ देना जैसे प्रगति का प्रमाण मान लिया गया है।



केशव शर्मा रसिक
स्वतंत्र लेखक
कोटला, घुमारवीं, जिला बिलासपुर

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

हिमाचल प्रदेश में भी बिजली विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया को आधुनिकता और पारदर्शिता की दिशा में बड़ा कदम बताया जा रहा है, लेकिन सवाल यह है कि क्या वास्तव में हिमाचल की सबसे बड़ी जरूरत स्मार्ट मीटर हैं, या फिर स्मार्ट शासन? हिमाचल एक पहाड़ी राज्य है, जहां की भौगोलिक परिस्थितियां, आर्थिक संरचना और सामाजिक जरूरतें मैदानी राज्यों से बिलकुल अलग हैं। यहां आम आदमी पहले ही महंगाई, सीमित आय और रोजगार के संकट से जूझ रहा है। ऐसे में स्मार्ट मीटर के नाम पर उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालना कितना उचित है, यह गंभीर विचार का विषय है। स्मार्ट मीटर के पक्ष में यह तर्क दिया जा रहा है कि इससे बिजली की खपत का सटीक आकलन होगा, लाइन लॉस कम होगा और उपभोक्ताओं को पारदर्शी बिलिंग मिलेगी, लेकिन जमीनी हकीकत इससे अलग नजर आती है। कई राज्यों और क्षेत्रों से शिकायतें सामने आई हैं कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली बिल अचानक कई गुना बढ़ गए। तकनीकी खामियां, नेटवर्क की समस्या और उपभोक्ताओं को पर्याप्त जानकारी का अभाव, इन मीटरों को संदेह के घेरे में खड़ा करता है।

हिमाचल जैसे राज्य में, जहां सर्दियों में बिजली की खपत स्वाभाविक रूप से अधिक होती है, स्मार्ट मीटर गरीब और मध्यम वर्ग के लिए परेशानी का सबब बन सकते हैं। सवाल यह भी उठता है कि जब पारंपरिक मीटर ठीक से काम कर रहे हैं, तो करोड़ों रुपये खर्च कर नए मीटर लगाने की आवश्यकता क्यों? स्मार्ट मीटर से पहले हिमाचल को स्मार्ट शासन की जरूरत है। स्मार्ट शासन का मतलब है, जनता के प्रति जवाबदेह प्रशासन, पारदर्शी नीतियां, समयबद्ध निर्णय और संसाधनों का न्यायसंगत उपयोग।




आज भी प्रदेश में कई बुनियादी समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव, स्कूलों में शिक्षकों की कमी, सड़कों की बदहाल स्थिति और युवाओं के लिए रोजगार के सीमित अवसर, ये सब ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर प्राथमिकता से ध्यान दिया जाना चाहिए। अगर शासन वास्तव में स्मार्ट होगा, तो पहले इन समस्याओं का समाधान खोजेगा। स्मार्ट शासन की सबसे बड़ी पहचान है—जनता की भागीदारी। किसी भी बड़ी योजना को लागू करने से पहले आम लोगों, उपभोक्ता संगठनों और विशेषज्ञों से खुली चर्चा होनी चाहिए। स्मार्ट मीटर जैसे फैसले बिना पर्याप्त संवाद के थोपे जाएंगे, तो असंतोष स्वाभाविक है। लोकतंत्र में विकास वही होता है, जिसमें जनता की सहमति और विश्वास शामिल हो यदि सरकार सच में सुधार चाहती है, तो उसे बिजली व्यवस्था में पारदर्शिता लानी होगी। बिजली दरों का युक्तिकरण, अनावश्यक शुल्कों पर रोक, और बिजली बोर्ड के वित्तीय प्रबंधन में सुधार—ये कदम स्मार्ट मीटर से कहीं अधिक प्रभावी हो सकते हैं। साथ ही, भ्रष्टाचार पर सख्ती और अधिकारियों की जवाबदेही तय करना भी स्मार्ट शासन का अहम हिस्सा है।

अत: हिमाचल प्रदेश को तकनीक से परहेज नहीं है, लेकिन तकनीक तभी सार्थक है जब वह जनता के हित में हो। आज जरूरत इस बात की है कि सरकार 'स्मार्ट मीटर' से पहले 'स्मार्ट सोच' अपनाए। ऐसे फैसले लिए जाएं जो आम आदमी को राहत दें, न कि उस पर नया बोझ डालें।वास्तविक विकास वही है, जिसमें शासन जनता की समस्याओं को समझे, संवाद करे और संवेदनशीलता के साथ समाधान निकाले। इसलिए हिमाचल प्रदेश को स्मार्ट मीटर नहीं, बल्कि स्मार्ट शासन की सख्त जरूरत है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बर्फबारी और लापरवाही : आखिर कब सीखेगा हिमाचल सबक?

कहते हैं कि यदि पिछली घटनाओं से सबक लिया जाए तो भविष्य को सुरक्षित बनाया जा सकता है, लेकिन हिमाचल प्रदेश में यह कहावत बार-बार झूठी साबित हो रही है। हर साल बर्फबारी के मौसम में प्रशासन और मौसम विभाग जनजातीय व ऊंचाई वाले क्षेत्रों में जाने से लोगों को आगाह करता है। चेतावनियां जारी होती हैं, अलर्ट दिए जाते हैं, लेकिन इसके बावजूद लोग लापरवाही और मनमानी से बाज़ नहीं आते। नतीजा-असमय मौत और परिवारों के लिए जीवन भर का दर्द।



नरेंद्र भारती
स्वतंत्र लेखक
मंडी, हिमाचल प्रदेश

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

बर्फबारी के दौरान जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो जाता है। सड़कों का बंद होना, बिजली-पानी ठप होना और संचार व्यवस्था बाधित होना आम बात है। इसके बावजूद लोग जोखिम उठाते हैं और वही जोखिम कई बार जानलेवा साबित हो जाता है। हाल ही में भरमौर क्षेत्र में हुआ हादसा इसका सबसे दर्दनाक उदाहरण है। मौसम विभाग ने 21 जनवरी की रात को चंबा और भरमौर में भारी हिमपात की स्पष्ट चेतावनी जारी की थी। बावजूद इसके, कुछ युवा ऊंचे क्षेत्रों की ओर निकल पड़े। भरमाणी धार हादसे में दो घरों के चिराग बुझ गए। यह ऐसा जख्म है जो समय के साथ भले भर जाए, लेकिन उसके निशान कभी मिट नहीं सकते। खुशी-खुशी घूमने निकले युवाओं ने सपने में भी नहीं सोचा था कि उनका यह सफर आखिरी बन जाएगा।

इस हादसे में दो ममेरे भाइयों-13 वर्षीय पीयूष और 19 वर्षीय विकसित राणा की दर्दनाक मौत ने पूरे हिमाचल को झकझोर कर रख दिया है। चार दिन बाद 26 जनवरी को दोनों के शव बरामद हुए। उनके साथ उनका पालतू कुत्ता भी था, जो चार दिनों तक उनके शवों के पास बैठा रहा। यह दृश्य इंसान की संवेदनशीलता को झकझोर देने वाला है। गांव में मातम पसरा है और हर आंख नम है। काश, उस दिन थोड़ी सी सावधानी बरती गई होती, तो आज दोनों युवा जिंदा होते। दुखद यह है कि ऐसे हादसे नए नहीं हैं। समय-समय पर हिमाचल के विभिन्न हिस्सों में इस तरह की घटनाएं सामने आती रही हैं, लेकिन न लोग सबक लेते हैं और न ही व्यवस्थाएं इतनी सख़्त होती हैं कि लापरवाही रोकी जा सके। कुल्लू-मनाली, मणिकर्ण, शिकारी देवी और कमरूनाग जैसे क्षेत्रों में पहले भी पर्यटक रास्ता भटककर मुसीबत में फंस चुके हैं। कुछ मामलों में प्रशासन की तत्परता से जानें बचाई गईं, लेकिन हर बार किस्मत साथ दे, यह जरूरी नहीं। गत वर्ष शिकारी देवी में भी कुछ लोग रास्ता भटक गए थे, लेकिन प्रशासन ने तुरंत सर्च ऑपरेशन चलाकर सभी को सुरक्षित निकाल लिया था। कमरूनाग में भी ऐसा ही हुआ। वहीं, भरमौर और पांगी क्षेत्र में ग्लेशियर टूटने से भारी तबाही मची है। इस हादसे में दो मालवाहक वाहन लापता हो गए और तीन दुकानें क्षतिग्रस्त हुईं। राहत की बात यह रही कि यह घटना रात में हुई, जिससे कोई जानी नुकसान नहीं हुआ।



बर्फबारी का असर पूरे प्रदेश में दिख रहा है। चार राष्ट्रीय राजमार्गों समेत कुल 889 सड़कें बंद हैं। 3237 ट्रांसफॉर्मर ठप पड़े हैं, जिससे कई इलाकों में अंधेरा पसरा हुआ है। बाहर से आए पर्यटकों के वाहन जगह-जगह फंसे हुए हैं, जिन्हें पुलिस और प्रशासन की मदद से सुरक्षित निकाला जा रहा है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि 30 जनवरी की रात से एक नया पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित कर सकता है, जबकि 29 जनवरी को मौसम शुष्क रहने की संभावना है। ऐसे में जोखिम और बढ़ सकता है। यह समय आत्ममंथन का है। पर्यटकों को समझना होगा कि बर्फबारी रोमांच नहीं, बल्कि गंभीर खतरा भी हो सकती है। चेतावनियों को नजरअंदाज करना साहस नहीं, मूर्खता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# सचिव की लापरवाही से 32 लाख के विकास कार्य ठप

## पपलोग पंचायत के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री से की जांच करवाने की मांग, सचिव बोले-जनप्रतिनिधियों की आपसी लड़ाई से रुके काम

अनंत ज्ञान

**रितेश चौहान, सरकाघाट।** ग्राम पंचायत पपलोग में पंचायत सचिव की लापवाही के चलते करीब 32 लाख के स्वीकृत विकास कार्य अधूरे रहे गए बल्कि सचिव के कारण पंचायत के विकास एवं प्रशासनिक कार्य भी प्रभावित हुए हैं। पंचायत प्रतिनिधियों प्रधान सरस्वती देवी वार्ड मेंबर कल्पना रंजना सोनिका और राजेश कुमार द्वारा मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में कहा कि सचिव की लापवाही से पंचायत के विकास कार्य लंबित रह गए बल्कि खण्ड विकास अधिकारी द्वारा तीन दिन पहले ही उसे स्थानांतरण तो कर दिया परंतु किसी नए सचिव की नियुक्ति नहीं की गई, जिससे पंचायत कार्यालय का कामकाज ठप्प पड़ा रहा

पंचायत प्रतिनिधियों के अनुसार बीडीओ धर्मपुर ने भी सत्तापक्ष के दबाव के चलते पंचायत से सचिव का तबादला करने बाद पंचायत में कोई भी वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई। प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि सचिव की अनुपस्थिति के कारण पंचायत बैठकों के लंबित भुगतान नहीं हो पाए हैं पंचायत प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि जब से डेढ़ वर्ष पूर्व पंचायत सचिव हेमराज ने पपलोग पंचायत संभाली थी तब से लेकर आज एक भी नया काम शुरु नहीं करवा पाया है यही नहीं 32 लाख रुपए 15 वे वित्त आयोग का अभी भी पंचायत में स्वीकृत पड़ा है इस मामले को लेकर बीडीओ धर्मपुर को लिखित शिकायत की गई तो सचिव का हेडक्वार्टर धर्मपुर तय किया गया लेकिन दूसरे ही दिन सत्ता के दबाव में सचिव के ऑर्डर कैंसिल करके दोबारा पपलोग पंचांग के ही कर दिए इसके अलावा डेढ़ साल से मनरेगा के तहत स्वीकृत एक भी कार्य शुरू नहीं हो सका जबकि 50 लोगों की फाइलें सचिव के टेबल पर पड़ी है, जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

प्रतिनिधियों ने बताया कि आज उनके कार्यकाल के अंतिम दिन पंचायत में मात्र चौकीदार के अलावा कोई भी कर्मचारी मौजूद नहीं रहा। पपलोग पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने कहा कि राजनीतिज्ञ दबाव के चलते विकास कार्यों को विराम लगा रहा जनता के स्वीकृत काम पैसा होने के बावजूद भी सचिव की लापवाही के कारण नहीं हो पाए उन्होंने इस सारे मामले की निष्पक्षता से जांच करवाने की मुख्यमंत्री से की है।


ग्राम पंचायत पपलोग के पदाधिकारी सामूहिक चित्र में। अनंत ज्ञान

### अभी तक कोई लिखित शिकायत नहीं मिली: बीडीओ

**बीडीओ** धर्मपुर बालम राम ने इस संदर्भ में बताया कि उन्हें इस मामले में अभी तक कोई लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है, हालांकि मौखिक रूप से बातचीत हुई है। उन्होंने कहा कि गाइडलाइन के अनुसार पंचायत सचिव का तबादला होना था। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जो भी भुगतान लंबित है, उन्हें लेकर जैसे ही संबंधित गाइडलाइन प्राप्त होगी, उसी के अनुसार भुगतान कर दिए जाएंगे।

### ग्राम सभा न होने से नहीं डाले जा सके थे सेल्फ: सचिव

**पंचायत** सचिव हेमराज ने बताया कि इस बार ग्राम सभा पूर्ण न होने के कारण सेल्फ नहीं डाले जा सके थे। उन्होंने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों की आपसी लड़ाई और प्रधान की जगह उसके पति के हस्तक्षेप के कारण काम अधूरे रहे उनकी कोई भी लापवाही नहीं रही है।

अनंत ज्ञान खास खबर

# स्मार्ट मीटर के खिलाफ लडभड़ोल में महिलाओं ने सरकार और बोर्ड के खिलाफ खोला मोर्चा



स्मार्ट मीटर के खिलाफ प्रदर्शन करतीं हुई महिलाएं। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**जोगिंद्रनगर।** लडभड़ोल क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाने की योजना का कड़ा विरोध शुरू हो गया है। क्षेत्र के विभिन्न महिला मंडलों ने एकजुट होकर प्रदेश सरकार और विद्युत विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। स्मार्ट मीटर के विरोध में चलाहणू में महिला मंडल बनांदर, रथैर और रोपडू के सदस्यों ने संयुक्त रूप से प्रदर्शन किया।महिला मंडलों ने चलाहणू से लेकर बनांदर तक रैली निकालकर प्रदेश सरकार और बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान महिलाओं ने अपनी व्यावहारिक समस्याओं को खुलकर रखा। संयुक्त बनांदर, रथैर और रोपडू महिला मंडलों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर कहा कि गांव में अधिकतर बुजुर्ग और महिलाएं कम पढ़ी-लिखी या अनपढ़ हैं, जो न तो स्मार्ट फोन चला सकती हैं और न ही ऑनलाइन बिजली बिल का भुगतान कर सकती हैं।

ग्रामीणों ने मांग की कि पहले की तरह घर पर कागज का बिजली बिल ही दिया जाए, ताकि वे आसानी से समय पर भुगतान कर सकें। महिला मंडलों ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि गरीब और ग्रामीण जनता की इन व्यावहारिक समस्याओं की अनदेखी न की जाए। यदि जबरन स्मार्ट मीटर लगाए गए, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### 'बहना कैसे खरीदेगी गहना' सोने-चांदी की बढ़ती कीमतों पर एनके पंडित ने जताई चिंता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी सदर ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता एन के पंडित ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि वर्तमान समय में सोना-चांदी की बढ़ती कीमतों के कारण आम आदमी के लिए आभूषण खरीदना कठिन होता जा रहा है।



उन्होंने कहा कि पहले यह कहा जाता था कि हालात बदलेंगे और कीमतें नियंत्रित होंगी, लेकिन आज स्थिति इसके विपरीत दिखाई दे रही है। एन के पंडित ने कहा कि विशेष रूप से महिलाएं सोने-चांदी के दामों में वृद्धि से चिंतित हैं, क्योंकि भारतीय समाज में आभूषणों का सांस्कृतिक और भावनात्मक महत्व है। उन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि महंगाई एक बड़ा मुद्दा बनकर उभरी है और कीमती धातुओं की कीमतों में वृद्धि भी लोगों की चर्चा का विषय है। एन के पंडित ने केंद्र सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि आम नागरिकों की क्रय शक्ति पर असर पड़ा है और लोगों को दैनिक जरूरतों के साथ-साथ परंपरागत आवश्यकताओं को पूरा करना भी चुनौतीपूर्ण लग रहा है।

### नबाही की छात्रा कुमारी छाया ने शिमला में गणतंत्र दिवस परेड़ में बढ़ाया मंडी का मान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** जिला मंडी के सरकाघाट क्षेत्र की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नबाही की छात्रा कुमारी छाया ने शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान में आयोजित गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेकर विद्यालय, क्षेत्र एवं जिला का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि से सरकाघाट और धर्मपुर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। इसके अतिरिक्त कुमारी छाया ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लालपानी, शिमला में आयोजित दस दिवसीय एनएसएस शिविर में भी सक्रिय सहभागिता निभाई। शिविर के दौरान स्वच्छता, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक जागरूकता से जुड़ी गतिविधियों में उन्होंने सराहनीय योगदान दिया। छात्रा की उपलब्धि पर विद्यालय की प्रातःकालीन सभा में प्रधानाचार्य श्री सुरेश पठानिया ने उन्हें सम्मानित किया तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों के योगदान की भी सराहना की।

### सरकाघाट के जबोठ गांव की पूनम बनी नर्सिंग ऑफिसर, गांव में खुशी की लहर

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट के छोटे से गांव जबोठ की पूनम शर्मा ने नर्सिंग अधिकारी के रूप में अलौकिक उपलब्धि हासिल की है। पूनम ने



जी.एन.एम. ज़ोनल हॉस्पिटल मंडी से शिक्षा प्राप्त की और पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ से पूर्ण की। 7 जुलाई 2024 को उन्होंने ESIC मेडिकल कॉलेज फरीदाबाद में आल इंडिया रैंक 582 पर नर्सिंग ऑफिसर के रूप में नियुक्ति प्राप्त की। स्वर्गीय माता-पिता की याद में पूनम की पढ़ाई का भार उनके चाचा सुरेन्द्र शर्मा और चाची सुनीता ने उठाया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और चाचा-चाची को दिया। इस उपलब्धि की खबर सुनते ही पूरे गांव में खुशी की लहर दौड़ गई।

### पंडोह पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने अंतिम दिन पंचायत घर में बिताया, लोगों का आभार जताया

**अनंत ज्ञान, पंडोह।** चंडीगढ़ मनाली राष्ट्रीय राज मार्ग पर स्थित पंडोह पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने अपना अंतिम दिन 31 जनवरी पंचायतघर में बिताया। जहां जरुरी कामकाज और फाईलों को निपटाया गया। एक दूसरे को मंगलकामनाएं दी गई। प्रधान गीता ने पंडोह की समस्त जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैंने और मेरी टीम ने पुरे पांच साल जनता के कार्यों को करने का प्रयास किया है। विकास गति को आगे बढ़ाते हुए नये आयाम स्थापित किए हैं। विकास निरंतर प्रक्रिया है। जो कार्य रह गये है उन्हें नयी पंचायत पुरा करेगी। हम लोगों के साथ जुड़े रहेंगे। इस अवसर पर विदाई भोज का भी आयोजन किया गया। निश्चित रूप से पंचायत जनप्रतिनिधियों ने विपरीत परिस्थितियों में कार्य किया है। इसलिए इनका कार्यकाल हमेशा याद किया जाता रहेगा।

# कजौटधार पंचायत में सामुदायिक भवन व दुकान जनता को समर्पित

अनंत ज्ञान

◆ पूर्व विधायक जवाहर ठाकुर ने किया उद्घाटन

**पधर।** उपमंडल पधर की ग्राम पंचायत कजौटधार में सामुदायिक भवन का शनिवार को उद्घाटन हो गया। 10 लाख से बने सामुदायिक भवन व दुकान का उद्घाटन द्रंग के पूर्व विधायक जवाहर ठाकुर ने किया। कजौटधार पंचायत में पहुंचने पर पूर्व विधायक जवाहर ठाकुर का ग्राम पंचायत प्रधान आशा देवी, उपप्रधान जय सिंह राणा व जनता ने जोरदार स्वागत किया। वही उन्होंने भवन की पूजा अर्चना कर उसका उद्घाटन किया।

वही प्रधान आशा देवी ने कहा कि जवाहर ठाकुर ने कजौटधार पंचायत को विधायक रहते करोड़ो की सहयोग राशि दी थी। जिस कारण आज पंचायत में विकास कार्यों की गंगा बही है। वही उन्होंने पूर्व विधायक जवाहर ठाकुर का यंहा पहुंचने पर धन्यवाद किया है।

इस मौके पर पूर्व विधायक जवाहर ठाकुर ने सामुदायिक भवन की स्थानीय जनता को बधाई दी और कहा कि हमारे कार्यकाल में साहल-गरलोग सड़क का उद्घाटन और पक्की की गई है। वही सरी से कुन्नू सड़क का निर्माण किया गया, करोड़ो रुपये से पानी की स्कीम तैयार कर लोगों को इसका लाभ मिल रहा है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जब प्रदेश के मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर, और जल शक्ति मंत्री महेंद्र सिंह थे और द्रंग में मैं विधायक था तो द्रंग में करोड़ो रुपये की विकास की गंगा बही है। वही उन्होंने कहा कि आने वाले समय मे विकास के कार्यो को आगे बढाया जायगा। इस मौके पर उन्होंने नौ महिला मंडलो को सम्मानित कर 4100 रुपये की राशि प्रदान की।

इस मौके पर प्रधान आशा देवी, उपप्रधान जय सिंह राणा, रमेश सोनी, राजू, पूर्व उपप्रधान मिलखी राम, वीरी सिंह, हुक्म सिंह, किशन, तेज राम, मोती राम, नगवाई के पूर्व प्रधान नेत्र चन्द, कश्मीर सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### बतैल-रतौली सड़क पर 10 तक बंद रहेगी वाहनों की आवाजाही

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** बतैल-हरियाली-टांडा-रमेहड़ा-रतौली सड़क पर इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक बिछाने के निर्माण कार्य के चलते वाहनों की आवाजाही पर पूर्णत: रोक रहेगी। एसडीएम सरकाघाट राजेन्द्र कुमार गौतम ने इस सड़क पर वाहनों की आवाजाही अस्थायी रूप से बंद रखने के आदेश जारी किए हैं। इस दौरान वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग बतैल-हरियाली टांडा से पीएचसी भाम्बला रोड निर्धारित किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस सड़क पर आवाजाही 02 फरवरी से 10 फरवरी तक पूरी तरह बंद रहेगी तथा सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही पर रोक रहेगी। इस दौरान आम जनता की सुविधा के लिए उचित स्थानों पर सूचना एवं डायवर्जन बोर्ड लगाए जाएंगे तथा आपात स्थिति से निपटने के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा एक वैकल्पिक वाहन और ठेकेदार का मोबाइल नंबर भी उपलब्ध करवाया जाएगा।

# क्रैक अकादमी ने दी स्कॉलरशिप

## कम फीस में प्रतियोगी परीक्षाओं की गुणवत्ता शिक्षा देने का संकल्प

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** मंडी में क्रैक अकादमी का शुभारंभ सामाजिक सरोकार के साथ किया गया, जिसमें हाल ही में आयोजित स्कॉलरशिप परीक्षा में सफल रहे मेधावी और जरूरतमंद विद्यार्थियों को आमंत्रित कर उनकी योग्यता के आधार पर स्कॉलरशिप प्रदान की गई। इस अवसर पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुभाष ठाकुर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे।

यह स्कॉलरशिप प्रतियोगी परीक्षाओं की फीस के रूप में दी जा रही है, जिससे विद्यार्थी भविष्य में जिन प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते हैं, उनमें एकेडमी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और कम फीस में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराएगी। क्रैक एकेडमी मंडी के डायरेक्टर धर्मेंद्र राणा ने बताया कि यह स्कॉलरशिप एकेडमी की ओर से दी जा रही है, क्योंकि सभी अभिभावकों के लिए महंगी कोचिंग फीस वहन करना संभव नहीं होता, बाहर शहरों में पढ़ाई के दौरान अतिरिक्त खर्च और वातावरण के कारण छात्रों को कठिनाइयों का


स्कॉलरशिप प्रदान करने के दौरान सामूहिक चित्र में। अनंत ज्ञान

सामना करना पड़ता है, जबकि प्रदेश के अधिकांश बच्चे ग्रामीण क्षेत्रों से आते हैं और आय के साधन सीमित हैं। इसी उद्देश्य से गांव के बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में क्रैक एकेडमी कार्य कर रही है।

उन्होंने बताया कि एकेडमी हिमाचल सरकार के सहयोग से कार्य कर रही है और सरकार का लक्ष्य प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से अधिकाधिक विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप उपलब्ध कराना है। एकेडमी में इंजीनियरिंग, एचएएस, बैंकिंग, डिफेंस, यूपीएससी, एसएससी, आईआईटी-जेईई सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाई जा रही है, जहां स्मार्ट टीवी और कंप्यूटर के माध्यम से लाइव कक्षाएं, ऑफलाइन कक्षाएं तथा वन-टू-वन मार्गदर्शन की सुविधा दी जा रही है। संस्थान का संकल्प है कि आर्थिक रूप से कमजोर छात्र भी पढ़-लिखकर बड़े अधिकारी बनें। यह स्कॉलरशिप यूपीएससी, एसएससी, एनडीए-सीडीएस, क्लैट, जेईई-नीट, इंश्योरेंस परीक्षाओं तथा छठी से दसवीं तक की पढ़ाई के लिए प्रदान की जाएगी।

### समाज को नशामुक्त बनाने का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय भोजपुर, सुंदरनगर के मोनाल ईको क्लब द्वारा समाज में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति के विरुद्ध जन-जागरूकता के उद्देश्य से नशा विरोधी जागरूकता रैली आयोजित की गई। रैली विद्यालय परिसर से शुरू होकर भोजपुर शहर की परिक्रमा करते हुए शांतिपूर्वक संपन्न हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने नशे के दुष्परिणामों से जुड़े प्रेरक नारों व संदेशों के माध्यम से आम जनता को जागरूक किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं समाज के प्रत्येक वर्ग को नशे से दूर रहकर स्वस्थ, स्वच्छ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। रैली को विद्यालय प्रभारी बनीता देवी, केंद्रीय प्राथमिक विद्यालय की मुख्याध्यापिका नर्वदा देवी, विद्यालय के पूर्व छात्र एवं प्रसिद्ध समाज सेवी सुरेश कौशल उर्फ बब्बू पंसारी तथा विकास पूरी यूथ व्यापारी संगठन अध्यक्ष जिला मण्डी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मोनाल ईको क्लब के प्रभारी रोशन लाल शास्त्री ने बताया कि भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

# जोगिंद्रनगर में यूरिया खाद के लिए भारी भीड़

## 1365 बोरियों की यूरिया खाद हुई उपलब्ध, देर शाम तक चला वितरण

अनंत ज्ञान

**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर स्थित खादी ग्रामोद्योग भवन में शनिवार को यूरिया खाद की खेप पहुंचने के बाद किसानों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। रबी फसलों के लिए खाद की आवश्यकता को देखते हुए क्षेत्र के किसान सुबह से ही भवन के बाहर कतारों में खड़े नजर आए। खाद वितरण का यह सिलसिला सुबह शुरू होकर देर शाम तक लगातार जारी रहा।जानकारी के अनुसार शनिवार दोपहर को यूरिया खाद से भरा चौथा ट्रक जोगिंदर नगर पहुंचा।

इस ट्रक के माध्यम से कुल 1365 बोरियां यूरिया खाद जोगिंदर नगर लाई गईं, जिन्हें किसानों को वितरण के लिए उपलब्ध कराया गया। खाद पहुंचने की सूचना मिलते ही आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में किसान खादी ग्रामोद्योग भवन पहुंचे। किसानों का कहना है कि इस समय रबी फसलों की बुवाई और बढ़वार का महत्वपूर्ण दौर चल रहा है, ऐसे में समय पर यूरिया खाद मिलना बेहद जरूरी है। बीते कुछ समय से खाद की कमी के कारण उन्हें परेशानी का


यूरिया खाद के लिए भारी भीड़ का दृश्य। अनंत ज्ञान

सामना करना पड़ रहा था, लेकिन अब खेप पहुंचने से उन्हें राहत मिली है। किसानों ने प्रशासन से भविष्य में भी खाद की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।

वहीं, खादी ग्रामोद्योग भवन के कर्मचारियों ने बताया कि किसानों की अधिक भीड़ को देखते हुए वितरण व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष प्रबंध किए गए। कतारबद्ध तरीके से खाद वितरित की गई, ताकि सभी किसानों को समान रूप से खाद मिल सके और किसी प्रकार की अव्यवस्था न फैले। कर्मचारियों के अनुसार आगे भी मांग के अनुरूप खाद की आपूर्ति सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं।खाद वितरण के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने पर भी ध्यान दिया गया। किसानों ने उम्मीद जताई है कि आने वाले दिनों में भी इसी तरह समय पर खाद उपलब्ध होती रहेगी, जिससे उनकी फसलों को उचित पोषण मिल सके और उत्पादन प्रभावित न हो।

# गुरु रविदास महाराज के प्रकाश पर्व पर निकाली भव्य शोभायात्रा

अनंत ज्ञान

**जोगिंद्रनगर।** संत शिरोमणि जगतगुरु सतगुरु गुरु रविदास महाराज जी के 649वें प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर श्री गुरु रविदास गुरुद्वारा सभा हराबाग की ओर से आज एक भव्य, ऐतिहासिक एवं विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा श्री गुरु रविदास गुरुद्वारा हराबाग से विधिवत रूप से प्रारंभ होकर जोगिंद्रनगर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए पूरे बाजार क्षेत्र की परिक्रमा करती हुई श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ संपन्न हुई।

शोभायात्रा के दौरान गुरु रविदास महाराज जी की पावन गुरबाणी का मधुर गायन किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण सुप्रसिद्ध गतका पार्टी रही, जिन्होंने साहसिक करतबों का प्रदर्शन कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। ढोल-नगाड़ों की गूंज, धार्मिक झांकियों और जयकारों से पूरा जोगिंदर नगर गुरु रविदास महाराज जी के संदेशों से गूंजायमान हो गया। शहर के विभिन्न स्थानों पर संगत एवं स्थानीय श्रद्धालुओं द्वारा भंडारों का आयोजन किया गया, जहां हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन के माध्यम से समाज में भाईचारे, समानता और आपसी सौहार्द का संदेश दिया गया। श्रद्धालुओं ने गुरु रविदास महाराज जी की शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प भी लिया।

इस अवसर पर श्री गुरु रविदास गुरुद्वारा सभा हराबाग के साथ-साथ ढेलू, गरोडू, आरठी, टिकरू, गढ़ूही एवं कस की संगत ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विभिन्न गांवों व क्षेत्रों से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा में शामिल होकर गुरु महाराज जी के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। गुरुद्वारा सभा के पदाधिकारियों ने बताया कि गुरु रविदास महाराज जी की शिक्षाएं समाज को समानता, मानवता, प्रेम और भाईचारे का मार्ग दिखाती हैं। शोभायात्रा के सफल आयोजन के लिए गुरुद्वारा सभा हराबाग की ओर से सभी संगतों, स्वयंसेवकों, स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन का सहयोग के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया गया। पूरा आयोजन शांतिपूर्ण, अनुशासित एवं गरिमामय ढंग से संपन्न हुआ।

# अत्याधुनिक लेप्रोस्कॉपी मशीन मिलने पर कांग्रेस नेताओं ने सीएम का जताया आभार

अनंत ज्ञान

◆ जोगिंद्रनगर के लोगों को अब नहीं जाना पड़ेगा दूर

**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर सिविल अस्पताल को स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक बड़ी सौगात मिली है। अस्पताल को अत्याधुनिक लेप्रोस्कॉपी सीओटू इंसफ्लोएटर मशीन उपलब्ध करवाई गई है, जिससे अब क्षेत्र के मरीजों को आधुनिक और उन्नत सर्जरी सुविधाएं स्थानीय स्तर पर ही मिल सकेंगी।

इस उपलब्धि पर जोगिंद्रनगर जीवन और नगर परिषद जोगिंद्रनगर की पार्षद शिखा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में निरंतर गंभीर प्रयास कर रही है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश के कुल 19 अस्पतालों को यह अत्याधुनिक लेप्रोस्कॉपी सीओटू इंसफ्लोएटर मशीन देने की घोषणा की गई है, जिसमें जोगिंद्रनगर सिविल अस्पताल को भी शामिल किया गया है। पार्षद शिखा ने कहा कि इस मशीन के आने से जोगिंद्रनगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को अब इलाज के लिए टांडा, नेरचौक या अन्य बड़े अस्पतालों में रेफर नहीं होना पड़ेगा। इससे मरीजों का समय और धन दोनों की बचत होगी। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का धन्यवाद करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार का यह कदम आम जनता, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं को सुलभ और आधुनिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# फ्रेंड्स-11 ने चहड़ वारियर्स को हराकर जीती क्रिकेट प्रतियोगिता


होनहार बच्चों के साथ विधायक चंद्रशेखर। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** दरव्यास थिना हेलीपैड में आयोजित डीपीएल (दरव्यास प्रीमियर लीग) 2026- सत्र 2 क्रिकेट टूर्नामेंट का सफल समापन हुआ। ग्रामीण और स्थानीय प्रतिभाओं को मंच देने वाले इस टूर्नामेंट में कुल 25 टीमों ने भाग लिया, जिससे पूरे क्षेत्र में खेल भावना और उत्साह देखने को मिला।

समापन समारोह में मुख्यातिथि सूबेदार मेजर गुरुदेव शर्मा जी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और आयोजन के लिए 5100 का सहयोग प्रदान किया। ग्राम पंचायत रियूर के प्रधान दुष्यंत शर्मा ने भी खेलों को बढ़ावा देने के लिए 5100 का योगदान दिया। आयोजकों सचिन सकलानी, हेमंत शर्मा, महेंद्र सकलानी और कुलदीप ने बताया कि कई अन्य गणमान्य अतिथियों ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

फाइनल मुकाबले में फ्रेंड्स-11 ने 7 ओवर में 66 रन का लक्ष्य रखा। जवाब में चहड़ वारियर्स की टीम 29 रन पर सिमट गई। शानदार प्रदर्शन के साथ फ्रेंड्स-11 ने खिताब जीता और 15,000 नकद पुरस्कार व ट्रॉफी प्राप्त की, जबकि उपविजेता चहड़ वारियर्स को 10,000 का पुरस्कार मिला।

मैन ऑफ द सीरीज हेम सिंह, मैन ऑफ द मैच राकेश और बेस्ट बॉलर सचिन सकलानी रहे। अंपायर की भूमिका अनिल और रमेश ने निभाई। आयोजक समिति ने सभी अतिथियों, सहयोगकर्ताओं और खिलाड़ियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर देते हैं।

## अनदेखी सड़क चौड़ीकरण में नाली, कलवर्ट और डंगे न बनाए जाने के लगाए आरोप

# पंडोह-शिवा बदार सड़क निर्माण पर उठे सवाल

अनंत ज्ञान

**बालक राम, पंडोह।** पंडोह-शिवा बदार सड़क बदार घाटी की सबसे प्रमुख सड़क है। यह सड़क पीएमजीएस वाई में शुमार है। जिसको साफ- सुन्दर और चौड़ा करने के लिए भारत सरकार की ओर से लगभग 14 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। मगर स्थानीय लोगों को यह कार्य पसंद नहीं आ रहा है। बहुत से प्रश्न खड़े किए जा रहे हैं। जिसमें केंद्रीय पोषित योजनाओं के पैसों का दुरुपयोग सबसे बड़ा सवाल है।

स्थानीय निवासी गोपाल ठाकुर ने केन्द्र सरकार से इस सड़क निर्माण कार्य की जांच करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस सड़क मार्ग के साथ कोई भी नाली या कलवर्ट नहीं बनाए गए हैं। यहां तक कि बरसाती स्लीप तक को नहीं हटाया गया है। 19 किलोमीटर इस सड़क में से मात्र 120 मीटर हिस्से को चौड़ा किया है जबकि बाकी हिस्से में दूसरी गाड़ी को पास देना भी सम्भव नहीं है। डंगे कहीं नहीं लगाए गए हैं। सड़क मार्ग पर कोलतार बिछाने का कार्य भी मात्र सड़क काली करना भर है। जो अभी उखड़ने भी लगी है। पुरा कार्य गुणवत्ता को दरकिनार करते हुए मात्र पैसे की बर्बादी के सिवा कुछ नहीं। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को भी कठघरे में खड़ा करते हुए कहा कि उनकी देख रेख में ठेकेदार और निर्माण कम्पनी को खुली छूट मिली हुई है। जिसके चलते घटिया निर्माण और निम्न स्तर की निर्माण सामग्री का उपयोग किया जा रहा है।

उन्होंने स्थानीय लोगों के सिर लोक निर्माण विभाग की एक स्थानीय जांच कमेटी गठित करने की मांग की है। ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो जाए। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता प्रवीण कुमार ने बताया कि सड़क निर्माण और चौड़ा करण नियमों और सभी मानदंडों के आधार पर किया गया है। अभी कलवर्ट, डंगे और ड्रैनेज का कार्य प्रगति पर है। गांव तुधला और उबा में कटींग नहीं हो सकी क्योंकि वहां निजी भूमि है। जहां जहां चौड़ा करने की सम्भावना थी, वहां सड़क चौड़ी की गई है। यह ग्रामीण सड़क है। इसे नैशनल हाइवे ना समझे। उन्होंने कहा कि शिवा बदार बस ठहराव को भी अच्छा बनाया जा रहा है। सड़क निर्माण में कोई कोताही नहीं बरती गई है। फिर भी कोई कमी हो तो विभाग को बताएं, तुरंत समाधान होगा। उन्होंने गड़बड़ी के सभी आरोपों को सिरे से खारीज किया है।


पंडोह-शिवा बदार सड़क निर्माण का दृश्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान खास खबर

न्यूज ब्रीफ

## सुंगल स्कूल के बच्चों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय उच्च विद्यालय सुंगल के छात्र-छात्राओं ने तृप्ति न्यूट्रल हिमाचल इंडस्ट्रियल एरिया बिलासपुर में एक ज्ञानवर्धक शैक्षणिक भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने अचार, जैम सहित विभिन्न खाद्य उत्पादों के निर्माण की प्रक्रिया को नजदीक से देखा। उद्योग के निदेशक इंद्र ठाकुर ने कच्चे माल के चयन, स्वच्छता, प्रसंस्करण, पैकेजिंग और गुणवत्ता नियंत्रण की जानकारी सरल भाषा में दी। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछकर व्यावहारिक ज्ञान अर्जित किया। विद्यालय की वोकेशनल अध्यापिका विजय रानी ने बताया कि कक्षा छठी से आठवीं तक के 33 विद्यार्थियों ने भ्रमण में भाग लिया। उन्होंने कहा कि ऐसे भ्रमण विद्यार्थियों में कौशल विकास और उद्यमिता की समझ विकसित करते हैं। अंत में विद्यार्थियों ने उद्योग प्रबंधन का आभार व्यक्त किया।

## शिक्षक परिषद की ऑफलाइन बैठक आज

**अनंत ज्ञान घुमारवीं।** हिमाचल राजकीय संस्कृत शिक्षक परिषद की एक महत्वपूर्ण राज्यस्तरीय बैठक आगामी 1 फरवरी को बिलासपुर जिला के घुमारवीं स्थित टकरेड़ा शिव मंदिर में आयोजित की जाएगी। नवगठित कार्यकारिणी की यह पहली व्यापक ऑफलाइन बैठक होगी जिसमें प्रदेश भर के संस्कृत शिक्षकों के हितों और संस्कृत भाषा के उत्थान पर विस्तृत मंथन होगा। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में संस्कृत शिक्षकों की लंबित समस्याओं पर चर्चा करना और छात्रों के बीच संस्कृत विषय के प्रति रुचि पैदा करने के लिए नई रणनीतियां बनाना है।

## पंचायत प्रतिनिधियों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, जोल।** डीहर पंचायत में पंचायत के पांच वर्षीय कार्यकाल की सफल पूर्णता के उपलक्ष्य में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन युवा समाजसेवी विजय शर्मा सन्नी के नेतृत्व में किया गया, जिसमें पंचायत के निर्वाचित प्रतिनिधियों को उनके कार्यकाल के दौरान किए गए विकास कार्यों और जनसेवा के लिए सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के दौरान पंचायत प्रधान कृष्णा देवी, उप प्रधान रघुवीर सिंह, पंचायत सचिव संजीव कुमार,पंचायत सदस्य चरंजी लाल, सुरेश कुमार, संदला देवी, सुनीता देवी, प्रेमचंद, सिलाई अध्यापिका सुषमा देवी, चौकीदार सत्येंद्र नाथ सहित कई सदस्यों को शॉल, उपहार और स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। विजय शर्मा ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधि गांव और प्रशासन के बीच सेतु का कार्य करते हैं और उनके प्रयासों से ही गांव का विकास संभव होता है।

## पीएम श्री स्कूलों के मेधावियों ने किया भ्रमण

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** हिमाचल प्रदेश के पीएम श्री स्कूलों के 76 मेधावी छात्रों ने 24 से 28 जनवरी तक समग्र शिक्षा के अंतर्गत बंगलौर में आयोजित शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान विद्यार्थियों ने बंगलौर पैलेस, फूल प्रदर्शनी, वंडरलॉ, इसरो, इस्कॉन टेम्पल और विश्वेश्वरैया विज्ञान संग्रहालय का भ्रमण किया। ऊना जिले के पीएम श्री स्कूल बेहडाला व अंब के आठ विद्यार्थियों ने भी इस यात्रा में सहभागिता की, जिनके साथ एस्कॉर्ट शिक्षक के रूप में एसएमटी अनु सैंडल रहीं। इसरो में वरिष्ठ वैज्ञानिक बी. शंकर मेहरसामी ने विद्यार्थियों को चंद्रयान-3 और मंगल मिशन की जानकारी देकर प्रेरित किया। भ्रमण को विद्यार्थियों और शिक्षकों ने अत्यंत उपयोगी बताया।

## डिप्टी डायरेक्टर को इंडियन एक्सीलेंस अवार्ड

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** रिजिनल वॉटर स्पोर्ट्स पौंग डैम के प्रभारी एवं अटल बिहारी वाजपेई पर्वतारोहण खेल संस्थान मनाली के डिप्टी डायरेक्टर राकेश वालिया को हिमाचल प्रदेश में वॉटर स्पोर्ट्स को प्रोत्साहित करने के लिए इंडियन एक्सीलेंस अवार्ड-2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान लाडली फाउंडेशन, हिमाचल रेनबो स्टार क्लब एवं गोविंद सागर एडवेंचर एंड वॉटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रदान किया गया। लाडली फाउंडेशन की राज्य अध्यक्ष शालू अख्तर ने बताया कि राकेश वालिया पिछले करीब 29 वर्षों से युवाओं को स्विमिंग, कायाकिंग, राफ्टिंग, ड्रैगन बोट और सेलिंग जैसे वॉटर स्पोर्ट्स में आगे बढ़ाने हेतु निरंतर कार्य कर रहे हैं। उनके प्रयासों से कई युवाओं को खेल कोटे के अंतर्गत रोजगार के अवसर भी प्राप्त हुए हैं।

## भंजाल स्कूल के छात्रों को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भंजाल में स्वास्थ्य विभाग सिविल हॉस्पिटल गगरेट द्वारा राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम के तहत एक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में मेडिकल ऑफिसर डॉ. सुजाता कपिला ने छात्रों को व्यक्तिगत स्वच्छता, नशे से बचाव, मानसिक तनाव प्रबंधन, पोषण और स्वास्थ्य के अन्य पहलुओं के बारे में जानकारी दी। इस कार्यक्रम में पांच छात्रों- सिमरन, गिरिजा, प्रज्ञा, कार्तिक और मीनाक्षी-ने सक्रिय भाग लिया और स्वास्थ्य विभाग द्वारा सम्मानित किए गए। स्कूल के प्रिंसिपल राजन शर्मा ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया और बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों में स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति जागरूकता विकसित करते हैं।

## श्रीकृष्ण विवाह का भव्य व भक्तिमय आयोजन

**अनंत ज्ञान, अंब।** पंजोआ कलां स्थित श्री हीरा आत्म आश्रम में श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन श्रीकृष्ण एवं देवी रुक्मिणी के विवाह का भव्य आयोजन हुआ। कथा के दौरान विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया गया, जिससे श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। पूरे आश्रम परिसर को भक्ति संगीत, भजन-कीर्तन और मंगल गीतों से सजाया गया। श्रद्धालुओं ने मधुर भजनों पर झूमकर नृत्य किया और विवाह प्रसंग में पुष्प वर्षा कर अपनी श्रद्धा प्रकट की। कार्यक्रम के अंत में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सभी उपस्थित श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आश्रम के अधिष्ठाता स्वामी नारायण पूरी ने आगामी समापन हवन और भंडारे में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया।

## अक्षत मिस्टर व पल्लवी बनी मिस फेयरवेल

**अनंत ज्ञान, लठियानी।** डीएवी पब्लिक स्कूल लठियानी में कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य और भावनात्मक फेयरवेल आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक, सांस्कृतिक और व्यक्तित्वगत उपलब्धियों को सम्मानित करना तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करना था। कार्यक्रम में रोचक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अक्षत शर्मा को 'मिस्टर फेयरवेल', पल्लवी सरोया को 'मिस फेयरवेल', तरुण वंशिका को 'मिस्टर/मिस पर्सनालिटी' आदि उपाधियों प्रदान की गई। कार्यकारी प्रधानाचार्य सुमन सैनी ने अनुशासन, मेहनत और संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को भविष्य के लिए प्रेरित किया। फेयरवेल का वातावरण उत्साह, आत्मीयता और अविस्मरणीय पलों से भरा रहा।

## विद्यार्थियों ने सड़क सुरक्षा का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर में परिवहन विभाग द्वारा आयोजित 38वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 का समापन शुक्रवार को हुआ। अतिरिक्त उपायुक्त ओम कांत ठाकुर ने डीसी कार्यालय से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला तक सड़क सुरक्षा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों ने भाग लिया और जनता को सड़क सुरक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया। समापन समारोह में एडीसी ने सीट बेल्ट, हेलमेट, निर्धारित गति सीमा और नशे में वाहन न चलाने जैसी सावधानियों का पालन करने का आग्रह किया। अभियान के दौरान क्विज, पेंटिंग, कविता पाठ, नुक्कड़ नाटक और निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किए गए। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी राजेश कुमार कौशल ने राहवीर योजना और कैशलेस उपचार की जानकारी भी साझा की।

## लड़यानी में 61 लोगों का फ्री जांचा स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत गतवाड़ के वार्ड 1, लड़यानी (भराड़ी) में सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा के तहत स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। डॉ. देवेश के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में फार्मासिस्ट आशीष, कुसुम लता और अक्षय राय भी मौजूद रहे। शिविर में 28 पुरुष और 33 महिलाएं सहित कुल 61 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई और 58 लोगों की रक्त जांच भी की गई। जांच में उच्च रक्तचाप के 3, मधुमेह के 15, जोड़ों के दर्द के 3 और गठिया संबंधी 6 मरीज पाए गए। स्वास्थ्य शिविर में बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चों की सामान्य जांच निःशुल्क की गई और उपयुक्त दवाइयों का वितरण भी किया गया। स्थानीय ग्रामीणों, उप प्रधान अजय शर्मा और पंचायत प्रतिनिधियों ने इस निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा के लिए प्रयास संस्था और सांसद अनुराग ठाकुर का धन्यवाद किया।

## यातायात नियमों का पालन करने का संदेश

**अनंत ज्ञान, लठियानी।** उपमंडल बंगाणा के राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थानाकलां में 'सड़क सुरक्षा क्लब' के अंतर्गत सड़क सुरक्षा पर एक प्रेरणादायक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छह टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कला संकाय की कृतिका व श्वेता, वाणिज्य संकाय के हर्षित व गगन और विज्ञान संकाय की मीनाक्षी व कनिका ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वाणिज्य संकाय के हर्षित और गगन को प्रथम स्थान घोषित किया गया। प्रधानाचार्य संजीव पराशर ने नियमों का पालन करने, नाबालिग वाहन न चलाने और समाज में जागरूकता फैलाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में उप-प्रधानाचार्य बलविंदर शर्मा, शिक्षकगण एवं सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया। विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# कुटलैहड़ में वर्षों पुरानी कम वोल्टेज की समस्या का हुआ स्थायी समाधान

## विधायक विवेक के प्रयासों से मकरैड गांव में बदला ट्रांसफार्मर, ग्रामीणों को मिली राहत

अनंत ज्ञान

**बंगाणा/कुटलैहड़।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा के निरंतर प्रयासों से क्षेत्र की वर्षों पुरानी कम वोल्टेज समस्या का स्थायी समाधान हो गया है। ग्राम पंचायत चंगर के मकरैड और परोईयां कला के खरवेहड़ी गांव में पुराने 25 केवीए ट्रांसफार्मर हटाकर 63 केवीए क्षमता के नए ट्रांसफार्मर लगाए गए।

ग्रामीणों का कहना है कि पहले कम वोल्टेज के कारण घरेलू और कृषि कार्य प्रभावित होते थे। गर्मियों में पंखे, कूलर, फ्रिज और पानी की मोटर ठीक से काम नहीं करते थे। अब अधिक क्षमता वाले ट्रांसफार्मर से बिजली आपूर्ति सुचारू हो गई है और भविष्य में बढ़ती बिजली जरूरतों को पूरा करना आसान होगा। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि उनका उद्देश्य गांव और आम आदमी की समस्याओं का घर-द्वार समाधान करना है। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर स्थिति का जायजा लिया और बिजली विभाग के साथ समन्वय कर तुरंत कार्यवाही सुनिश्चित की। उनके प्रयास केवल मकरैड तक सीमित नहीं रहे, बल्कि खरवेहड़ी गांव में आपदा से क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर को भी बदलवाया गया। साथ ही, विधायक ने बताया कि राज्य सरकार और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के सहयोग से आपदा प्रभावित करीब 600 परिवारों को पक्के घर बनाने के लिए 3.5 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता दी गई है। उनका कहना है कि विकास कार्यों के साथ-साथ जरूरतमंदों को सम्मानजनक जीवन प्रदान करना भी प्राथमिकता है।

नए ट्रांसफार्मर और आर्थिक सहायता से ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। लोग अब स्थिर बिजली आपूर्ति और बेहतर जीवन की उम्मीद कर रहे हैं। भविष्य में विधायक विवेक शर्मा क्षेत्र में बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं को और मजबूत करने का भरोसा दिला रहे हैं।



मकरैड गांव में बदला ट्रांसफार्मर, ग्रामीणों को मिली राहत। अनंत ज्ञान

# बड़ूही बाजार में रात का अंधेरा हुआ दूर, सोलर लाइटों से जगमगाया क्षेत्र



रात्रि के समय बड़ूही बाजार में जगमगाती सोलर लाइट्स। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**बड़ूही ( ऊना )।** बंगाणा उपमंडल के बड़ूही बाजार क्षेत्र में अब रात के समय अंधेरा बीते दिनों की बात हो गई है। चिंतपूर्णी ट्रस्ट की ओर से बाजार में स्थापित सोलर लाइटों से पूरा क्षेत्र दूधिया रोशनी से जगमगाने लगा है। इस पहल से न केवल बाजार की सुंदरता बढ़ी है, बल्कि रात्रि यातायात और पैदल आवाजाही भी पहले से अधिक सुरक्षित हो गई है।

यह व्यवस्था एसडीएम अंब और डीएसपी अंब अनिल पटयाल के निर्देशानुसार की गई थी। मुख्य उद्देश्य रात में अंधेरे और तीखे मोड़ों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं की आशंका को कम करना था। अब रोशनी के फैलाव से वाहन चालकों और पैदल यात्रियों दोनों को बड़ी राहत मिली है।

बड़ूही पंचायत के प्रधान जगदीश राम ने कहा कि अतीत में पर्याप्त रोशनी के अभाव में वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी होती थी, जबकि अब तीखे मोड़ स्पष्ट दिखाई देने लगे हैं। बड़ूही व्यापार मंडल के प्रधान नरेंद्र शर्मा, स्थानीय दुकानदार मुनीश लंबरदार, अश्विनी गुप्ता समेत अन्य नागरिकों ने प्रशासन, पंचायत और ट्रस्ट का आभार जताया। स्थानीय लोगों का मानना है कि यह पहल सुरक्षा के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा बचत की दिशा में भी महत्वपूर्ण है। सोलर लाइटों से बड़ूही बाजार अब रात के समय सुरक्षित, रोशन और आकर्षक नजर आ रहा है।

## ऊना कॉलेज में हैकिंग विषय पर व्याख्यान और जंगल गतिविधियों का आयोजन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना कॉलेज में आयोजित स्काउट्स एंड गाइड्स प्रवेश कैंप के चौथे दिन की शुरुआत बीपी सिक्स व्यायाम और प्रार्थना गीत के साथ हुई। इसके बाद प्रवेश परीक्षण लिया गया और विद्यार्थियों को हैकिंग विषय पर डॉ. शाम सिंह बैंस द्वारा व्याख्यान दिया गया। व्याख्यान के पश्चात विद्यार्थियों को बल्ह खालसा के जंगलों में ले जाकर हैकिंग गतिविधियों में भाग कराया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने सीमित संसाधनों का उपयोग करते हुए भोजन तैयार किया और जंगल में विभिन्न पेड़-पौधों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

# ट्रैफिक जाम से मिलेगी मुक्ति

## मोईन थाने में रोड सेफ्टी क्लब की बैठक आयोजित



बैठक के दौरान एसएचओ के साथ अन्य गणमान्य सदस्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**चिंतपूर्णी।** सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से शुक्रवार को मोईन थाना परिसर में रोड सेफ्टी क्लब की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी संजीव कुमार ने की। बैठक का मुख्य एजेंडा कस्बे में बढ़ते ट्रैफिक दबाव को कम करना व दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की पहचान कर उनमें सुधार करना रहा। बैठक के दौरान क्लब के सदस्यों ने क्षेत्र में ट्रैफिक से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। सदस्यों ने अवगत कराया कि विशेष पर्वों, त्योहारों और भीड़-भाड़ वाले दिनों में मुख्य मार्ग पर वाहनों का अत्यधिक दबाव बढ़ जाता है, जिससे स्थानीय निवासियों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस समस्या के समाधान के रूप में सर्वसम्मति से प्रस्ताव रखा गया कि ट्रैफिक के अत्यधिक दबाव के समय वापसी करने वाले वाहनों को मोईन रोड की तरफ से डायवर्ट कर भेजा जाए। इससे मुख्य बाजार और चौराहे पर जाम की स्थिति नहीं बनेगी और यातायात सुचारू रूप से चलता रहेगा।

एसएचओ ने सदस्यों के सुझावों पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए आश्वासन दिया कि पुलिस बल इस नए रूट प्लान को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए तैनात रहेगा। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि आम नागरिकों का सहयोग भी इसमें अनिवार्य है।

## अब सोमवार की बजाय हर शुक्रवार को पुराने स्थल पर लगेगी सब्जी मंडी

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला प्रशासन ऊना द्वारा यातायात व्यवस्था को सुचारू, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से मेहतपुर-बसदेहड़ा क्षेत्र में नो पार्किंग एवं नो वेंडिंग ज़ोन घोषित किए थे। इस संबंध में मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 115 एवं 117 के तहत जारी किए गए आदेशों में जिला दंडाधिकारी ऊना जतिन लाल ने आंशिक संशोधन किया है। जारी आदेशों के अनुसार, मैहतपुर-बसदेहड़ा में लगने वाली किसान सब्ज़ी मंडी अब सोमवार के बजाय प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित की जाएगी। यह मंडी दोपहर 2 बजे से रात 8 बजे तक बसदेहड़ा के ओवरहेड टैंक के समीप पुराने निर्धारित स्थल पर लगेगी। इस अवधि के दौरान संबंधित क्षेत्र में किसी भी प्रकार के दोपहिया, चारपहिया अथवा अन्य वाहनों की पार्किंग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी। जिला दंडाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों, अधिकारियों, दुकानदारों तथा आम जनता से आदेशों की सख्ती से अनुपालना सुनिश्चित करने का आग्रह किया है, ताकि क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे और आमजन की सुविधा एवं सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# अमोकला प्रीतम गांव की जर्जर सड़क से ग्रामीणों को मिलेगी मुक्ति : सुदर्शन

अनंत ज्ञान

**चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव अमोकला प्रीतम के निवासियों के लिए सड़क की जर्जर हालत अब जी का जंजाल बन गई है। लगभग 16 करोड़ रुपये की लागत से शहीद कैप्टन अमोल कालिया मार्ग (चिंतपूर्णी-किन्नू-अमोकला-प्रीतम) का निर्माण कार्य तो चल रहा है, लेकिन धरातल पर ग्रामीणों को अभी तक सही कनेक्टिविटी नसीब नहीं हुई है।

इस समस्या को लेकर ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल विधायक सुदर्शन सिंह बबलू से मिला, जिस पर विधायक ने कड़ा संज्ञान लेते हुए विभाग को तुरंत सड़क निर्माण के निर्देश दिए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने बेहतर सड़क और कनेक्टिविटी की उम्मीद में अपनी बेशकीमती जमीन विभाग को दान दी थी। लेकिन आज करोड़ों के बजट के बावजूद स्थिति यह है कि मार्ग पर जगह-जगह गहरे गड्ढे पड़ चुके हैं, जिससे यह सड़क बंद होने की कगार पर है।

ग्रामीण प्रिंस शर्मा, सुरेश कुमार, सुषमा देवी, लता, नमिता, प्रदीप, अनिल, अश्वनी कुमार, शिवानी शर्मा, राहुल, मोहित, संजीव कुमार, राम पाल, मीनाक्षी देवी, गुलजारी लाल, बबलू और गोपाल किशन ने विधायक सुदर्शन सिंह बबलू को लिखित शिकायत सौंपकर अपनी व्यथा सुनाई। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि यदि जल्द ही संपर्क मार्ग को दुरुस्त नहीं किया गया, तो उनका जीना मुहाल हो जाएगा।

विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने मामले की गंभीरता को देखते हुए हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को तुरंत इस दिशा में कदम उठाने और ग्रामीणों की मांग के अनुरूप सड़क निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए हैं। विधायक ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि विकास कार्यों में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और उन्हें जल्द ही बेहतर मार्ग की सुविधा मिलेगी।



# भाषण में वर्षा और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में एकता ने मारी बाजी



रैली निकालने के बाद विद्यार्थी और अध्यापक। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** महात्मा गांधी को याद करते हुए शनिवार को मरहाणा स्कूल में विश्व कुष्ठ निवारण दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश कुमार ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशि दत्त शर्मा ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को झंडी दिखाकर रैली को रवाना करने के साथ किया। यह रैली विद्यालय से होती हुई पंचायत भवन तक पहुंची। इस रैली का उद्देश्य समाज में कुष्ठ रोग को लेकर व्याप्त भेदभाव और कलंक को दूर करने के प्रति जनचेतना जगाना था। इस अवसर पर विद्यालय में भाषण एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। भाषण प्रतियोगिता में वर्षा ठाकुर ने प्रथम, नर्मता ने द्वितीय तथा शिवांशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, पोस्टर मेकिंग में एकता ने प्रथम, तन्वी चौहान ने द्वितीय और पूजा ने तृतीय स्थान हासिल किया। इस कार्यक्रम में जिला स्वास्थ्य शिक्षक गोपाल कौशल, विवेक कुमार, अनुराधा शर्मा, राजकुमार सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं बच्चे उपस्थित रहे।

## दाबला-गतोल सड़क नहीं बनी तो करेंगे घेरावः राजेंद्र गर्ग

**अनंत ज्ञान, भराड़ी।** पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र गर्ग ने चेतावनी दी है कि यदि दाबला-गतोल सड़क का निर्माण शीघ्र शुरू नहीं हुआ तो भाजपा स्थानीय लोगों के साथ मिलकर लोक निर्माण विभाग कार्यालय का घेराव करेगी। दाबला पंचायत में डोर-टू-डोर जनसंवाद के दौरान गर्ग ने कांग्रेस सरकार और तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी पर आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में नाबार्ड से स्वीकृत 5.80 करोड़ रुपये की सड़क को राजनीतिक द्वेष के चलते जानबूझकर लटकाया गया है। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण के लिए शिलान्यास पट्टिका तक तैयार हो चुकी थी, जिसे बाद में हटवा दिया गया। गर्ग ने कहा कि सड़क न बनने से क्षेत्र के लोगों, विशेषकर स्कूली बच्चों, महिलाओं और मरीजों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। जनसंवाद के दौरान ग्रामीणों ने भी सड़क निर्माण में देरी पर रोष जताया।

# बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मोहा मन

## बालक इंटरनेशनल स्कूल निहान का वार्षिक समारोह धूमधाम से संपन्न



होनहार बच्चों को सम्मानित किया गया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**बरठी।** बालक इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल निहान में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़े ही हर्षोल्लास, गरिमा एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जीत राम कटवाल रहे, विशिष्ट अतिथि कृष्ण लाल, जबकि समारोह की अध्यक्षता रामजी दास ने की।

समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। विद्यालय के चेयरमेन मनोहर लाल ने मुख्य अतिथि, अध्यक्ष तथा अन्य अतिथियों का स्वागत कर उन्हें स्मृति चिह्न भेंट किए। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत, नृत्य, नाटक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। मुख्यातिथि सोहन लाल ने कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र के विकास की मजबूत नींव है। उन्होंने विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत, अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष रामजी दास ने विद्यालय द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास एवं प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देते हैं। समारोह के दौरान शैक्षणिक, खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

इस अवसर पर देवा नंद,रितेश शर्मा, अमरनाथ, गौरव सुर्दशन, शिवदयाल शास्त्री, ऋषि राम, सत्यपाल, चमन लाल, जगदीश, रमेश एवं सतीश खजुरिया सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार की ओर से सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

## अवैध निर्माण की रोकथाम पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान, ऊना।** पंचायतों में सुनियोजित और संतुलित विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उप-मंडलीय नगर एवं ग्राम योजना कार्यालय, ऊना ने बहडाला पंचायत घर में जागरूकता शिविर आयोजित किया। शिविर की अध्यक्षता सहायक नगर योजनाकार निर्मल सिंह ने की। इसमें पंचायतों के प्रधान, उप-प्रधान, सचिव और वार्ड सदस्य शामिल हुए। निर्मल सिंह ने नगर एवं ग्राम योजना अधिनियम, 1977 और ऊना योजना/विशेष क्षेत्र नियमों की जानकारी दी और कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों को अपने वार्डों में जनता को जागरूक करना चाहिए। उन्होंने अवैध निर्माण के रोकथाम, प्लॉट स्वीकृति, रेरा पंजीकरण और अधिसूचित योजना क्षेत्रों में निर्माण की आवश्यकताओं पर जोर दिया। शिविर में यह भी स्पष्ट किया गया कि बिना विभागीय अनुमति किसी भी निर्माण से भविष्य में समस्याएँ उत्पन्न हो सकती हैं। शिविर में योजना अधिकारी रमेश चन्द, वरिष्ठ प्रारूपकार रवि किशोर, कनिष्ठ अभियंता राधा देवी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रयास | टीबी उन्मूलन की दिशा में किए जा रहे प्रयास से निर्णायक दौर में बिलासपुर

# 29 पंचायतें पिछले वर्ष हुई टीबी मुक्त

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में टीबी उन्मूलन की दिशा में किए जा रहे प्रयास अब निर्णायक चरण में पहुंच चुके हैं। पिछले वर्ष जिले की 29 ग्राम पंचायतों को टीबी-मुक्त घोषित किया गया था, जबकि वर्तमान वर्ष शेष पंचायतों में व्यापक सर्वे और सत्यापन का कार्य जारी है। जैसे-जैसे सत्यापन प्रक्रिया पूरी होगी, फरवरी माह के अंत तक नई टीबी-मुक्त पंचायतों की स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।

निश्चित रूप से बिलासपुर जिला टीबी-मुक्त बनने की ओर तेज़ी से अग्रसर है। इस अभियान को सफल बनाने में जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त एवं सक्रिय भूमिका अहम साबित हो रही है, जिससे जमीनी स्तर पर बीमारी की पहचान, उपचार और रोकथाम को प्रभावी ढंग से अंजाम दिया जा रहा है।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार पिछले वर्ष 29 पंचायतों को टीबी-मुक्त घोषित किया जाना जिले के लिए एक बड़ी उपलब्धि रही। इन पंचायतों में न केवल नए टीबी मामलों की रोकथाम हुई, बल्कि पहले से चिन्हित मरीजों का समयबद्ध और पूर्ण उपचार सुनिश्चित किया गया। नियमित फॉलो-अप, दवा अनुपालन और निगरानी व्यवस्था ने संक्रमण की श्रृंखला को तोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।.वर्तमान में जिले की शेष पंचायतों में घर-घर सर्वे, एक्टिव केस फाइंडिंग और संदिग्ध मरीजों की जांच का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। सत्यापन की प्रक्रिया पूरी होते ही नई पंचायतों को टीबी-मुक्त घोषित करने की कार्रवाई की जाएगी।

### जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त रणनीति

**टीबी** उन्मूलन अभियान को मजबूती देने के लिए जिला प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर लगातार समीक्षा की जा रही है। आशा कार्यकर्ताओं, आंगनवाड़ी कर्मचारियों और स्वास्थ्य संस्थानों की टीमों को इस अभियान से जोड़ा गया है, ताकि किसी भी संभावित मरीज की पहचान समय रहते हो सके।

### उपायुक्त की सक्रिय भूमिका

**इस** पूरे अभियान में उपायुक्त राहुल कुमार की भूमिका महत्वपूर्ण मानी जा रही है। उनके नेतृत्व में नियमित समीक्षा बैठकें, फील्ड स्तर पर निगरानी और पंचायत प्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित की गई। उपायुक्त ने स्पष्ट किया है कि टीबी उन्मूलन केवल स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि इसमें प्रशासन और समाज दोनों की भागीदारी आवश्यक है।

### फरवरी महीने के अंत तक साफ हो जाएगी तस्वीर: सीएमओ शशि दत्त



**बिलासपुर** के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर शशि दत्त शर्मा ने कहा कि वर्तमान सर्वे और सत्यापन कार्य के पूरा होते ही फरवरी माह के अंत तक यह स्पष्ट हो जाएगा कि इस वर्ष कितनी पंचायतें टीबी-मुक्त घोषित की जा सकेंगी। इसके बाद अगले चरण की रणनीति तैयार की जाएगी।

### बिलासपुर जिला टीबी मुक्त बनने की दिशा में मजबूती से बढ़ रहा है आगे

**29** पंचायतों की पिछली सफलता और मौजूदा सर्वे अभियान यह संकेत दे रहे हैं कि बिलासपुर जिला टीबी मुक्त बनने की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रहा है। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य है कि आने वाले समय में जिले की प्रत्येक पंचायत को इस बीमारी से मुक्त किया जाए।

## डिप्टी सीएम आज करेंगे फुटबाल टूर्नामेंट में शिरकत

**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री 1 फरवरी को हरोली विधानसभा क्षेत्र के तहत विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। इसके अलावा उप मुख्यमंत्री दोहपर 2.30 के उपरांत नगनोली में 38वें मेजर छज्जू राम मेमॉरियल फुटबाल प्रतियोगिता में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि उप मुख्यमंत्री का रात्रि ठहराव गोंदपुर जयचंद में होगा।

**कार्यालय मेला अधिकारी एवं नायब तहसीलदार उप-तहसील रिवालसर (हि.प्र.)**

क्रमांकः- ना.तह. / मेला/2026-205
दिनांक 27.01.2026

**निविदा सूचना**

**मेला मैदान एवं झील के चारों ओर दुकानें लगाने**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय छेश्चू मेला रिवालसर 2026 का आयोजन 25 फरवरी 2026 से 27 फरवरी 2026 तक रिवालसर में किया जा रहा हैं। मेला के दौरान व्यवसायिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के मकसद से चिड़ियाघर के सामने वाले मैदान (बाग) व झील के चारों ओर दुकानें लगाने के मकसद से किराये पर देने के लिए इच्छुक बोली दाताओं से निवेदन है कि दिनांक 02 फरवरी, 2026 को प्रातः 11:30 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में बन्द लिफाफे में जमा कर सकते हैं। उक्त निविदा न्यूनतम 2,00,000/- रू से उपर ही होगी तथा निविदा खुलने का समय उपरोक्त दिनांक को दोपहर 2:00 बजे रहेगा तथा आवेदक को निविदा राशि उसी समय जमा करवानी होगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत अथवा निरस्त करने का अधिकार निविदा कमेटी / अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

**मेला अधिकारी एवं नायब तहसीलदार उप-तहसील रिवालसर, जिला मण्डी हि.प्र. ।**
दूरभाष-01905-240317

# अंधाधुंध कचरा एक और आपदा को दे रहा न्योता

## एनजीटी ने लाहौल-स्पीति के नदी-नालों में फैले कचरे बारे प्रशासन की तरफ से कोई कार्रवाई न करने पर उठाई आपत्ति

अनंत ज्ञान

**केलांग।** राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) ने हिमाचल प्रदेश के संवेदनशील हिमालयी क्षेत्र लाहौल-स्पीति में ठोस कचरे के लगातार डंप किए जाने पर कड़ी आपत्ति जताई और चेतावनी दी कि चंद्रा नदी के कैचमेंट क्षेत्र में बार-बार कचरा फेंका जा रहा है, जिससे यह हिमनद-आधारित महत्वपूर्ण नदी गंभीर खतरे में है। लाहौल घाटी के कोकसर में कूड़ा-कचरा फेंकने पर एनजीटी ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा है को घाटी में ग्लेशियरों और अन्य बर्फ से ढके क्षेत्रों में अंधाधुंध कचरा फेंकना एक और आपदा बनता जा रहा है। उल्लंघन रिपोर्ट के बाद भी कोई खास प्रगति नहीं हुई है। ट्रिब्यूनल ने प्रशासन को फिर से रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है।पर्यावरण संगठन 'फ्रेंड्स' की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान एनजीटी ने निरीक्षण रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि केलांग के पास शाकस और



नदी-नालों में फैले कचरे की फाइल फोटो। अनंत ज्ञान

बिलिंग नालों में पहाड़ी ढलानों और नालों के किनारे बड़े पैमाने पर कचरा डाला जा रहा है। यहां से प्लास्टिक और अन्य गैर-जैव अपघटनीय कचरा बर्फ पिघलने और वर्षा के दौरान आसानी से चंद्रा नदी में बह सकता है। एनजीटी ने सिस्सू-कोकसर सड़क और अटल टनल के नॉर्थ पोटर्ल के पास भी कचरा फैले होने की बात कही। वहां की साइड ड्रेनों के जरिए यह कचरा स्थानीय जलधाराओं में जा रहा है, जो आगे

◆ **15 अप्रैल तक कार्रवाई सहित रिपोर्ट दाखिल करने के दिए सख्त निर्देश**

नदी प्रणाली से जुड़ती हैं।

एनजीटी ने इस बात पर भी चिंता जताई कि बिलिंग स्थित मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी क्षमता से अधिक भरी हुई है, वहां वेटब्रिज जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है और कचरा प्रसंस्करण एवं निपटान से जुड़े कोई रिकॉर्ड नहीं रखे जा रहे हैं। एनजीटी ने यह भी पाया कि विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (साडा), केलांग ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के तहत अनिवार्य उपविधियां अब तक नहीं बनाई हैं और न ही घर-घर कचरा संग्रहण के लिए उपयोगकर्ता शुल्क अधिसूचित किया गया है। एनजीटी ने कहा कि उसके पूर्व निर्देशों के बावजूद 'लगभग कोई प्रगति नहीं' हुई है। इसके मद्देनजर अधिकरण ने केलांग के उप-विभागीय मजिस्ट्रेट को निर्देश दिया कि वे 15 अप्रैल 2026 को होने वाली अगली सुनवाई से पहले शपथपत्र सहित विस्तृत कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

### कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए

**इन** संवेदनशील स्थानों पर ठोस कचरे के ढेर को रोकने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। अटल टनल रोहतांग के उत्तरी पोर्टल क्षेत्र के पास और बीआरओ आवास के पास सिस्सू-कोकसर सड़क के किनारे की नालियों तथा सिस्सू के पास गोम्पाथांग नाले में ठोस कचरे का ढेर देखा गया है। इन जगहों पर ठोस कचरे को फेंकने के संबंध में जागरूकता और दंडात्मक कार्रवाई के बारे में जानकारी देने वाले कोई भी चेतावनी बोर्ड नहीं लगाए गए गए हैं। एनजीटी के अधिवक्ता आकाश वशिष्ठ ने कहा कि एनजीटी ने जिला प्रशासन को 15 अप्रैल से एक सप्ताह पूर्व अपना जबाव दाखिल करने को कहा है।

### शीघ्र ही उचित कार्रवाई करेंगे : एसडीएम

**इस** दौरान सुनवाई में एसडीएम केलांग वर्चुअल रूप से उपस्थित हुईं। उन्होंने बताया कि उन्होंने हाल ही में कार्यभार संभाला है और शीघ्र ही उचित कार्रवाई सुनिश्चित करेंगी।

# गुरु रविदास उत्सव पर निकाली शोभायात्रा

## भजन-कीर्तनों से गूंजा गड़सा व भुंतर शहर, संगत ने लिया लंगर का आनंद

अनंत ज्ञान

**भुंतर।** शनिवार को भुंतर में गुरु रविदास के जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरु रविदास का 649 वां जन्मोत्सव कुल्लू घाटी में बड़ी धूमधाम से मनाया गया । गुरु रविदास के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में सुबह ही गड़सा से संगत का आना हुआ। भुंतर में रविदास के अनुयाईयों द्वारा पालाकी सजाई गई और भुंतर शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें गड़सा, हुरला, ठेला, नगवाईं, बजौर, रोपा, बगीचा, भुंतर, शमशी, गदौरी, जिया मौहल, प्रगाणु, मनाली व मणिकर्ण घाटी के श्रद्धालुओ ने भाग लिया।

गुरु रविदास शोभायात्रा प्रबंधन कमेटी के प्रमुख कमलू राम व अन्य सदस्यों ने बताया कि गुरु की प्यारी साध संगत द्वारा गड़सा घाटी से रविदास की झांकी का आगाज हुआ। संगत भेडू फार्म,अमरु डुआर, रुआडू, जरड़ व सुईंभ्रा से भजन-कीर्तन करते हुऐ गुरुद्वारा श्री गुरु ग्रन्थ साहिब भुंतर पहुंची। भुंतर में



भुंतर में शोभायात्रा में भाग लेती संगत। अनंत ज्ञान

श्रद्धालुओं द्वारा गुरु की पालकी सजाई गई, संगत ने गुरु ग्रन्थ साहिब के पास माथा टेका गुरु घर में हाजिरी भरने के उपरान्त प्रभु का गुणगान करते हुए शोभायात्रा भुंतर शहर से निकली और अंबेडकर नगर पहुंची। श्री गुरु रविदास के अनुयाइयों का कहना है कि यह शोभायात्रा आपसी भाईचारे और समाज में फैली कुरीतियों को मिटाने के लिए निकाली जाती है । पुण्य आत्माएं संत के भेष में जब भी भारत वर्ष की इस पावन धरा पर उत्तरी तो उन्होंने समाज को एक सूत्र में पिरोने का भरपूर प्रयास किया। इस तरह के पावन अवसरों पर किए धार्मिक कार्यक्रमों से संत के बताए सत् मार्ग पर चलने की प्रेरणा समाज को मिलती है । रविदास के दोहों से भी समाज के लिए प्रेरणादायक हैं। यह धार्मिक कार्यक्रम सभी के सहयोग से मिलजुल कर बनाया जाता है। जयंती के शुभ अवसर पर संगत ने सत्संग वर्षा का अमृत पान किया। वहीं श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन भी अंबेडकर नगर भुंतर में किया जिसमें गुरु का अटूट लंगर बरता गया ।

## न्यूज ब्रीफ

### साढ़ाबाई, कलैहली में बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, भुंतर।** राज्य बिजली बोर्ड लिमिटेड विद्युत उपमंडल भुंतर के सहायक अभियंता ई. अमन कुमार ने बताया कि 11 केवी फीडरों के आवश्यक रख-रखाव और लाइनों के विस्तार कार्य के लिए बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी। इस कार्य के अंतर्गत 11 केवी कलैहली फीडर पर 3 फरवरी को सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक बिजली बंद रहेगी, जिससे साढ़ाबाई, कलैहली, बजौरा, रेरी, बजौरा हाट, मशगां, लोअर बजौरा और आस-पास के क्षेत्र प्रभावित होंगे। 11 केवी मौहल फीडर के अंतर्गत नाग मंदिर के पास नई एलट और एचटी लाइन बिछाने के लिए 2, 3 और 4 फरवरी को सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक आपूर्ति बाधित रहेगी। इससे भुट्टी वर्कशॉप और मुख्य रूप से नाग मंदिर के आस-पास के इलाके प्रभावित होंगे।

### तीन रोवर्स राज्यस्तरीय परेड का रहे हिस्सा

**अनंत ज्ञान, सैंज।** राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस में राजकीय महाविद्यालय सैंज के तीन रोवर परेड का हिस्सा रहे। रोवर निखिल, विनोद और अरुण ने इस परेड में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुजाता ने तीनों रोवर्स को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि सैंज घाटी के लिए एक गर्व का क्षण है और महाविद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने महाविद्यालय में रोवर-रेंजर लीडर प्रो. प्रेम नेगी, डॉ. वंदना और संपूर्ण स्टाफ को भी बधाई दी।

### सरकारी कार्यालयों में विशेष सफाई अभियान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** मुख्यमंत्री सुक्खू के निर्देशानुसार माह के अंतिम शनिवार को कुल्लू जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। उपायुक्त तोरुल रवीश ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य कार्यालय परिसरों को स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं कार्यक्षम बनाना है। उपायुक्त कार्यालय, मिनी सचिवालय, तहसील, ब्लॉक कार्यालयों सहित सभी सरकारी विभागों में अधिकारियों और कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। अभियान के दौरान कार्यालय कक्षों, गलियारों, शौचालयों की गहन सफाई की गई तथा पुरानी फाइलों, कबाड़ और अनुपयोगी सामग्री का उचित निपटान किया गया। उपायुक्त ने कहा कि स्वच्छता को केवल अभियान न मानकर दैनिक आदत बनाना चाहिए, जिससे कार्यक्षमता में वृद्धि होती है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से भविष्य में भी स्वच्छता बनाए रखने का आह्वान किया।

### गुरिल्ला संघ जिला कुल्लू की बैठक कल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** एसएसबी प्रशिक्षित गुरिल्ला संघ कुल्लू की बैठक 2 फरवरी सोमवार को कुल्लू में आयोजित होगी। बैठक की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष प्रेम राणा करेंगे। इस मौके पर अखिल भारतीय गुरिल्ला संघ के चेयरमैन प्रीतम ठाकुर विशेष तौर पर उपस्थित रहेंगे। प्रेम राणा ने बताया कि इस बैठक में गुरिल्लाओं के कोर्ट में चल रहे मामले और गतिविधियों के बारे में सभी सदस्यों को अवगत करवाया जाएगा और कोर्ट लिस्ट में नाम चैक करेंगे। उन्होंने बताया कि जिस की कोर्ट फीस पूरी नहीं है उनके नाम हटाए जाएंगे। प्रेम राणा ने बताया कि मार्च में गुरिल्लाओं के मामले की पेशी है उससे पहले लिस्ट फाईनल की जाएगी इसलिए जिला के सभी सदस्यों से अपील है कि इस बैठक में अनिवार्य रूप से भाग लें।

### कुल्लू जिला क्रिकेट संघ का ट्रायल 8 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू जिला क्रिकेट संघ द्वारा सीनियर वर्ग के क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए ट्रायल का आयोजन 08 फरवरी (रविवार) को किया जा रहा है। यह ट्रायल सुबह 10:00 बजे ढालपुर क्रिकेट मैदान, कुल्लू में संपन्न होगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए कुल्लू जिला क्रिकेट संघ के महासचिव शिव कपूर ने बताया कि ट्रायल में भाग लेने वाले इच्छुक खिलाड़ियों के लिए हिमाचली प्रमाण पत्र साथ लाना अनिवार्य है।उन्होंने बताया कि ट्रायल के लिए प्रवेश शुल्क 500 रुपये निर्धारित किया गया है, जिसे खिलाड़ियों से ट्रायल शुरू होने से ठीक पहले लिया जाएगा।महासचिव शिव कपूर ने जिले के सभी योग्य और इच्छुक क्रिकेट खिलाड़ियों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि और समय पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें तथा ट्रायल में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करें।

# मनाली टैक्सी यूनियन की हड़ताल आज से

## नियमों के फेर में उलझा भाईचारा, पर्यटन पर मंडराए संकट के बादल

अनंत ज्ञान

**मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली में टैक्सियों को लेकर छिड़ा विवाद अब कानूनी दांव-पेंच और आपसी टकराव की ओर बढ़ता दिख रहा है। एक तरफ मनाली टैक्सी यूनियन ने 1 फरवरी से अपनी सेवाएं बंद कर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है, जिससे पर्यटन कारोबार पर सीधे असर की आशंका है। यह पूरा विवाद कानूनी दांव-पेंच और सरकारी नीतियों के कारण उलझता नजर आ रहा है। आरोप है कि सरकार राजस्व (Revenue) इकट्ठा करने के लिए मालवाहक गाड़ियों (जैसे बोलेरो कैंपर) से पैसेंजर टैक्स तो वसूल रही है, लेकिन नियमों की स्पष्टता न होने के कारण धरातल पर ऑपरेटर आपस में ही लड़ रहे हैं। यह सीधे तौर पर नियमों की अवहेलना और सरकारी विसंगति है, जिसका नुकसान स्थानीय भाईचारे और पर्यटन को हो रहा है।

इसी बीच, पिछले कल टैक्सी-मैक्सी ऑपरेटर्स यूनियन का एक प्रतिनिधिमंडल विधायक भुवनेश्वर



मनाली टैक्सी यूनियन के पदाधिकारी। अनंत ज्ञान

गौड़ से उनके निवास पर मिला और ज्ञापन सौंपा। यूनियन के महासचिव राम रतन शर्मा और उपाध्यक्ष रानू देवी ने स्पष्ट किया कि वे सरकार को पैसेंजर टैक्स दे रहे हैं, जिसके तहत उन्हें 4 सवारियां बिठाने का पूरा अधिकार है। उन्होंने कहा कि जो नियमों के तहत होगा, यूनियन उसे मानने को तैयार है, लेकिन उनके हितों की रक्षा होनी चाहिए।

विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने दोनों पक्षों की बातें सुनने के बाद कहा कि 'हम सब यहाँ के रहने वाले हैं और हमें भाईचारे के साथ रहना है।' उन्होंने ऑपरेटरों से अपील की कि वे मिल-बैठकर इस समस्या का समाधान निकालें। विधायक ने आश्वासन दिया कि वे इस मामले को संबंधित विभाग और प्रदेश सरकार के समक्ष रखेंगे। जो भी जायज मांगें होंगी, उन पर अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श कर उचित रास्ता निकाला जाएगा।मनाली की आर्थिकी का मुख्य आधार पर्यटन है। टैक्सी यूनियन (अध्यक्ष राजकमल, चेयरमैन चंद्रसेन ठाकुर और महासचिव अमित चंकी) द्वारा सेवाएं बंद करने के फैसले से सैलानियों को परेशानी होगी, जिससे मनाली के पर्यटन उद्योग को गहरा नुकसान पहुंच सकता है।

### राज्यस्तरीय स्की एंड स्नो बोर्ड चैंपियनशिप 5 और 6 फरवरी को

**अनंत ज्ञान, मनाली।** सोलंगनाला में राज्यस्तरीय स्की एंड स्नो बोर्ड चैंपियनशिप पांच व छह फरवरी को आयोजित होने जा रही है। हिमाचल प्रदेश विंटर गेम्स एसोसिएशन सोलंग नाला में स्की एंड स्नो बोर्ड के तत्वधान में चैंपियनशिप आयोजित कर रहा है। इस दौरान राज्य स्तरीय टीम का भी चयन किया जाएगा। आगे रहने वाले प्रतिभागियों को ही टीम में जगह मिलेगी। शीतकालीन खेलो के खिलाड़ी लंबे समय से हिमपात का इंतजार कर रहे थे। अब सभी की मन्नत पूरी हुई है और स्की स्लोप सहित समस्त घाटी बर्फ से ढक गई है। गौर हो कि इस बार समाजसेवी एवं स्की हिमालया के एमडी अमिताभ शर्मा के सराहनीय योगदान से शीत कालीन खिलाड़ियों को स्नो बीटर मशीन भी मिल गई है। पहली बार हिमाचल के खिलाड़ियों को बेहतरीन स्की स्लोप में खेलने का मौका मिलेगा। हिमाचल प्रदेश विंटर गेम्स एसोसिएशन के अध्यक लुदर ठाकुर ने बताया कि पांच व छः फरवरी को राज्य स्तरीय स्की एंड स्नो बोर्ड चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है।

# केंद्रीय बजट से कर्मियों और पेंशनर्स को काफी उम्मीदें : एलआर गुलशन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ के प्रदेश अध्यक्ष एलआर गुलशन ने कहा है कि रविवार को पेश होने वाले केंद्रीय बजट से कर्मचारियों, पेंशनर्स सहित हर वर्ग को काफी उम्मीदें हैं। जारी एक प्रेस बयान में उन्होंने मांग की है कि केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा एक फरवरी को पेश होने वाले आगामी वित्त वर्ष 2026-27 के बज़ट में पेंशन कम्युटेशन की रिकवरी को 15 साल की बजाय 12 साल की जाए। सुप्रीम कोर्ट इस बाबत पहले ही आदेश पारित का चुका है। लेकिन केंद्र और राज्य सरकारें अभी भी पेंशनरों से 180 महीनों की पेंशन कम्युटेशन की कटौती कर रही हैं जो कि करीब 36 महीने ज्यादा कटौती कर पेंशनरों का आर्थिक रूप से शोषण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त कर्मचारियों और पेंशनरों की आयकर मुक्त वार्षिक आय की सीमा को वर्तमान 12 लाख रूपये से बढ़ाकर 15 लाख रूपये किया



जाए। मानक कटौती 75 हज़ार रूपये से बढ़ाकर 2 लाख रूपये की जाये। केंद्रीय कर्मचारियों के लिये 8वें वेतन आयोग की सिफ़ारिशों को जल्द लागू किया जाये। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा हिमाचल सरकार की अनावश्यक रूप से रोकी गई आर्थिक सहायता को तत्काल बहाल किया जाए क्योंकि प्रदेश सरकार ख़राब आर्थिक स्थिति के चलते पेंशनरों और कर्मचारियों की छठे वेतन आयोग की संशोधित वेतनमान की वित्तीय देनदारियों को देने में पहले की बहुत विलंब कर चुकी है।

# गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेकर लौटे स्वयंसेवी का किया स्वागत



मनाली में स्वयंसेवी मनदीप का स्वागत करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**मनाली।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मनाली के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवी मनदीप सिंह धनोतिया का गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने के उपरांत मनाली में भव्य स्वागत किया गया।

मनदीप ने चार स्तर की चयन प्रक्रिया के बाद 26 जनवरी 2026 को रिज मैदान शिमला में परेड में भाग लेकर अपने परिवार का तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मनाली का मान बढ़ाया है। इस अवसर पर मनाली विद्यालय के समस्त अध्यापकों ने मनदीप और उसके पिता का खतक पहना कर स्वागत किया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मनाली की प्रधानाचार्य पुष्पा शर्मा ने मनदीप और उसके पिता को मफलर पहना कर सम्मानित किया और गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होने पर प्रमाण पत्र और ट्रॉफी प्रदान की।

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी मोहनलाल ठाकुर व रीता देवी सहित वरिष्ठ अध्यापक भास्कर देव ने मनदीप के द्वारा परेड में शामिल होने तक के सफर पर विस्तार से प्रकाश डाला और उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य पुष्पा शर्मा ने बताया कि इससे पूर्व भी मनाली एनएसएस इकाई से गणतंत्र दिवस परेड के लिए बहुत सारे स्वयंसेवियों का चयन हुआ है।

# शिक्षा, संस्कृति व छात्र अधिकारों के संरक्षण का लिया संकल्प

## एबीवीपी हिमाचल प्रदेश की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक का घुड़दौड़ साधना आश्रम में हुआ आयोजन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** मनाली के घुड़दौड़ स्थित साधना धाम आश्रम में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश की प्रदेश कार्यकारिणी की तीन दिवसीय बैठक सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई।इस महत्वपूर्ण बैठक में प्रदेश के विभिन्न जिलों, विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों से आए कुल 99 सदस्य उपस्थित रहे जिसमें छात्र -67 छात्रा - 15 प्राध्यापक - 15 अन्य - 2 दायित्ववान कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों तथा छात्र प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। बैठक के दौरान हिमाचल प्रदेश के समग्र परिदृश्य पर चर्चा करते हुए प्रदेश की वर्तमान शैक्षणिक स्थिति का विस्तृत विश्लेषण किया गया। उच्च शिक्षा संस्थानों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, परीक्षा प्रणाली, शोध एवं नवाचार की स्थिति, शोधार्थियों की समस्याएं, छात्रावास, पुस्तकालय, खेल सुविधाएं तथा शैक्षणिक परिसरों से जुड़ी आधारभूत सुविधाओं को लेकर गंभीर विमर्श हुआ। साथ ही नई शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन एवं उसके माध्यम



बैठक के दौरान अपने विचार रखते हुए पदाधिकारी। अनंत ज्ञान

से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने पर भी विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में वर्तमान समय में विद्यार्थियों में बढ़ते डिजिटल उपकरणों एवं मोबाइल के अत्यधिक उपयोग पर चिंता व्यक्त की गई। इस संदर्भ में 'स्क्रीन टाइम टू एक्टिविटी टाइम' अभियान को और अधिक सशक्त रूप देने पर सहमति बनी। इस अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों को स्क्रीन आधारित गतिविधियों से हटाकर खेल, योग, व्यायाम, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों तथा सामाजिक सहभागिता की ओर प्रेरित करने का संकल्प लिया गया।तीन दिवसीय इस बैठक में छात्र हितों से जुड़े दो महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए, जिनका उद्देश्य शैक्षणिक परिसरों में सकारात्मक, सुरक्षित एवं अनुशासित वातावरण का निर्माण करना, साथ ही यह भी तय किया गया कि अभाविप आने वाले समय में प्रदेश भर में छात्र संवाद, शैक्षणिक जागरूकता एवं रचनात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से छात्र समाज को संगठित करेगी।

उत्तर क्षेत्रीय संगठन मंत्री गौरव अत्री ने संगठनात्मक विषयों पर मार्गदर्शन देते हुए कहा कि अभाविप कार्यकर्ता को प्रत्येक शैक्षणिक परिसर में विद्यार्थियों की वास्तविक समस्याओं से जुड़कर समाधान की दिशा में कार्य करना चाहिए। उन्होंने संगठन की कार्यपद्धति, अनुशासन और सेवा भाव को अभाविप की पहचान बताते हुए कार्यकर्ताओं को और अधिक सक्रियता से कार्य करने का आह्वान किया।बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राकेश शर्मा ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने कहा कि अभाविप हिमाचल प्रदेश में शिक्षा, संस्कृति और छात्र अधिकारों के संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रही है तथा संगठन सदैव छात्र हितों को सर्वोपरि रखकर कार्य करता रहेगा। प्रदेश मंत्री कुमारी नैंसी अटल ने बैठक की प्रस्तावना एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की, जबकि प्रदेश संगठन मंत्री धनदेव ठाकुर ने संगठनात्मक विस्तार, कार्यकर्ता निर्माण एवं दायित्व निर्वहन पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया। बैठक के समापन पर यह संकल्प लिया गया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश आने वाले समय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वस्थ एवं सक्रिय छात्र जीवन तथा राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ अपने कार्यों को और अधिक गति देगी।

**शुभारंभ** आयुष्मान भारत योजना के तहत भी मिलेगी सुविधा, अब मरीजों को नहीं जाना पड़ेगा दूर

# भानु अस्पताल में शुरू हुई डायलिसिस सुविधा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू जिला में स्वास्थ्य सुविधाओं का लगातार विस्तार हो रहा है। अब मरीजों को गंभीर उपचार के लिए शिमला या चंडीगढ़ नहीं जाना पड़ेगा, क्योंकि आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध करवाई जा रही हैं। यह बात मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) कुल्लू रंजीत ठाकुर ने भानु अस्पताल में डायलिसिस सुविधा के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्यातिथि कही।

उन्होंने कहा कि कुल्लू के बाद अब भुंतर क्षेत्र में भी डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध होना जिले के लिए बड़ी उपलब्धि है। सीएमओ ने इस अवसर पर भानु अस्पताल द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर की भी सराहना की और इसे समाज के प्रति अस्पताल की सराहनीय पहल बताया।इस मौके पर भानु अस्पताल के संचालक डॉ. भानु ने जानकारी देते हुए बताया कि अस्पताल में अत्याधुनिक





सीएमओ कुल्लू को सम्मानित करते हुआ भानू अस्पताल प्रबंधन। अनंत ज्ञान

वायट्स केयर कंपनी की पांच डायलिसिस मशीनें स्थापित की गई हैं, जिनके माध्यम से एक साथ 15 मरीजों का डायलिसिस किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि यह सुविधा आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत भी उपलब्ध रहेगी, जिससे जरूरतमंद मरीजों को बड़ा लाभ मिलेगा।

डॉ. भानु ने यह भी बताया कि भानु अस्पताल में दूरबीन विधि से सभी प्रकार के ऑपरेशन किए जाते हैं, साथ ही आंखों से संबंधित शल्य चिकित्सा की सुविधा भी उपलब्ध है। इस नई डायलिसिस सुविधा के शुरू होने से क्षेत्र के मरीजों को गुणवत्तापूर्ण और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। इस अवसर पर डाक्टर कुसुम भानु व युवराज बौद्ध भी उपस्थित रहे।

### 100 लोगों का स्वास्थ्य जांचा

**इस** मौके पर निशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर एवं रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। इस मेगा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में करीब 100 से अधिक लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई तथा 20 लोगों ने रक्तदान कर अपना योगदान दिया।

### हर महीने होते हैं ऑपरेशन

**इस** अवसर पर भानु हॉस्पिटल के एमडी डॉक्टर वाई किंग भानू ने बताया कि जिला कुल्लू के कलैहली, भुंतर एवं बजौरा इन जगहों पर डायलिसिस सुविधा उपलब्ध नहीं थी ऐसे में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त डायलिसिस सेंटर का यहां शुरू होना यहां के लोगों के लिए एक वरदान साबित होगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रंजीत ठाकुर ने समस्त भानू हॉस्पिटल की टीम को एक नई शुरुआत के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। डॉक्टर वाई किंग भानू ने बताया कि भानू हॉस्पिटल में हर महीने 50 से 60 मरीज़ों का सफल ऑपरेशन किया जाता है और आने वाले समय में भानू हॉस्पिटल में और अधिक बेहतरीन सुविधा यहाँ आने वाले मरीज़ों को उपलब्ध किया जाएगा और बहुत जल्द एक केथ लेब की सुविधा भी उपलब्ध किया जाने का विचार है।

### टील व मोहनी पंचायत को मिले सामुदायिक केंद्र भवन

**अनंत ज्ञान, बंजार।** जनवरी माह के अंत के साथ ही पिछली पंचायत कार्यकारिणी का कार्यकाल पूर्ण हो चुका है, जिसके चलते पंचायतें शक्तिविहीन अवस्था में जाने को हैं। ऐसे समय में बंजार विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत टील एवं मोहनी को सामुदायिक केंद्र भवन की सौगात मिली है। शनिवार को बंजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी ने लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह, बंजार से इन दोनों पंचायत भवनों का विधिवत लोकार्पण किया। इस अवसर पर बंजार विश्राम गृह परिसर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम पंचायत टील एवं मोहनी के प्रधान, उपप्रधान, वार्ड सदस्य तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पंचायत प्रधानों ने सामुदायिक भवनों के निर्माण हेतु वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने के लिए विधायक सुरेंद्र शौरी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक शौरी ने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रही है और इसके लिए आवश्यक बजट प्रावधान सुनिश्चित करना वे सदैव करते रहे हैं। विधायक शौरी ने अपने संबोधन में पूर्व की जयराम ठाकुर सरकार के कार्यकाल के दौरान बंजार विधानसभा क्षेत्र में किए गए विभिन्न विकास कार्यों का भी उल्लेख किया।

# अग्निकांड के प्रभावितों को दिया गैस चूल्हा: देवेंद्र नेगी

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** उझी घाटी के बड़ाग्रां गांव के सोखणी अग्नि प्रभावित परिवार की मदद को धीरे धीरे हाथ बढ़ रहे हैं। इसी कड़ी में भारत गैस के संचालक देवेंद्र नेगी,पूर्व प्रधान हलाण 2 राजीव ठाकुर, प्रधान ग्राम पंचायत पनगां विजय ठाकुर अपने सहयोगियों सहित अग्निकांड से प्रभावित परिवारों से मिलकर उनका दु:ख दर्द सांझा किया।



इस मौके पर क्षतिग्रस्त सिलेंडर चुल्हे की जगह नया गैस चूल्हा फ्री प्रदान किया व व्यक्तिगत तौर पर सभी की ओर से मदद की व आगे भी हरसंभव सहायता का भरोसा दिया। भारत गैस के संचालक देवेंद्र नेगी ने कहा कि उन्होंने हमेशा आगजनी से प्रभावित सैकड़ों परिवारों गांव कोठी मनाली से लेकर कोठी सारी व गाहर, काइस तक अग्नि प्रभावित परिवारों को इस संकट की घड़ी में सबको फ्री गैस चूल्हे प्रदान कर कुछ राहत देने का प्रयास किया है। नेगी ने सभी समर्थ लोगों व समाजसेवी संस्थाओं से आग्रह किया है कि विशेषकर आगजनी व प्राकृतिक आपदा ग्रस्त परिवारों की मददगार बने। सनद रहे कि उझी घाटी के बड़ाग्रां गांव के सोखणी वार्ड क्षेत्र में दो दिन पूर्व हुई आगजनी से स्थानीय निवासी सूरत राम ठाकुर का निजी मकान आग की भेंट चढ़ गया था। जिसमें परिवार की सारी संपत्ति कपड़े, कंबल, बर्तन सब कुछ तबाह हो गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### पुलिस ने सटोरिए से सट्टे की पर्चियां पकड़ी

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पांवटा ब्लॉक में पुलिस ने सट्टा लगाने वाले लोगों पर शिकंजा कसते हुए एक सटोरिए को दबोच कर उसके कब्जे से 1060 रुपए की करेंसी व दड़ा सट्टे की पर्चियों समेत दबोच लिया है। एसपी एनएस नेगी ने बताया कि सिंघ पूरा चौकी की टीम ने राजू निवासी गांव किलौड, डाकघर बढाणा, तहसील पांवटा साहिब को 1060 रुपए की करेंसी व दड़ा सट्टा की पर्ची के साथ हिरासत में लिया गया है। एसपी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना पुरुवाला में धारा 13-3-67 पब्लिक गैंबलिंग एक्ट में एफआईआर दर्ज की गई है।

### मादक पदार्थ और अवैध शराब तस्करी के केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पुलिस थाना पांवटा साहिब की टीम ने गश्त के दौरान एक व्यक्ति को नशीले कैप्सूल के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान फिरोज आलम निवासी गांव करोंदी, डाकघर मुसैल, तहसील बेहट, जिला सहारनपुर (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे बातामंडी क्षेत्र से 1396 नशीले कैप्सूल के साथ हिरासत में लिया। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। वहीं, थाना माजरा की टीम ने अलग कार्रवाई में दलीप सिंह निवासी गांव रामपुर माजरी को 10 लीटर अवैध शराब के साथ पकड़ा। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### 297 पदों के लिए 6 को होंगे कैंपस इंटरव्यू

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला रोजगार अधिकारी जगदीश कुमार ने बताया कि 6 फरवरी को जिला रोजगार कार्यालय में 297 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू होंगे। इसमें मैसजर वीनस रेमेडिज, विंसम टेक्सटाइल, ईस्टमैन ऑटो एंड पावर तथा क्लब महिंद्रा के विभिन्न पद शामिल हैं। योग्य उम्मीदवार अपनी शैक्षणिक योग्यता और आवश्यक दस्तावेज लेकर सुबह 10.30 बजे इंटरव्यू में पहुंच सकते हैं। अधिक जानकारी और पंजीकरण ईईएमआईएस पोर्टल पर उपलब्ध है। यात्रा भत्ता प्रदान नहीं किया जाएगा।

# सोलन में नगर निगम देगा येलो लाइन पार्किंग की सुविधा

## बेतरतीब पार्किंग से एंबुलेंस व फायर ब्रिगेड को नहीं मिलता रास्ता, सड़क किनारे पार्किंग से बिगड़ रही है ट्रैफिक व्यवस्था

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** नगर निगम शहरवासियों को पहली बार येलो लाइन पार्किंग की सुविधा देने जा रहा है। इसको लेकर नगर निगम के आगामी हाउस में मोहर लग सकती है। पहले चरण में येलो लाइन मार्किंग लग चुकी है, जबकि दूसरे चरण के लिए टेंडर जारी किए जाएंगे। शहर में करीब 1,500 वाहनों के लिए येलो लाइन पार्किंग दी जाएगी।

इससे बेतरतीब पार्किंग पर लगाम लगेगी साथ ही एंबुलेंस व फायर ब्रिगेड जाम में नहीं फंसेगी। येलो लाइन की पहली प्राथमिकता स्थानीय वार्ड के लोगों को मिलेगी। ज्ञात रहे कि शहर की मुख्य सड़कों पर पुलिस की सख्ती के बावजूद बेतरतीव ढंग से पार्किंग की जा रही है। इसे आपात स्थिति में एंबुलेंस व फायर ब्रिगेड को निकलना मुश्किल हो जाता है। शहर में पार्किंग के उचित इंतजाम नहीं होने से यह समस्या बढ़ती जा रही है। नगर निगम ने शहर में रोड साइड पार्किंग की समस्या के हल के लिए खुली जगहों पर येलो लाइन पार्किंग की योजना बनाई है। येलो लाइन लगने से बेतरतीब ढंग से पार्क वाहनों के चालकों पर आसानी से कार्रवाई करना आसान होगा। हालांकि पुलिस ऐसे परिस्थिति से निपटने को हमेशा तैयार रहती है पर बढ़ती वाहनों की संख्या इसमें बाधा डालती है।



ट्रैफिक में फंसी एंबुलेंस। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान मुद्दा

### वार्ड क्षेत्रों में समस्या का समाधान नहीं

**शहर** को जोड़ने वाली वार्ड क्षेत्रों की करीब दो दर्जन सड़कों में रोड साइड पार्किंग के कारण आपात स्थिति में एंबुलेंस व फायर ब्रिगेड अधर में ही पहुंच पाती है। रोड साइड पार्किंग से खासकर रात समय वार्ड क्षेत्रों में सड़कों में एंबुलेंस क्रॉस ही नहीं हो पाती। इससे बीमार व्यक्ति को समय पर एंबुलेंस सेवा का लाभ नहीं मिल पाता। यदि वार्ड क्षेत्रों में रात के समय आगजनी की घटना हो जाए तो फायर ब्रिगेड को मौके पर पहुंचा मुश्किल हो जाता है। शहर की आवासीय कॉलोनियों में 80 फीसदी वाहन सड़क किनारे ही पार्क हो रहे हैं। मात्र 20 फीसदी भवन मालिक ही गेराज में अपने वाहन को पार्क करते हैं। इससे कई वार्डो की सड़कों में तो दिन के समय ही जाम की स्थिति बन जाती है। समस्या के समाधान के लिए नगर निगम भी कोई कारगर कदम नहीं उठा पा रही है। शहर के वार्ड क्षेत्रों में अधिकतर भवन मालिकों के पास एक से दो वाहन पार्क करने की सुविधा है, जबकि किराएदारों के वाहन सड़कों में ही पार्क किए जा रहे हैं।



**शहर** की मुख्य सड़कों सहित वार्ड क्षेत्रों में येलो लाइन पार्किंग की सुविधा शुरू करने की योजना है। इसको लेकर हाउस में निर्णय लिया जाएगा। वार्डों में खाली पड़ी सरकारी जमीन में छोटे-छोटे पार्किंग स्पॉट विकसित करने का भी प्रयास है।

**-उषा शर्मा, मेयर नगर निगम, सोलन**

### वार्डों में पार्किंग बनाने की योजना अधर में

**शहर** के वार्ड क्षेत्रों में पार्किंग की समस्या के समाधान के लिए नगर निगम ने खाली पड़ी सरकारी जमीन में मांगानुसार पार्किंग स्पॉट विकसित करने के लिए बजट का प्रावधान तो करती है पर एक-दो जगहों को छोड़कर कहीं भी पार्किंग नहीं बन पाई। शहर के वार्ड-1 के तहत सुबाथू रोड में साइड पार्किंग की समस्या से यहां हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है। इसी तरह वार्ड-14 की हाऊसिंग कॉलोनी फेज-एक व दो में रोड साइड पार्किंग से एंबुलेस व फायर ब्रिगेड निकालना मुश्किल हो जाता है। इसके चलते बीमार व्यक्ति को आधे रास्ते के पैदल ही चलने को मजबूर होना पड़ता है। इसी तरह वार्ड-13, वार्ड-14 सहित शहर को जोड़ने वाले एंबुलेंस रोड में रोड साइड पार्किंग के कारण आपात स्थिति में एंबूलेंस मुख्य सड़क तक ही पहुंच पाती है। यही स्थिति धोबीघाट रोड, टैंक रोड, जेबीटी रोड, फोरेस्ट रोड, शिल्ली रोड, सांइटिस्ट रोड, नेगी कॉलोनी, खुंडीधार रोड, सर्कुलर रोड, सन्नी साइड रोड, आईटीआई रोड, कथेड़ रोड, बावरा रोड और सलोगड़ा रोड में रोड साइड पार्किंग से वाहनों की आवाजाही बाधित हो रही है। ऐसे में वार्ड क्षेत्रों में येलो लाइन पार्किंग चिन्हित होने से पार्किंग की सुविधा साथ नगर निगम को आय के साधन भी बनेंगे।

# प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाना जरूरी : संजय

## कहा- 30 करोड़ की लागत से अर्की विधानसभा क्षेत्र में स्थापित होगा दूध प्रसंस्करण संयंत्र

अनंत ज्ञान

**कृष्ण रघुवंशी, अर्की।** अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाना अत्यंत आवश्यक है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था प्रदेश की समृद्धि का आधार है। यह बात संजय अवस्थी ने शनिवार को अर्की विधानसभा क्षेत्र की दसेरन पंचायत में 12 लाख से निर्मित क्षेत्रीय कानूनगो कार्यालय भराड़ीघाट का लोकार्पण करने के उपरांत जनसमूह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने क्यारड पंचायत में 11 लाख से निर्मित महिला मंडल भवन गतेड़ का लोकार्पण तथा गतेड़ गांव के लिए 2 लाख की लागत से निर्मित हैंडपंप के विद्युततीकरण का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सार्थक प्रयास किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था प्रदेश की समृद्धि का आधार है और इसे मजबूत बनाने के लिए गांवों की आर्थिकी को सुदृढ़ करने पर कार्य किया जा रहा है। युवाओं को रोजगार व स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। इसी दृष्टिकोण से क्षेत्र के लिए अवसर सृजित करने के उद्देश्य से अर्की विधानसभा क्षेत्र में आने वाले समय में लगभग 30 करोड़ रुपए का दूध प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित किया जाएगा। विधायक ने जालपा माता मंदिर के समीप सामुदायिक हॉल के निर्माण कार्य के लिए 2 लाख रुपए, महिला मंडल खडोन, कूंद व बेयमु को 21-21 हजार रुपए तथा गतेड़ गांव के लिए 5 सोलर लाइट देने की घोषणा की। इस अवसर पर महिला मंडल गतेड़ के सदस्यों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।



लोगों की समस्याएं सुनते विधायक संजय अवस्थी। अनंत ज्ञान

### लोगों की सुनी जनसस्याएं

**संजय** अवस्थी ने प्रदेश सरकार के कार्यक्रम 'विधायक गांव के द्वार' के तहत जन समस्याएं सुनीं तथा इनके शीघ्र निपटारे के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रदेश सरकार और जनता के बीच सीधा संपर्क स्थापित करना व प्रदेश सरकार की नीतियों व योजनाओं के बारे में जागरूक करना है। इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य लीला देवी, पंचायत दसेरन की प्रधान मीना देवी, पंचायत क्यारड की प्रधान सरोज चंदेल, पंचायत धुंधन की प्रधान शकुंतला शर्मा, पंचायत क्यारड के उपप्रधान मोहन सिंह ठाकुर, महिला मंडल गतेड़ की प्रधान कांता ठाकुर आदि उपस्थित थे।

### यौन उत्पीड़न, गुड टच-बैड टच बारे किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदन में कार्यकारी प्रधानाचार्य महेंद्र पाल कौंडल की अध्यक्षता में मासिक जागरूकता बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का उद्देश्य विद्यार्थियों के मानसिक, शारीरिक एवं सामाजिक विकास को प्रोत्साहित करना था। शिक्षकों ने बच्चों को यौन उत्पीड़न, गुड टच-बैड टच, नशा सेवन और नशे की लत से बचाव के विषय में जानकारी दी। विद्यार्थियों को बताया गया कि किसी भी असहज स्थिति में तुरंत माता-पिता, शिक्षक या विश्वसनीय व्यक्ति को सूचित करना आवश्यक है। इसके अलावा नशीले पदार्थों के दुष्परिणाम और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के महत्व पर भी चर्चा की गई। बच्चों को सकारात्मक सोच, अनुशासन और गलत संगति से बचने के लिए प्रेरित किया गया। बैठक के माध्यम से सुरक्षित बचपन और नशा मुक्त समाज के निर्माण में विद्यालय, परिवार और समाज की सामूहिक जिम्मेदारी पर जोर दिया। स्कूल प्रशासन ने भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

# यातायात नियमों का पालन करने की दिलाई शपथ



राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा प्रतियोगिता में अव्वल रहे छात्र। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**दाड़लाघाट।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत सत श्री बाडु बाड़ा पब्लिक स्कूल भलग में विभिन्न जागरुकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत 9 जनवरी को विद्यालय की प्रधानाचार्या इंदिरा शर्मा की अध्यक्षता में की गई।

इस अवसर पर विद्यालय के नोडल अधिकारी हरिलाल ने बच्चों, अध्यापकों मीरा, डिंपल, पुष्पा, नम्रता तथा शिक्षा समिति के सदस्यों को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई। इसके उपरांत 22 जनवरी को विद्यालय में बच्चों की पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने ट्रैफिक सिग्नल एवं सड़क सुरक्षा नियमों को अपनी चित्रकला के माध्यम से दर्शाया। इस प्रतियोगिता में सातवीं कक्षा की छात्रा आरोही ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 23 जनवरी को विद्यालय में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने भाग लेकर सड़क सुरक्षा से संबंधित अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया। वहीं, 24 जनवरी को निबंध लेखन प्रतियोगिता एवं सड़क सुरक्षा पैदल यात्रा करवाई गई। इस दौरान बच्चों को पैदल चलते समय बाईं ओर चलने तथा सड़क पार करने के सही तरीकों की व्यवहारिक जानकारी दी गई। इसके अलावा 29 व 30 जनवरी को विद्यालय के नोडल अधिकारी द्वारा विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा, मोटर वाहन अधिनियम तथा इससे जुड़े अपराधों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता पैदा करना और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाना है। सड़क सुरक्षा माह के सफल आयोजन से बच्चों, अध्यापकों एवं अभिभावकों में सकारात्मक संदेश गया।

# कांग्रेस सरकार ने कौलांवालाभूड़ आईटीआई भवन निर्माण कार्य लटकाया : डॉ. बिंदल

अनंत ज्ञान

**नाहन।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने प्रदेश कांग्रेस सरकार पर भाजपा सरकार में शुरू हुए विकास कार्यों को बिना वजह लटकाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि साढ़े तीन साल बीत जाने के बाद भी न तो कांग्रेस सरकार अपनी गारंटियों को पूरा कर पाई और न ही विकास का एक भी कार्य हुआ। परिणामस्वरूप कांग्रेस सरकार के विरुद्ध जनता में रोष बढ़ता जा रहा है। बिंदल शनिवार को नाहन विधानसभा क्षेत्र के कंडईवाला, जंगलाभूड़, कौलावाला भूड़, शिकारडी-कोटला में संत शिरोमणी गुरू रविदास जयंती पखवाड़े के अवसर पर आयोजित विभिन्न बैठकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूर्व की भाजपा सरकार ने कौलावाला भूड़ आईटीआई भवन निर्माण के लिए 6 करोड़ रुपए स्वीकृत किए, लेकिन साढ़े तीन साल बीत जाने के बाद भी आईटीआई भवन का निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ। यही नहीं कांग्रेस शासन में इस आईटीआई में न तो कोई नया सब्जेक्ट शुरू हुआ और न ही भवन बनकर तैयार हुआ। बिंदल ने पांच करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले कौलावाला भूड़ डैम के निर्माण कार्य को भी अनावश्यक रूप से लटकाने के लिए कांग्रेस सरकार को आड़े हाथों लिया। भाजपा सरकार में पांच करोड़ रुपए की राशि सिंचाई के लिए प्रयोग होने वाले क्षेत्र के इस महत्वपूर्ण डैम के लिए स्वीकृत हुई थी, लेकिन कांग्रेस सरकार ने इसे भी लटका दिया।

कौलावाला भूड़ से खांदा होते हुए निहोग तक की सड़क का निर्माण कार्य कांग्रेस सरकार में बेवजह लटका हुआ है। कौलावाला भूड़ से नीमवाली सड़क का निर्माण लंबित है, जबकि पूर्व की भाजपा सरकार द्वारा 8 करोड़ की लागत से नीमवाली का पुल निर्मित किया जा चुका है। डॉ. बिंदल ने कहा कि संत गुरु रविदास जी देश के एक महान कवि, समाज सुधारक और आध्यात्मिक संत थे। हम सबको गुरु रविदास जी द्वारा दिखाए गए समानता, समरसता और भाईचारे के दिव्य मार्ग और राष्ट्र निर्माण में उनके अतुल्य योगदान को सदैव स्मरण रखना चाहिए।

# कांग्रेस का अनशन केवल राजनीतिक नौटंकी: मेलाराम

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिला भाजपा प्रवक्ता मेलाराम शर्मा ने विकसित भारत ग्रामीण आजीविका गारंटी योजना के विरोध में कांग्रेस नेताओं द्वारा किए गए दो घंटे के अनशन को महज राजनीतिक ड्रामा करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह अनशन जनता के हित में नहीं, बल्कि अपने आलाकमान को खुश करने के लिए किया गया सियासी स्टंट है। मेलाराम शर्मा ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा लाया गया विकसित भारत ग्रामीण आजीविका गारंटी (वी.बी.जी. राम जी) कानून गरीबों के कल्याण, पारदर्शिता और भ्रष्टाचार के समूल नाश की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। इस योजना में डिजिटाइजेशन और बायोमेट्रिक हाजिरी से बिचौलियों की भूमिका पूरी तरह समाप्त हो जाएगी।



उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेताओं को गरीबों के विकास से कोई सरोकार नहीं है और हिमाचल प्रदेश में उन्होंने केवल जनता को गुमराह किया है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस सरकारें हमेशा ऐसे कार्यक्रम चाहती हैं जिनमें बिचौलिए लाभ कमा सकें, लेकिन भाजपा सरकार के इस कानून से यह रास्ता बंद हो गया है।

मेलाराम शर्मा ने कहा कि प्रदेश की जनता अब कांग्रेस की नौटंकी को समझ चुकी है और ऐसे अनशनों का अब कोई असर नहीं होने वाला है।

# परवाणु में कौशल्या डैम विस्तार परियोजना को 22 करोड़ मंजूर

◆ 4 करोड़ लीटर अतिरिक्त पानी भंडारण क्षमता होगी विकसित

अनंत ज्ञान

**परवाणू।** हिमाचल के प्रवेश द्वार पर स्थित औद्योगिक नगरी परवाणू शहर और आसपास की पंचायतों में वर्षों से चली आ रही पेयजल समस्या के समाधान को जल शक्ति विभाग की तरफ से तैयार की गई डीपीआर को सरकार से 22 करोड़ की सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है। कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी ने इसकी पुष्टि की। विभाग इस राशि से कौशल्या डैम के समीप विस्तार परियोजना को सिरे चढ़ाकर पानी की स्टोरेज क्षमता बढ़ाएगी।

इस परियोजना के पूरा होने के बाद क्षेत्रवासियों को आने वाले दशकों तक पानी की किल्लत से राहत मिलने की उम्मीद है। गर्मियों में परवाणू शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट हर साल गंभीर रूप ले लेता है। इसे ध्यान में रखते हुए जलशक्ति विभाग ने विस्तार परियोजना की विस्तृत योजना तैयार की है। वर्तमान में कामली क्षेत्र में कौशल्या नदी पर बने डैम से परवाणू शहर और टकसाल पंचायत के ग्रामीण इलाकों को जलापूर्ति की जा रही है। डैम विस्तार परियोजना के तहत लगभग 4 करोड़ लीटर अतिरिक्त पानी की भंडारण क्षमता विकसित की जाएगी। साथ ही डैम में सिल्ट जमा होने से रोकने के लिए चेक डैम का निर्माण किया जाएगा, जिससे जल संग्रहण क्षमता लंबे समय तक बनी रहेगी। परियोजना पूरी होने के बाद कई पंचायतों को निर्बाध पानी की आपूर्ति सुनिश्चित होगी और उनकी गिरती पेयजल योजनाओं पर निर्भरता समाप्त हो जाएगी। सभी औपचारिकताएं पूरी होते ही टेंडर प्रक्रिया शुरू कर निर्माण कार्य आरंभ कर दिया जाएगा। धर्मपुर जलशक्ति विभाग के सहायक अभियंता उदय भानु ने बताया कि परियोजना का तकनीकी अनुमोदन किया जा रहा है और प्रक्रिया पूरी होने पर जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।कसौली विधायक विनोद सुल्तानपुरी ने कहा कि कौशल्या डैम का 22 करोड़ रुपये से यह विस्तार क्षेत्र की बढ़ती जल जरूरतों को पूरा करने में मील का पत्थर साबित होगा और भविष्य में सौ साल तक पानी की समस्या से स्थायी राहत दिलाएगा। इसके लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह का आभार व्यक्त किया।

# 'बेलुए बुरा आया जमाना' पहाड़ी नाटी पर झूमे दर्शक

अनंत ज्ञान

**राजगढ़।** बेलुए बुरा आया जमाना दिल देखी रो लाणा नामक पहाड़ी नाटी प्रस्तुत करके उभरते युवा कलाकार राजेश धाल्टा ने बधोरली उत्सव में समूचे पंडाल नचा दिया। गौर रहे कि नववर्ष के उपलक्ष्य पर शिरगुल युवा क्लब के सौजन्य से भव्य सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन किया गया।

इसमें धाल्टा कला मंच के कलाकारों के अलावा प्रसिद्ध कलाकार राजेश धाल्टा, मधुमिता धीमान, सुमन सोनी सहित अनेक कलाकारों ने समां बांधा और एक से बढ़कर एक प्रस्तुती देकर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। मधुमिता ने तू तो बसी गोई दिल दी मेरे प्यारि, हाए रे मेरिए जोनसारी, गीत पर युवकों ने डांस किया। सांस्कृतिक उत्सव का शुभारंभ सेवानिवृत शिक्षक प्रेमपाल आर्य ने किया। इस दौरान जीवन सिंह राणा और सुशील भृगु विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। गौर रहे कि इस सांस्कृतिक कार्यक्रम को पहलवान सोहनलाल शर्मा द्वारा प्रायोजित किया गया, जिनका समिति द्वारा कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर स्वागत किया गया। समापन समारोह में सेवानिवृत बीपीईओ चेतराम शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।, जबकि स्नेह शर्मा, डिंपल शर्मा, ग्राम पंचायत प्रधान संध्या धीमान, नीलकमल शर्मा और राजेश शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। समिति द्वारा सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि चेतराम शर्मा ने कहा कि पहाड़ी गीतों व नाटियों से प्रदेश की पूरे देश में अलग पहचान है और ऐसे आयोजनों से युवाओं को अपनी संस्कृति का बोध होता है, जिससे राज्य की संस्कृति और सभ्यता का संवर्धन होता है। शिरगुल युवा क्लब के प्रधान पवन शर्मा ने बताया कि यह सांस्कृतिक कार्यक्रम कई वर्षों से निरंतर आयोजित किया जा रहा है।

# सकोड़ी झाजा में तूफान से किसानों को हुआ नुकसान, मांगी सहायता

अनंत ज्ञान

**प्रेम कुमार, कंडाघाट।** गत दिनों हिमपात और तूफान से चायल वैली के सकोड़ी, झाजा, बांजनी सहित कई पंचायत के गांवों में किसानों के हाईटेक और सामान्य पॉलीहाउस को लाखों की क्षतिग्रस्त हुई है। किसानों ने सरकार से सहायता राशि की मांग की है। चायल वैली में बड़े पैमाने पर लोग फूल, वेजिटेबल और एग्जास्टिंग वेजिटेबल की खेती करते हैं। यह खेती केवल पॉलीहाउस में की जा सकती हैं। इसके लिए किसानों ने लाखों रुपए लगाकर पॉलीहाउस बनाए हैं।

किसान अपनी आजीविका के लिए यह पॉलीहाउस ऋण लेकर बनाते हैं। कई किसानों-बागवानों के पॉलीहाउस तूफान से क्षतिग्रस्त हुए उनकी इसमें लगी फसलें खराब हो गई। इनमें दुबारा फसल और पॉलीहाउस लगाने के लिए लाखों रुपए की आवश्यकता होती है। पिछला ऋण चुकाना बड़ी चुनौती है। प्रभावित किसान विपिन विनोद सहित कइयों ने बताया कि जो पॉलीहाउस क्षतिगस्त हो जाते हैं, उनकी मरम्मत नहीं होती शीट आदि पूरी दोबारा से लगानी होती हैं।

उन्होंने सरकार से सहायता की मांग की है, ताकि वह काम दुबारा शुरू कर सके। तहसीलदार कंडाघाट राजेंद्र कुमार ने बताया कि जिनका नुकसान हुआ है, वे पटवारी से रिपोर्ट तैयार कर सकते हैं। सरकार के निर्धारित रिलीफ मनुअल के अनुसार उन्हें करीब छह सौ रुपए प्रति बीघा सहायता का प्रावधान हैं।



चायल वैली में पॉलीहाउस को बारिश और तूफान से हुआ नुकसान। अनंत ज्ञान

### जाबल-कंसवाला रोड से एंबुलेंस सड़क निर्माण को मिली स्वीकृति

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** ग्राम पंचायत रौड़ी के अंतर्गत गांव खाता के लिए जाबल-कंसवाला रोड से एम्बुलेंस सड़क निर्माण को अंतिम स्वीकृति मिल गई है। इस उपलब्धि पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। समस्त ग्रामवासियों ने इस जनहितकारी कार्य के लिए विधायक अर्की संजय अवस्थी का आभार व्यक्त किया है। ग्रामवासियों ने बताया कि इस सड़क निर्माण प्रक्रिया को सफल बनाने में वन विभाग, लोक निर्माण विभाग तथा विकास खंड अधिकारी का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। विशेष रूप से वन विभाग द्वारा सरकारी भूमि क्षेत्र में पूर्ण सहयोग दिया गया, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि सड़क निर्माण के लिए सरकारी भूमि के अतिरिक्त किसी भी निजी भूमि की आवश्यकता नहीं पड़ी और किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न नहीं हुआ। इसी कारण परियोजना को बिना किसी अड़चन के अंतिम स्वीकृति मिल सकी। इस अवसर पर वॉर्ड मेंबर कृष्णा देवी, प्रदीप ठाकुर, भूतपूर्व वॉर्ड मेंबर रूपराम, बाबूराम, मनसा राम, खेम सिंह, प्रेम लाल, दिला राम, काशीराम, हरिदास, भागीरथ एवं खज़ाना राम सहित समस्त ग्रामवासियों ने कहा कि एम्बुलेंस सड़क के निर्माण से गांव खाता को आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं सहित आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी और क्षेत्र के विकास को नई गति प्राप्त होगी। समस्त ग्रामवासियों ने विधायक संजय अवस्थी सहित सभी संबंधित विभागों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए इस महत्वपूर्ण स्वीकृति को गांव के लिए ऐतिहासिक कदम बताया।

**फायदा** मिल्कफेड की ओर से संचालित 37 सहकारी समितियों से जुड़े 1562 दुग्ध उत्पादक

# दुग्ध समर्थन मूल्य से पशुपालकों की आर्थिक हुई सुदृढ़

अनंत ज्ञान

**एसपी जैरथ, नाहन।** प्रदेश सरकार द्वारा दुग्ध समर्थन मूल्य में वृद्धि से सिरमौर जिले के उपमंडल सराहां के पशुपालकों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। गाय के दूध का समर्थन मूल्य 51 रुपए प्रति लीटर और भैंस के दूध का 61 रुपए प्रति लीटर निर्धारित किया गया। इस निर्णय से दुग्ध उत्पादकों को उनके परिश्रम का उचित मूल्य मिल रहा है। जिले में मिल्कफेड की ओर से संचालित 37 सहकारी समितियों से जुड़े 1562 दुग्ध उत्पादक नियमित रूप से दूध प्रदान कर रहे हैं। इस बढ़ोतरी से किसानों की आय में सुधार हुआ और ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी सशक्त हुई है। श्याम दत्त गौतम, गांव पशोग के रहने वाले, प्रतिदिन 12 लीटर दूध दुग्ध सहकारी सभा को देते हैं। उन्होंने बताया कि पिछले 2-3 वर्षों में दूध के दाम में 20-25 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुई है, जिससे उन्हें अच्छा मुनाफा हुआ। बढ़े हुए रेट से न केवल वे बल्कि आसपास के अन्य पशुपालक भी लाभान्वित हुए हैं।

भूपेंद्र ठाकुर और धर्म सिंह पुंडीर ने भी इस निर्णय की सराहना की और बताया कि अब उन्हें दूध बेचने के लिए छोटे बाजारों में भटकना नहीं पड़ता, जिससे समय और मेहनत की बचत होती है। दुग्ध मूल्य वृद्धि से पशुपालकों का उत्साह बढ़ा है। पहले 10-13 लीटर प्रतिदिन दूध देने वाले किसान अब अपनी सोसायटी को 400-500 लीटर प्रतिदिन उपलब्ध करा रहे हैं। प्रवीन ठाकुर, जो डिंगरी मणिघाट में दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति के सचिव हैं, ने बताया कि उच्च गुणवत्ता वाले दूध के लिए किसानों को 52-62 रुपए प्रति लीटर तक भुगतान हो रहा है। इस पहल से दूध की आपूर्ति में बढ़ोतरी हुई और उत्पादकों की आर्थिक स्थिति में सुधार आया। दुग्ध समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी प्रदेश सरकार की किसान एवं पशुपालक हितैषी नीतियों का सशक्त उदाहरण है। इस निर्णय से न केवल व्यक्तिगत किसानों की आय बढ़ी है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता और आर्थिक सशक्तिकरण को भी बल मिला है। किसानों में उत्साह बढ़ने के कारण दुग्ध उत्पादन में सुधार हुआ और इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है। यह नीति ग्रामीण विकास और पशुपालक समुदाय के समग्र कल्याण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।



उच्च गुणवत्ता वाले दूध के लिए किसानों को 52-62 रुपए प्रति लीटर तक भुगतान हो रहा। अनंत ज्ञान

# इसराइल को 6.6 बिलियन डॉलर के हथियार बेचेगा अमेरिका

**एजेंसी, वाशिंगटन**

**अमेरिका** ने इसराइल को 6.6 बिलियन डॉलर के हथियार बेचने की मंजूरी दे दी है। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि इसराइल अब अमेरिका में बने हथियार खरीद सकेगा। इसमें 30 अपाचे अटैक हेलिकॉप्टर शामिल हैं, जिनकी कीमत 3.8 बिलियन डॉलर है। ये हेलिकॉप्टर बोइंग और लॉकहीड मार्टिन कंपनियां इजराइल को बेचेंगी। इसके अलावा, इन्फेंट्री असॉल्ट व्हीकल्स या ज्वॉइंट लाइट टैक्टिकल व्हीकल्स की बिक्री होगी, जिसमें लगभग 3,250 वाहन शामिल हैं। एक अन्य सौदा 740 मिलियन डॉलर का है, जिसमें आर्मर्ड पर्सनल कैरियर के लिए पावर पैक हैं।



◆ 30 अटैक हेलिकॉप्टर, तीन हजार से ज्यादा व्हीकल शामिल

अपाचे हेलिकॉप्टरों का इस्तेमाल इजराइली सेना ने पहले से ही वेस्ट बैंक और गाजा में फिलिस्तीनियों पर हमलों के लिए किया है। मानवाधिकार संगठनों ने बार-बार अमेरिका से इसराइल को हथियार नहीं देने की मांग की है। उनका कहना है कि इन हथियारों से ही इजराइल गाजा में नरसंहार करता है। इसके अलावा, इसी दिन अमेरिकी विदेश विभाग ने सऊदी अरब को 9 बिलियन डॉलर रुपए के पैट्रियट मिसाइलों और संबंधित उपकरण बेचने की मंजूरी दी है। इसमें 730 पैट्रियट मिसाइलें शामिल हैं। विभाग ने कहा कि इससे सऊदी अरब की सेना बेहतर होगी और क्षेत्रीय हवाई और मिसाइल रक्षा प्रणाली में उसका योगदान बढ़ेगा। (अनंत ज्ञान)

# बंगाल में एसआईआर से घुसपैठिए बाहर होंगे

## गृह मंत्री अमित शाह बोले- जो रह जाएंगे उनको भाजपा का सीएम निकाल देगा

**एजेंसी, कोलकाता**

**गृहमंत्री** अमित शाह ने पश्चिम बंगाल के नॉर्थ परगना में कहा कि ममता सरकार घुसपैठियों को संरक्षण दे रही है। बंगाल के लोग टीएमसी को उखाड़ फेकेंगे। इनकी विदाई का समय आ गया है। ममता जी को एसआईआर का जितना विरोध करना हैं कर लें। मतदाता सूची से घुसपैठियों को निकालना ही पड़ेगा। जो बचे घुसपैठिये रह जाएंगे, वो भाजपा का सीएम आकर निकाल देगा।

साल 2026 टीएमसी को 'टाटा, बाय-बाय' कहने का साल है। टीएमसी तो कम्युनिस्टों से भी आगे निकल गई है। जब मैं पहले आया था, तो मैंने कहा था कि पश्चिम बंगाल में भारी बहुमत से बीजेपी की सरकार बनेगी। उस समय ममता बनर्जी मेरा मजाक उड़ा रही थीं। लेकिन जब भगवान राम ने राम सेतु बनाया था, तो



रावण ने भी इसी तरह उनका मजाक उड़ाया था। 2024 में तीन दशक के बाद पहली बार मोदी लगातार तीसरी बार इस देश के प्रधानमंत्री बने हैं। 24 में ही हमने आंध्र प्रदेश में सरकार बनाई। हमने ओडिशा में सरकार बनाई। अरुणाचल में तीसरी बार सरकार बनाई। 2025 में हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली में 30 साल के बाद सरकार बनाई और 25 का अंत आते-आते बिहार में भी प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा और एनडीए की सरकार बनी। जितने भी लोग आजादी के संघर्ष में शहीद हुए, जिन्हें फांसी के फंदे पर लटकाया गया उनका आखिरी शब्द भी वंदे मातरम् ही था। मोदी सरकार ने वंदे मातरम् के 150 साल पूरे देश में मनाने का निर्णय लिया है। मगर विडंबना देखिए कि वंदे मातरम् का उद्भव बंगाल की माटी से हुआ, बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय जी ने किया। उसी वंदे मातरम् पर जब संसद में चर्चा हो रही थी, तो ममता बनर्जी के सांसद उस चर्चा का विरोध कर रहे थे। आनंदपुर में लगी आग कोई हादसा नहीं है। 25 लोगों की जान चली गई है, और 27 लोग लापता हैं। यह घटना क्यों हुई? इस मोमो फैक्ट्री में किसका पैसा लगा है? मोमो फैक्ट्री के मालिक कौन हैं? आनंदपुर गोदाम में लगी आग चिल्ला-चिल्लाकर कह रही है कि इसमें ममता बनर्जी के लोग शामिल हैं। अगर ममता बनर्जी इसे छिपाना चाहती हैं, लेकिन अप्रैल के बाद, जब बीजेपी सरकार आएगी, तो हम इस आग के दोषियों को चुन-चुनकर जेल भेजेंगे। दरअसल 26 जनवरी को आनंदपुर में एक फैक्टरी में आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई थी। शाह दो दिन के पश्विम बंगाल दौरे पर हैं। वे शुक्रवार रात कोलकाता पहुंचे थे। नॉर्थ परगना के बैरकपुर में रैली को संबोधित करने के बाद वे दोपहर 2 बजे बागडोगरा चले जाएंगे।

जहां वह उत्तर बंगाल के पार्टी नेताओं के साथ एक संगठनात्मक बैठक में शामिल होंगे। एक महीने के अंदर राज्य में शाह का दूसरा दौरा है। इससे पहले 30 और 31 दिसंबर को शाह कोलकाता गए थे। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव कुछ महीनों में होने वाले हैं। (अनंत ज्ञान)

# क्रैश हुई चांदी, 1.10 लाख रुपए गिरकर 2.91 लाख रुपए पर आई

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**गोल्ड** और सिल्वर मार्केट 30 जनवरी को क्रैश हो गया। प्रॉफिट बुकिंग के कारण मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर चांदी 1.10 लाख रुपए (27%) गिर गई। अब 1 किलो चांदी 2.91 लाख रुपए में मिल रही है। एक दिन पहले यानी 29 जनवरी को चांदी 4.01 लाख रुपए प्रति किलो में मिल रही थी। एमसीएक्स पर सोने में भी 20 हजार रुपए (12%) की गिरावट रही। 10 ग्राम सोना 1.49 लाख रुपए पर आ गया।

29 जनवरी को सोना 1.69 लाख रुपए पर था। सोने-चांदी की कीमत हाल के दिनों में रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी, जिसके बाद निवेशकों ने बड़े पैमाने पर प्रॉफिट बुक किया।

ऑल टाइम हाई के बाद फिजिकल डिमांड कमजोर हुई, साथ ही औद्योगिक उपयोग को लेकर चिंताएं भी बढ़ीं। (अनंत ज्ञान)

◆ सोना 20 हजार रुपए सस्ता, 1.49 लाख पर आया

### मार्जिन बढ़ने से सोने और चांदी की कीमतों पर दबाव

**सेबी** रजिस्टर्ड कमोडिटी एक्सपर्ट अनुज गुप्ता ने कहा कि शिकागो मर्केंटाइल एक्सचेंज ने कॉपर के बाद अब सोने और चांदी पर भी मार्जिन मनी बढ़ा दी है। सोने पर मार्जिन 6% से बढ़ाकर 8% कर दिया है। वहीं चांदी पर इसे 11% से बढ़ाकर 15% कर दिया गया है। मार्जिन बढ़ने से कीमतों पर दबाव बने रहने की उम्मीद है। कमोडिटी मार्केट में जब कोई बड़ा सौदा करता है, तो उसे पूरे पैसे तुरंत नहीं देने होते। उसे कुल कीमत का एक छोटा हिस्सा सिक्योरिटी के तौर पर जमा करना पड़ता है, जिसे 'मार्जिन' कहते हैं। मार्जिन बढ़ने का मतलब है कि अब ट्रेडर्स को ज्यादा पैसा लगाना पड़ेंगे। कई ट्रेडर्स ऐसे होते हैं जिन्होंने पहले से खरीदारी की हुई है। मार्जिन बढ़ते ही एक्सचेंज उनसे एक्स्ट्रा पैसे मांगता है।

# इसराइल का गाजा में हमला, 12 की मौत



**एजेंसी, दीर अल-बलाह (गाजा पट्टी)**

**गाजा** में शनिवार तड़के इसराइल की ओर से किए गए हमलों में कम से कम 12 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। अस्पतालों के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अक्तूबर में संघर्ष रोकने के लिए हुए समझौते के बाद यह उन हमलों में से एक है, जिनमें सबसे अधिक मौतें हुई हैं। नासिर और शिफा अस्पतालों के अधिकारियों ने बताया कि इन हमलों में गाजा सिटी के एक अपार्टमेंट और खान यूनिस में एक शिविर को निशाना बनाया गया। उन्होंने कहा कि हमलों में मारे गए लोगों में दो अलग-अलग परिवारों की दो महिलाएं और छह बच्चे शामिल हैं। इसराइल की सेना की ओर से इन हमलों पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। (अनंत ज्ञान)

# पश्चिम एशिया में तनाव के बीच ईरान का ऐलान, अमेरिकी युद्धपोत के पास करेगा नौसैनिक अभ्यास

**एजेंसी, दुबई।** अमेरिका ने ईरान की तरफ से अपना सबसे बड़ा बेड़ा भेजा है, जिससे पश्चिम एशिया में मौजूदा तनाव अपने चरम पर पहुंच गया है। वहीं ईरान ने भी मोर्चा संभालते हुए होर्मुज जलडमरूमध्य में दो दिवसीय नौसैनिक अभ्यास की घोषणा की है। इस पर अमेरिकी सेना के केंद्रीय कमान ने ईरानी सेना को चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि वह अमेरिकी युद्धपोतों के ऊपर से उड़ान भरने जैसे असुरक्षित युद्धाभ्यास को बर्दाश्त नहीं करेगा, जिसमें अमेरिकी जहाजों से टक्कर की दिशा में ईरानी स्पीडबोटों का आना भी शामिल है। वहीं, इससे पहले ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि उनका देश निष्पक्ष और न्यायसंगत बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन उन्होंने ट्रंप की मुख्य मांगों को खारिज कर दिया। अराघची ने कहा कि रक्षा रणनीतियां और मिसाइल प्रणालियां कभी भी बातचीत का विषय नहीं होंगी। ईरान की तरफ से ये भी दावा किया गया है कि हाल ही में हुए 12-दिवसीय युद्ध से उसकी सैन्य क्षमताएं पहले से ज्यादा मजबूत हुई हैं। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी के मुताबिक, सेना प्रमुख अमीर हातमी ने एक सैन्य समारोह में कहा कि इस संघर्ष से ईरानी सेना को अपनी ताकत और कमजोरियों को समझने का मौका मिला, साथ ही विरोधी पक्ष की रणनीति को भी बेहतर ढंग से परखा गया। (अनंत ज्ञान)

# पाकिस्तानी पीएम शहबाज बोले कर्ज मांगने में अब आती है शर्म

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

**पाकिस्तान** के प्रधानमंत्री शहबाज ने विदेशी कर्ज पर देश की बढ़ती निर्भरता को लेकर नाराजगी जताई है। न्यूज एजेंसी हुद्ध के मुताबिक, शहबाज ने शुक्रवार को माना कि देश की बदहाल आर्थिक स्थिति के कारण उन्हें बारबार विदेशी दौरों पर जाकर कर्ज मांगना पड़ा। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री राजधानी इस्लामाबाद में कारोबारी नेताओं को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा, 'मैं आपको बताना चाहता हूं कि जब फील्ड मार्शल आसिम मुनीर और मैं दुनियाभर में पैसे मांगने जाते हैं तो हमें शर्म आती है।' शहबाज ने कहा कि कर्ज लेना हमारे आत्मसम्मान पर बहुत बड़ा बोझ है। कई बार हमें कॉम्प्रोमाइज करना पड़ता है। कई बार हम उनकी शर्तों को 'ना' भी नहीं कह पाते। शहबाज ने यह भी कहा कि कर्ज का बोझ देश की इज्जत पर भारी पड़ रहा है और अब वैकल्पिक आर्थिक रास्ते तलाशने की जरूरत है। उनका बयान ऐसे समय आया है जब पाकिस्तान आईएमएफ से मदद और पुराने कर्ज को रोलओवर (आगे बढ़ाने) की कोशिश कर रहा है। पीएम शहबाज के बयान से जाहिर है कि पाकिस्तान गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहा है और अंतरराष्ट्रीय मदद पर बहुत ज्यादा निर्भर हो चुका है। शहबाज ने चीन को 'हर मौसम का दोस्त' बताया और कहा कि सऊदी अरब, यूएई और कतर ने भी अच्छे-बुरे हर वक्त में पाकिस्तान का साथ दिया है। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था इन्हीं देशों के सहारे टिकी हुई है। यही देश विदेशी मुद्रा भंडार को संभालने और भुगतान संतुलन संकट से बचाने में मदद कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने देश में बढ़ती गरीबी और बेरोजगारी पर भी चिंता जताई। उन्होंने माना कि रिसर्च, डेवलपमेंट और इनोवेशन पर पर्याप्त काम नहीं हुआ। पाकिस्तान में गरीबी बढ़कर आबादी के करीब 45% तक पहुंच गई है। इसकी वजह महंगाई, बाढ़ और आर्थिक अस्थिरता है। बेरोजगारी दर करीब 7.1% हो चुकी है और 80 लाख से ज्यादा लोग बेरोजगार हैं। 2018 में जहां 21.9% लोग गरीबी रेखा से नीचे थे, अब यह आंकड़ा करीब 45% बताया जा रहा है। अत्यधिक गरीबी 4.9% से बढ़कर 16.5% तक पहुंच गई है। (अनंत ज्ञान)

# एपस्टीन फाइल्स में भारतीय फिल्म डायरेक्टर मीरा नायर का नाम

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने एपस्टीन सेक्स स्कैंडल से जुड़ी नई फाइल्स रिलीज की हैं। इनमें जेफ्री एपस्टीन के कुछ ईमेल सामने आए हैं। अमेरिकी मीडिया न्यू यॉर्क पोस्ट के मुताबिक फाइल्स में प्रसिद्ध भारतीय फिल्म डायरेक्टर मीरा नायर का नाम भी सामने आया है। मीरा नायर से जुड़ा मेल अमेरिकी फिल्म पब्लिसिस्ट पेगी सीगल ने एपस्टीन को 21 अक्टूबर 2009 को भेजी थी। इसमें पेगी सीगल ने लिखा है कि वह गिस्लीन मैक्सवेल (एपस्टीन की गर्लफ्रैंड और अपराधी) के मैनहट्टन टाउनहाउस से एक आफ्टर-पार्टी से लौटी हैं। मीरा नायर न्यूयॉर्क सिटी के मेयर जोहरान ममदानी की मां हैं। नई फाइलों में 30 लाख पेज, 1 लाख 80 हजार तस्वीरें और 2 हजार से ज्यादा वीडियो भी शामिल हैं। मैक्सवेल के घर पर हुई यह पार्टी मीरा नायर की 2009 में रिलीज हुई फिल्म 'एमेलिया' से जुड़ी थी। फिल्म में हिलेरी स्वैंक ने एविएटर एमेलिया ईयरहार्ट का किरदार निभाया था और रिचर्ड गियर उनके पति जॉर्ज पुटनम के रूप में थे। ईमेल में सीगल ने बताया कि पार्टी में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन, अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस और मीरा नायर समेत कई बड़े नाम मौजूद थे। यह ईमेल अमेरिकी न्याय विभाग की शुक्रवार को जारी की गई नई फाइलों का हिस्सा है। इन फाइल्स में टेस्ला के सीईओ इलॉन मस्क और एपस्टीन के बीच 2012 और 2013 के दौरान हुए ईमेल एक्सचेंज की जानकारी सामने आई है। (अनंत ज्ञान)

# राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के नेतृत्व में संगठन को मिलेगी नई दिशा : गौतम

**अनंत ज्ञान**



**पलवल।** हरियाणा सरकार में खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने शनिवार को नई दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से शिष्टाचार भेंट करते हुए उन्हें उनके नए दायित्व के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में संगठन निरंतर प्रगति करेगा और देश एवं समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहेगा।

खेल राज्य मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के साथ यह मुलाकात अत्यंत प्रेरणादायक एवं मार्गदर्शक रही। उनके दीर्घ संगठनात्मक अनुभव, गहन जमीनी समझ तथा स्पष्ट एवं दूरदर्शी दृष्टिकोण से यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि संगठन को उनके नेतृत्व में नई दिशा और नई ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन का राजनीतिक एवं संगठनात्मक जीवन निरंतर समर्पण, अनुशासन और कर्मठता का प्रतीक रहा है।

उन्होंने विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते हुए संगठन को मजबूत आधार प्रदान किया है और कार्यकर्ताओं के साथ निरंतर संवाद बनाए रखा है। उनका कार्यकर्ता-केंद्रित दृष्टिकोण यह दर्शाता है कि वे संगठन की जड़ों को सुदृढ़ करने में विश्वास रखते हैं, क्योंकि किसी भी दल की वास्तविक शक्ति उसके कार्यकर्ता ही होते हैं।

खेल राज्य मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन का नेतृत्व युवाओं को प्रेरित करने वाला है और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के अनुभवों का सम्मान करते हुए संगठन को संतुलित एवं सशक्त दिशा देने में सक्षम है। उनकी कार्यशैली में पारदर्शिता, स्पष्टता और परिणामोन्मुख सोच दिखाई देती है, जो निश्चित रूप से पार्टी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध होगी।

# जींद में हुआ 11 हजार कन्याओं का पूजन

**अनंत ज्ञान, जींद।** ऐतिहासिक जयंती देवी मंदिर में शनिवार को 11 हजार कन्याओं के पूजन को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा पहुंचे और यज्ञ में पूर्णाहुति डाली। राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि हिंदू धर्म और संस्कृति में कन्या (बेटी) को सर्वोच्च सम्मान दिया गया है। उसे देवी दुर्गा का साक्षात रूप माना जाता है, जो घर में सुख, समृद्धि, शांति और सकारात्मक ऊर्जा लाती है। कन्या पूजन से जहां कुल दोष दूर होते हैं वहीं सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और यह समर्पण, विनम्रता व नारी के प्रति सम्मान का प्रतीक है। कन्या का जीवन में होना, घर की उन्नति का कारक माना जाता है।

राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि मां जयंती देवी मंदिर के दरबार में हुआ यह कार्यक्रम प्रदेश सरकार की बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ नीति को आगे बढने का काम कर रहा है। सनातन धर्म में कन्या पूजन को सबसे ऊपर माना गया है और 15 हजार से अधिक कन्याओं का पूजन करना अपने आप में एक मिसाल है। उनके पास जब इस कार्यक्रम की जानकारी आई तो उन्होंने इस कार्यक्रम में शिरकत करने का तुरंत फैसला किया। इस कार्यक्रम में उन्हें मां जयंती का आशीर्वाद तो मिला ही साथ ही कन्या पूजन का अवसर भी मिला।

राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि नवरात्रि में देवी दुर्गा की नौ शक्तियों की पूजा की जाती है। मान्यता है कि कन्या में देवी दुर्गा का वास होता है, इसलिए उनका पूजन करना देवी को प्रसन्न करने का सबसे अच्छा तरीका होता है। कन्या पूजन से पुण्य प्राप्त होता है। उन्होंने माता जयंती देवी मंदिर में शेड निर्माण हेतु 11 लाख रुपए देने की घोषणा भी की।

# फरीदाबाद : फैक्टरी में लगी आग, दो मजदूर जिंदा जले

**अनंत ज्ञान**



**फरीदाबाद।** गांव पाखल स्थित प्लाईवुड बनाने वाली ड्रीम प्राइवेट लिमिटेड फैक्टरी में शनिवार को बुरी तरह से जली हुई हुई लाशें मिली हैं। शुक्रवार को इस फैक्टरी में आग लग गई थी। दोनों कंकाल फैक्टरी में काम करने वाले मजदूरों के बताए जा रहे है। पुलिस मामले की जांच कर कर रही है। धौज पुलिस थाना प्रभारी दर्पण ने बताया कि, जो दो ककांल मिले हैं। उनमें एक संभल यूपी के रहने वाले मोहम्मद आलिम का है, जबकि दूसरा बिहार का रहने वाला अरविंद है। दोनों की कुछ दिन पहले फैक्टरी में काम करने के लिए आए थे। फैक्टरी के अंदर प्लाईवुड की शीट पर डिजाइन बनाने का काम किया जाता है।

पुलिस की जांच के मुताबिक, शुरुआती जांच में शार्ट सर्किट से आग लगने की बात कही जा रही है। फैक्ट्री में शुक्रवार की रात करीब ढाई बजे अचानक से आग लग गई थी। देखते ही देखते आग ने फैक्टरी के एक बड़े हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

बताया जा रहा है कि आग लगने के बाद दोनों अपना सामान निकालने के वापस फैक्टरी में गए थे, लेकिन वो लोग नहीं निकल पाए। हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। धौंज थाना प्रभारी दर्पण ने बताया कि फैक्टरी मालिक की तलाश की जा रही है। पुलिस और दमकल विभाग की टीमें लापता मजदूरों की तलाश में लगातार जुटी हुई हैं। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही आग लगने के सही कारणों का खुलासा किया जाएगा।

# सोनीपत में दबोचा नकली सीबीआई इंस्पेक्टर

**अनंत ज्ञान, सोनीपत।** पुलिस ने झज्जर के रहने वाले रणधीर सिंह को गिरफ्तार किया, जिसने खुद को सीबीआई इंस्पेक्टर बताकर गांव भटगांव में लोगों पर रौब जमाने की कोशिश की। आरोपी पूरी पुलिस वर्दी पहनकर घूम रहा था। ग्रामीणों ने सूचना दी, जिसके बाद सीआईए सेक्टर-3 और सदर थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर उसे काबू किया। जांच में पता चला कि रणधीर पहले पुलिस विभाग में कार्यरत था, लेकिन 2002 में भ्रष्टाचार के आरोप में निलंबित और बाद में बर्खास्त किया गया था। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह वर्दी पहनकर बसों में बिना किराया यात्रा करता और लोगों को डराता था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने बताया कि अब यह पता लगाया जा रहा है कि आरोपी ने वर्दी कहां से प्राप्त की और क्या उसने पहले भी इसी तरह की कोई गतिविधि की थी।

# चंडीगढ़ कांग्रेस में शामिल हुए जेजे सिंह, संगठन को मिलेगा फायदा

**अनंत ज्ञान**



**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी को शनिवार को उस समय बड़ी मजबूती मिली जब आम आदमी पार्टी (आप) के टिकट पर पिछला नगर निगम चुनाव लड़ चुके और 3,314 मत प्राप्त कर चुके जेजे सिंह कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। उनके इस प्रदर्शन से उनके मजबूत जनसंपर्क और जमीनी पकड़ का स्पष्ट प्रमाण मिलता है।

जेजे सिंह ने चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एचएस लक्की तथा पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में औपचारिक रूप से कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। उनके कांग्रेस में शामिल होने को शहर में आने वाली नगर निकाय और राजनीतिक चुनौतियों से पहले संगठन के लिए एक बड़ी ताकत के रूप में देखा जा रहा है। सिंह का कांग्रेस पार्टी में स्वागत करते हुए एचएस लक्की ने कहा कि कांग्रेस लगातार उन नेताओं के लिए पसंदीदा मंच बनकर उभर रही है जो जनहितकारी राजनीति और लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास रखते हैं। उन्होंने कहा कि सिंह का अनुभव, जमीनी स्तर पर उनकी विश्वसनीयता और जनता से उनका जुड़ाव चंडीगढ़ में कांग्रेस पार्टी को और मजबूत करेगा। इस अवसर पर सिंह ने कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व और विचारधारा में अपना विश्वास व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो लोकतांत्रिक संस्थाओं की रक्षा और चंडीगढ़ के लोगों की वास्तविक समस्याओं के समाधान के लिए ईमानदारी से प्रतिबद्ध है।

इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ नेताओं में उपाध्यक्ष मीनाक्षी चौधरी, वरिष्ठ नेता चंद्रमुखी शर्मा, जिला अध्यक्ष विपनजोत सिंह अमन, जनरल सेक्रेटरी आचे लाल गौर, सुधर्शन बब्बल, सोसायटी चेयरमैन संजीव शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष अमन स्लैच, वरिष्ठ युवा नेता तथा कई अन्य पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल थे।

# जींद में दो ट्रकों की टक्कर टायर बदल रहे चालक की मौत

**अनंत ज्ञान, जींद।** जुलाना क्षेत्र से गुजरने वाले नेशनल हाईवे 152 डी पर बुढ़ा खेड़ा-लाठर गांव के पास दो ट्रकों की आपस में टक्कर हो गई। जिसमें एक ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने पर जुलाना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

ट्रक चालक बालिस नारनौल से अंबाला की ओर जा रहा था। शनिवार को जब वह बुढ़ा खेड़ा गांव के पास पहुंचा तो ट्रक का टायर पंचर हो गया था। जिसके बाद ट्रक को सड़क किनारे खड़ा कर चालक और कंडक्टर टायर बदल रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे एक अन्य ट्रक ने खड़े ट्रक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में टायर बदल रहे शामली निवासी 22 वर्षीय चालक बालिस की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि परिचालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को एंबुलेंस की मदद से तुरंत अस्पताल भिजवाया गया। सूचना मिलते ही जुलाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस जांच अधिकारी सोमित कुमार ने बताया कि शनिवार को एनएच 152डी पर सड़क हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जांच शुरू कर दी है।

# नई लिथियम-आयन लाइन से बद्दी बनेगा एनर्जी हब



**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** भारत की अग्रणी कंज्यूमर एनर्जी कंपनी ल्युमिनस पावर टेक्नोलॉजीज ने हिमाचल प्रदेश के बद्दी में अपनी पहली लिथियम-आयन बैटरी असेंबली लाइन का उद्घाटन किया। इस नई लाइन से कंपनी की आधुनिक एनर्जी स्टोरेज क्षमता को बढ़ावा मिलेगा और यह नई पीढ़ी के ऊर्जा समाधानों के अपनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

ल्युमिनस के सीनियर वाइस प्रेजिडेंट, मेनुफैक्चरिंग एवं ग्लोबल सप्लाई चेन, राजीव गंजु ने कहा कि यह आधुनिक असेंबली लाईन विश्वस्तरीय मैनुफैक्चरिंग, प्रेसीजन और भविष्य-उन्मुख संचालन में कंपनी की क्षमता को मजबूत करेगी। नई लाईन में 500 एमडब्ल्यूएच उत्पादन क्षमता के साथ रोबोटिक ऑटोमेशन, स्टैंडअलोन बैटरी पैक्स, स्टेशनरी बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम और ई-रिक्शॉ के लिए ऑटोमोटिव बैटरी पैक्स बनाने की सुविधा है। यह सिंगल बैटरी पैक्स में 1.2 केडब्ल्यूएच से 16 केडब्ल्यूएच और सिस्टम-लेवल में 1 एमडब्ल्यूएच तक की स्केलेबिलिटी सपोर्ट करती है।

असेंबली लाईन में डिजिटल ट्रेसेबिलिटी भी है, जो बैटरी की लाइफस्टाइल ट्रैकिंग, विनियामक अनुपालन और उपभोक्ता विश्वास सुनिश्चित करती है। यह युनिट भारत में ऊर्जा की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रत्यास्थ और टेक्नोलॉजी-उन्मुख मैनुफैक्चरिंग का उदाहरण है।

# पानीपत में क्लीनिक के कंपाउंडर पर हमला

**अनंत ज्ञान, पानीपत।** पानीपत स्थित एक क्लीनिक के पूर्व कर्मचारी ने कंपाउंडर पर जानलेवा हमला कर दिया। जिसको इलाज के लिए पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया है। घटना बीती रात कश्यप कॉलोनी स्थित 'देव क्लीनिक' में घटित हुई। पुलिस के अनुसार शुक्रवार की रात को क्लीनिक में कार्यरत एक वार्ड बॉय पर वहीं के पूर्व कर्मचारी ने तेजधार हथियार से गर्दन काटने की कोशिश की और सिर व हाथों पर गंभीर चोटें मारकर फरार हो गया।

मुजफ्फर नगर निवासी घायल आकाश पिछले 2 साल से देव क्लीनिक में वार्ड बॉय की नौकरी कर रहा है। शुक्रवार की रात को बंटी नाम का युवक क्लीनिक पर आया। बंटी पहले उसी क्लीनिक पर काम करता था और उस समय शराब के नशे में था। उसने पेट दर्द की दवाई मांगी, जो आकाश ने उसे दे दी। दवाई लेने के बाद बंटी ने आकाश को खाना खिलाने के बहाने बाहर भेजा। जैसे ही आकाश ढाबे से खाना लेकर क्लिनिक की सीढ़ियों के पास पहुंचा, घात लगाए बैठे बंटी ने पीछे से उसकी गर्दन दबोच ली ओर तेजधार हथियार से आकाश की गर्दन, माथे, सिर और हाथ की उंगलियों पर कई वार किए।

आकाश के शोर मचाने पर जब पड़ोसी इकट्ठा होने लगे, तो बंटी जान से मारने की धमकी देता हुआ मौके से भाग निकला। क्लीनिक मालिक देवेंद्र ने घायल आकाश को तुरंत सिविल अस्पताल पहुंचाया। आकाश की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। थाना पुराना औद्योगिक ने डाक्टरी रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपी की धरपकड़ शुरू कर दी है।

## स्पोर्ट्स विंडो

### लीग-1 2025-26: लेन्स ने ले हावरे को 1-0 से हराया, फिर शीर्ष पर पहुंचे

**एजेंसी, पेरिस।** फ्रेंच लीग-1 में लेन्स ने एक बार फिर शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। शुक्रवार को खेले गए मुकाबले में लेन्स ने ले हावरे को 1-0 से हराकर अंकतालिका में पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) को पीछे छोड़ दिया। बारिश भरी रात में उत्तरी फ्रांस में खेले गए इस मुकाबले का एकमात्र गोल पहले हाफ के अतिरिक्त समय में रुबेन अगुइलार ने किया। मैथ्यू उडोल के सटीक क्रॉस पर दाहिने बैक अगुइलार ने फॉर पोस्ट पर पहुंचकर गेंद को जाल में पहुंचाया। अगुइलार को 2020 में फ्रांस की राष्ट्रीय टीम के लिए एक मैच खेलने का मौका मिल चुका है। यह जीत लेन्स के लिए जीत की राह पर वापसी भी रही। टीम ने लीग और कप मुकाबलों में लगातार 10 जीत दर्ज की थीं, लेकिन पिछले सप्ताह मार्सेई के खिलाफ 1-3 की हार का सामना करना पड़ा था। उस हार के चलते लेन्स दो अंक पीछे रहते हुए तालिका में दूसरे स्थान पर आ गया था। ले हावरे के खिलाफ इस जीत के साथ लेन्स ने 20 मैचों के बाद एक अंक की बढ़त के साथ फिर से शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। (अनंत ज्ञान)

### सऊदी प्रो लीग में अल नासर ने अल खोलूद को 3-0 से दी शिकस्त

**एजेंसी, बुरैदाह।** किंग अब्दुल्ला स्पोर्ट सिटी स्टेडियम में शुक्रवार देर रात खेले गए मुकाबले में अल नासर ने दमदार प्रदर्शन करते हुए अल खोलूद को 3-0 से शिकस्त दी। इस जीत में क्रिस्टियानो रोनाल्डो, किंग्सले कोमन और मोहम्मद सिमाकन ने गोल दागे। इस जीत के साथ अल नासर 18 मैचों में 43 अंकों के साथ अंकतालिका में दूसरे स्थान पर कायम है और शीर्ष पर मौजूद अल हिलाल से तीन अंक पीछे है। मैच की शुरुआत से ही अल नासर ने आक्रामक रुख अपनाया। शुरुआती 15 मिनट में अल खोलूद की रक्षा पंक्ति को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। पांचवें मिनट में अल नासर गोल के बेहद करीब पहुंच गया था, जब गोलकीपर जुआन पाब्लो कोज़ानी की गलत क्लीयरेंस के बाद रोनाल्डो ने खाली नेट पर शॉट मारा, लेकिन गेंद को गोललाइन से बाहर निकाल दिया गया। अल नासर ने 3-0 की शानदार जीत दर्ज कर खिताब की दौड़ में अपनी स्थिति मजबूत बनाए रखी है। (अनंत ज्ञान)

### ऑस्ट्रेलिया ओपन: हैरिसन-स्कुप्स्की ने जीता पुरुष युगल का खिताब

**एजेंसी, मेलबर्न।** छठी वरीयता प्राप्त ब्रिटेन के नील स्कुप्स्की और अमेरिका के क्रिश्चियन हैरिसन की जोड़ी ने शनिवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 के पुरुष युगल खिताब पर कब्जा कर लिया। फाइनल में इस ब्रिटिश-अमेरिकी जोड़ी ने घरेलू दर्शकों की पसंद ऑस्ट्रेलिया के जेसन क्यूबलर और मार्क पोलमैन्स को 7-6(4), 6-4 से हराया। यह हैरिसन और स्कुप्स्की की जोड़ी का एक साथ खेलते हुए पहला ग्रैंड स्लैम खिताब है। इस जीत के साथ क्रिश्चियन हैरिसन ने अपने करियर का पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता, जबकि नील स्कुप्स्की के लिए यह युगल और मिश्रित युगल मिलाकर चौथा ग्रैंड स्लैम खिताब रहा। हालांकि, विंबलडन के बाहर यह उनका पहला ग्रैंड स्लैम खिताब है। पहला सेट टाईब्रेक तक पहुंचा, जहां स्कुप्स्की के दमदार ओवरहेड स्मैश की बदौलत ब्रिटिश-अमेरिकी जोड़ी ने कड़े मुकाबले में बढ़त हासिल की। दूसरे सेट में हैरिसन और स्कुप्स्की ने शुरुआती ब्रेक लेकर बढ़त बनाई और ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी की जोरदार वापसी की कोशिशों के बावजूद अपनी पकड़ बनाए रखी। (अनंत ज्ञान)

### गोल्फ की सबसे मशहूर हस्ती

**पेज** स्पिरानैक शायद आज गोल्फ की सबसे मशहूर हस्ती हैं, न सिर्फ अपने शानदार पेशेवर करियर की वजह से, बल्कि ऑनलाइन उनकी जबरदस्त मौजूदगी के कारण भी। पूर्व कॉलेज और कुछ समय के लिए पेशेवर खिलाड़ी रहीं पेज सोशल मीडिया स्टार बन गईं, जहां उन्होंने गोल्फ कंटेंट को फिटनेस, ग्लैमर और बेबाक विचारों के साथ पेश किया।



# ईशान-सूर्यकुमार ने धोए कीवी गेंदबाज

## टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला टीम इंडिया के लिए रहा फायदेमंद

**एजेंसी, तिरुवनंतपुरम**

तिरुवनंतपुरम के ग्रीनफील्ड स्टेडियम में खेले जा रहे टी-20 सीरीज के पांचवें और आखिरी मुकाबले में भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड के सामने 272 रन का पहाड़ जैसा लक्ष्य खड़ा कर दिया। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और उनका यह निर्णय पूरी तरह सही साबित हुआ। टीम इंडिया ने निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 271 रन बनाए। इस दौरान भारतीय बल्लेबाजों ने कुल 23 छक्के जड़कर कीवी गेंदबाजों की जमकर धुनाई की।

**◆ ईशान ने 43 गेंदों में ताबड़तोड़ बनाए 103 रन**

भारतीय पारी की शुरुआत हालांकि उम्मीद के मुताबिक नहीं रही। लोकल हीरो संजू सैमसन से फैंस को बड़ी पारी की उम्मीद थी, लेकिन वह एक बार फिर नाकाम रहे और सस्ते में पवेलियन लौट गए। इसके अलावा अभिषेक शर्मा भी जल्दी आउट हो गए, जिससे पावरप्ले में भारत को दो अहम झटके लगे। शुरुआती ओवरों में भारतीय पारी थोड़ी लड़खड़ाती नजर आई, लेकिन इसके बाद मैदान पर जो हुआ, उसने मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया।

ईशान किशन ने शुरुआत में कुछ गेंदें संभलकर खेलीं, लेकिन सेट होते ही उन्होंने गियर बदल दिया। इसके बाद उनकी बल्लेबाजी किसी तूफान से कम नहीं रही। ईशान ने महज 43 गेंदों पर 103 रन की विस्फोटक शतकीय पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 6 चौके और 10 लंबे छक्के लगाए। उनका स्ट्राइक रेट 239.53 रहा, जो टी-20 क्रिकेट में उनकी आक्रामक मानसिकता को साफ दर्शाता है। ईशान की हर दूसरी गेंद बाउंड्री पार जाती नजर आई और कीवी गेंदबाज पूरी तरह बेबस दिखे।

सूर्यकुमार यादव ने भी ईशान का भरपूर साथ दिया। उन्होंने 30 गेंदों पर 63 रन की तेजतर्रार पारी खेली। सूर्या ने 4 चौके और 6 छक्के लगाए और 210.00 के शानदार स्ट्राइक रेट से रन बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच हुई साझेदारी ने न्यूजीलैंड की गेंदबाजी की कमर तोड़ दी और रन गति लगातार बढ़ती चली गई। (अनंत ज्ञान)



अपनी 103 रन की पारी में एक आकर्षक शॉट खेलते ईशान किशन। अनंत ज्ञान

### न्यूजीलैंड की ओर से लॉकी फर्ग्यूसन रहे सबसे सफल गेंदबाज

**न्यूजीलैंड** की ओर से लॉकी फर्ग्यूसन सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने 2 विकेट अपने नाम किए, लेकिन बाकी गेंदबाज भारतीय बल्लेबाजों पर कोई खास अंकुश नहीं लगा सके। वहीं, 272 रन के टारगेट के सामने न्यूजीलैंड के लिए टिम साइफर्ट और फिन एलन ओपनिंग करने उतरे। दोनों ने शुरुआती 5 गेंदों पर 17 रन भी बनाए। अर्शदीप सिंह ने आखिरी गेंद पर कमबैक किया और साइफर्ट को कैच करा दिया। वे 5 रन बनाकर आउट हुए। खबर लिखे जाने तक न्यूजीलैंड ने एक विकेट पर 25 रन बना लिए थे।

### अनाहत स्क्वाश ऑन फायर के सेमीफाइनल में



**एजेंसी, नई दिल्ली।** युवा भारतीय स्टार अनाहत सिंह ने 0-2 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए वाशिंगटन में स्क्वाश ऑन फायर ओपन के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में मिस्र की दूसरी वरीय सना इब्राहिम को हराया। भारत की दुनिया की 31वें नंबर की खिलाड़ी और सातवीं वरीय अनाहत ने तीसरे और चौथे गेम में 5-6 से पिछड़ने के बाद मुकाबले में वापसी की और पीएसए कांस्य स्तर प्रतियोगिता में मिस्र की दुनिया की 17वें नंबर की खिलाड़ी को 8-11, 8-11, 11-7, 11-8, 11-7 से हराया। अनाहत का सेमीफाइनल में मुकाबला अमेरिका की सबरीना सोभी से होगा। वहीं, वीर चोटरानी पुरुषों के क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड के छठे वरीय डेक्लान जेम्स से हार गए। (अनंत ज्ञान)

## कजाकिस्तान की रायबकिना ने पहली बार जीता ऑस्ट्रेलिया ओपन

### फाइनल में सबालेंका को 6-4, 4-6, 6-4 से हराया

**एजेंसी, मेलबर्न**

कजाकिस्तान की टेनिस स्टार एलिना रायबकिना ने ऑस्ट्रेलिया ओपन जीत लिया है। उन्होंने शनिवार को फाइनल मैच में टॉप सीड बेलारूसी स्टार आर्यना सबालेंका को 6-4, 4-6, 6-4 से हराया। वे यह खिताब जीतने वाली कजाकिस्तान की पहली महिला खिलाड़ी बनी हैं। 26 साल की रायबकिना ने पहली बार इस ग्रैंड स्लैम का खिताब जीता है। 3 साल पहले वे फाइनल में पहुंची थीं, लेकिन तब उन्हें सबालेंका के हाथ पराजय का सामना करना पड़ा था। शनिवार को रायबकिना ने उस हार का बदला ले लिया। रायबकिना ने पहले सेमीफाइनल मैच में अमेरिका की जेशिगा पेगुला को 6-3, 7-6 से हराकर बाहर किया था।

**◆ सेमीफाइनल में अमेरिका की जेशिगा को हराया था**

**दो घंटे चला मुकाबला**



दो घंटे 16 मिनट तक चले इस मुकाबले में कजाकिस्तानी स्टार ने पहला सेट जीतकर मैच में 1-0 की बढ़त बना ली। लेकिन दूसरे सेट में सबालेंका ने जोरदार वापसी की। उसके बाद रायबकिना ने तीसरा सेट जीतकर मैच अपने नाम कर लिया।

### मर्टेंस-झांग ने जीता युगल का खिताब

**एजेंसी, मेलबर्न।** बेल्जियम की एलिस मर्टेंस ने महिला युगल में विश्व नंबर-1 रैंकिंग पर वापसी को यादगार बनाते हुए चीन की झांग शुआई के साथ शनिवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 का खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल में मर्टेंस-झांग की जोड़ी ने कजाखस्तान की अन्ना डानिलिना और सर्बिया की अलेक्ज़ांद्रा क्रूनिच को 7-6 (4), 6-4 से हराया। फाइनल के पहले सेट में मर्टेंस और झांग की जोड़ी 0-3 और फिर 1-4 से पीछे चल रही थी, लेकिन शानदार वापसी करते हुए टाईब्रेक में सेट अपने नाम किया। दूसरे सेट में जोड़ी ने एक समय 5-0 की बढ़त बना ली थी। हालांकि डानिलिना और क्रूनिच ने लगातार चार गेम जीतकर मुकाबले में रोमांच लौटाया, लेकिन मर्टेंस और झांग ने संयम बनाए रखते हुए मैच खत्म कर दिया। वर्तमान में युगल रैंकिंग में छठे स्थान पर काबिज मर्टेंस ने पिछले साल वेरोनिका कुडर्मेटोवा के साथ विंबलडन युगल खिताब जीता था। (अनंत ज्ञान)

## मास्टर्स गेम्स हॉकी में हिमाचल उपविजेता

### फाइनल मुकाबले में केरल के खिलाफ पेनल्टी स्ट्रोक में 5-4 से हारा

अनंत ज्ञान

**अनुराग गुप्ता, पांवटा साहिब।** महाराष्ट्र के पुणे में आयोजित 8वें नेशनल मास्टर्स गेम्स हॉकी टूर्नामेंट में हिमाचल प्रदेश हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में उपविजेता का खिताब अपने नाम किया। 30+आयु वर्ग की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में हिमाचल प्रदेश को केरल की टीम के खिलाफ कड़े संघर्ष के बाद पेनल्टी स्ट्रोक में 5-4 से हार का सामना करना पड़ा।

इससे पहले निर्धारित समय तक मुकाबला 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुआ, जिसमें हिमाचल की ओर से आसिफ और कप्तान हेमंत कुमार ने एक-एक गोल दागा। टीम के खिलाड़ियों आसिफ, प्रवेश शर्मा, कपिल, चंदन, जाफर अली, कुणाल, आकाश, मनीष, विशाल, नितिन, सुरजीत और अमृतपाल सिंह सहित अन्य खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार खेल का प्रदर्शन किया।

वहीं, गोलकीपर मनोज ने कई महत्वपूर्ण बचाव कर टीम को निर्णायक क्षणों तक मुकाबले में बनाए रखा। टीम को कोच नीरज महेश्वरी का कुशल मार्गदर्शन प्राप्त हुआ, जबकि टीम मैनेजर अनुराग गुप्ता की रणनीतिक भूमिका भी अत्यंत सराहनीय रही। इस शानदार प्रदर्शन की बदौलत हिमाचल टीम के 5 खिलाड़ियों का चयन दुबई में होने वाले अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स हॉकी के लिए किया गया है, जो प्रदेश के लिए गर्व की बात है।



उपविजेता बनकर लौटी हिमाचल की हॉकी टीम। अनंत ज्ञान

**◆ अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के लिए 5 खिलाड़ियों का चयन**

### अंडर-19 विश्व कप के सुपर सिक्स मैच में आज आमने-सामने होंगे चिर प्रतिद्वंद्वी

## पाकिस्तान से बदला लेने मैदान में उतरेगा भारत

**एजेंसी, बुलावायो**

पांच बार का चैंपियन भारत रविवार को यहां आईसीसी पुरुष अंडर-19 विश्व कप के सुपर सिक्स मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से एशिया कप फाइनल में मिली शर्मनाक हार का बदला लेने की कोशिश करेगा। भारत पिछले साल 21 दिसंबर को दुबई में हुए अंडर-19 एशिया कप फाइनल में पाकिस्तान से 191 रन से हार गया था जबकि 14 दिसंबर को उसने इसी टूर्नामेंट का ग्रुप मैच इस चिर प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाफ 90 रन से जीता था।

रविवार को आयुष म्हात्रे की कप्तानी वाली भारतीय टीम उस हार का बदला लेने के लिए बेताब होगी। भारतीय अंडर-19 टीम ने अंडर-19 एशिया कप के फाइनल में पाकिस्तान के साथ मैच के बाद हाथ मिलाने से परहेज किया। उस टूर्नामेंट के ग्रुप चरण मैच के दौरान भी भारत ने ऐसा ही किया था।



**◆ टूर्नामेंट में अब तक भारत ने किया शानदार प्रदर्शन**

अंडर-19 विश्व कप में अब तक भारत ने शानदार प्रदर्शन किया है। टीम ने अमेरिका पर छह विकेट की जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की और फिर ग्रुप चरण में बांग्लादेश और न्यूजीलैंड को हराया।

पाकिस्तान के खिलाफ भारत का मैच एक मजबूत विरोधी के खिलाफ होगा और एशिया कप फाइनल में बड़ी हार म्हात्रे की अगुआई वाली टीम को परेशान कर सकती है। विकेटकीपर बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू (चार मैच में 183 रन) और वैभव सूर्यवंशी (चार मैच में 166 रन) लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। दोनों ने दो-दो अर्धशतक लगाए हैं, लेकिन वे इन्हें तीन अंकों में बदलना चाहेंगे। विहान मल्होत्रा से भी भारत को उम्मीदें हैं।

वहीं, पाकिस्तान ने 27 जनवरी को अपने सुपर सिक्स मैच में न्यूजीलैंड पर आठ विकेट से बड़ी जीत हासिल की और भारत के खिलाफ मैच से पूर्व आत्मविश्वास हासिल किया। अंडर-19 एशिया कप फाइनल में शानदार 172 रन बनाने वाले सलामी बल्लेबाज समीर मिन्हास इस टूर्नामेंट में भी शानदार फॉर्म में हैं। (अनंत ज्ञान)

**संभावित टीमें**

**भारत :** आरोन जॉर्ज, अभिज्ञान कुंडू, हरवंश पंगालिया, वैभव सूर्यवंशी, वेदांत त्रिवेदी, आयुष म्हात्रे (कप्तान), विहान मल्होत्रा, आरएस अंबरीश, कनिष्क चौहान, खिलन पटेल, दीपेश देवेंद्रन, हेनिल पटेल, मोहम्मद एनान, उद्धव मोहन और किशन सिंह।

**पाकिस्तान :** फरहान यूसुफ (कप्तान), उस्मान खान, अली हसन बलूच, हमजा जहूर, हुजैफा अहसान, मोहम्मद शायन, समीर मिन्हास, अहमद हुसैन, अब्दुल सुभान, अली रजा, दानियाल अली खान, मोहम्मद सैयाम, मोमिन कमर, नकाब शफीक, उमर जैब।

**मैच दोपहर 1.00 बजे शुरू होगा।**

## टी-20 विश्व कप : पैट कमिंस ऑस्ट्रेलिया की टीम से बाहर

**एजेंसी, मेलबन**

ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को भारत और श्रीलंका में होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी। टीम की कप्तानी मिचेल मार्श ही करेंगे, जबकि तेज गेंदबाज और टेस्ट कप्तान पैट कमिंस पीठ की चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं।



**◆ चोट के कारण 15 सदस्यीय स्क्वॉड में नहीं मिली जगह**

कमिंस की जगह बाएं हाथ के तेज गेंदबाज बेन ड्वारशुइस को अंतिम टीम में शामिल किया गया है। चयन समिति के सदस्य टोनी डोडेमाइड ने कहा, 'पैट को अपनी पीठ की चोट से उबरने के लिए अभी और समय चाहिए। ऐसे में बेन एक तैयार विकल्प हैं, जो बाएं हाथ की तेज गेंदबाजी के साथ-साथ शानदार फील्डिंग और निचले क्रम में उपयोगी बल्लेबाजी भी करते हैं।' उन्होंने कहा, 'उनकी स्विंग कराने की क्षमता, अच्छी रफ्तार और चतुर वैरिएशंस भारत और श्रीलंका की परिस्थितियों में टीम के लिए काफी कारगर साबित होंगी।' टीम में एक और चौंकाने वाला फैसला पूर्व टेस्ट ओपनर मैथ्यू रेनशॉ को शामिल करने का रहा। रेनशॉ ने इसी सप्ताह पाकिस्तान के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय में डेब्यू किया था और उन्हें मैट शॉर्ट के स्थान पर टीम में जगह मिली है। (अनंत ज्ञान)

**ऑस्ट्रेलियाई टीम**

**मिचेल** मार्श (कप्तान), जेवियर बार्टलेट, कूपर कॉनॉली, टिम डेविड, बेन ड्वारशुइस, कैमरन ग्रीन, नाथन एलिस, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस, मैथ्यू कुहनेमान, ग्लेन मैक्सवेल, मैथ्यू रेनशॉ, मार्क्स स्टोइनिस, एडम जम्पा।

**वुमंस प्रीमियर लीग** एलिमिनेटर में जगह पक्की करने के लिए वॉरियर्स के खिलाफ जीत की तलाश में कैपिटल्स

## आज दिल्ली जीती तो मुंबई इंडियंस लीग से होगी बाहर

**एजेंसी, वडोदरा**

कुछ शीर्ष बल्लेबाजों की खराब फॉर्म की समस्या से जूझ रही दिल्ली कैपिटल्स की टीम रविवार को यहां वुमंस प्रीमियर लीग मैच के आखिरी लीग मैच में यूपी वॉरियर्स के खिलाफ जीत की तलाश में होगी। दिल्ली की जीत उन्हें सीधे गुजरात जाइंट्स के खिलाफ एलिमिनेटर में जगह दिला देगी।

टीम ऐसी स्थिति में आठ अंक के साथ लीग में तीसरे स्थान पर रहेगी और गत चैंपियन मुंबई इंडियंस की टीम बाहर हो जाएगी। दूसरी ओर निचले पायदान पर मौजूद यूपी वॉरियर्स की जीत मुंबई की टीम के लिए रास्ता खोल सकती है। उस स्थिति में तीन टीमें मुंबई, दिल्ली कैपिटल्स और वारियर्स तीनों के समान छह अंक रहेंगे और नेट रन रेट (एनआरआर) तय करेगा कि फाइनल में जगह बनाने के लिए एलिमिनेटर में गुजरात जाइंट्स का सामना कौन सी टीम करेगी। इन तीन टीम में से माइनस 1.146 के साथ वॉरियर्स का नेट रन रेट सबसे खराब है। दिल्ली का माइनस 0.164, जबकि मुंबई का प्लस 0.059 है। बेंगलुरु की टीम आठ मैच में छह जीत के साथ तालिका में शीर्ष पर रहते हुए पहले ही फाइनल में जगह बना चुकी है। (अनंत ज्ञान)




**संभावित टीमें**

**दिल्ली कैप्टिल्स :** जेमिमा रोड्रिग्स (कप्तान), तानिया भाटिया, चिनेल हेनरी, लिजेल ली, निकी प्रसाद, शेफाली वर्मा, लॉरा वोल्वार्ट, लूसी हैमिल्टन, मारिजेन कैप, एलेना किंग, स्नेह राणा, प्रगति सिंह, मीनू मणि, नंदिनी शर्मा, श्री चरणी और एडला श्रुजाना।

**यूपी वॉरियर्स:** मेग लैनिंग (कप्तान), हरलीन देओल, शिप्रा गिरी, एमी जोन्स, किरण नवगिरे, प्रतिका रावल, सिमरन शेख, गोंगाडी त्रिशा, डिएंड्रा डॉटिन, चार्ली नॉट, शिखा पांडे, श्वेता सहरावत, दीप्ति शर्मा, आशा शोभना, क्लो ट्रायोन, सोफी एकलेस्टोन, क्रांति गौड़, सुमन मीणा।

**मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा।**

### दिल्ली की शीर्ष बल्लेबाजों ने अब तक किया निराश

**दिल्ली** के शीर्ष क्रम की बल्लेबाजों ने मौजूदा सत्र में अधिक रन नहीं बनाए हैं। दक्षिण अफ्रीका की लिजेल ली सात मैच में 230 रन के साथ टीम की सबसे सफल बल्लेबाज हैं। उनकी हमवतन स्टार लॉरा वोल्वार्ट ने सात मैच में 194 रन बनाए हैं जो उम्मीद से कम है। शेफाली वर्मा सात मैच में 179 रन ही बना पाई हैं। दिल्ली को इस अहम मैच में इस भारतीय सलामी बल्लेबाज से बड़े योगदान की उम्मीद होगी। नई कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स ने सात मैच में 132 रन बनाकर बेहद निराश किया है और उनकी एक बड़ी पारी टीम को जीत दिला सकती है। उनका मौजूदा सत्र का अब तक का सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 51 रन रहा है। गेंदबाजी में भी दिल्ली के विदेशी खिलाड़ियों का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा है। दक्षिण अफ्रीका की अनुभवी मारिजेन कैप और वेस्टइंडीज की चिनेल हेनरी सिर्फ सात और छह विकेट चटका पाई हैं।

### लगातार दो हार के बाद मैदान में उतरेंगी वॉरियर्स

**वॉरियर्स** की टीम लगातार दो हार के बाद इस मैच में उतर रही है। शुक्रवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ पिछले मैच में टीम को आठ विकेट से शिकस्त झेलनी पड़ी। वॉरियर्स की टीम आठ विकेट पर 143 रन ही बना सकी और फिर सिर्फ 13.1 ओवर में मैच गंवा दिया,जिससे उसके आत्मविश्वास को झटका लगा होगा। टीम को हालांकि जल्द एकजुट होना होगा। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मेग लैनिंग (सात मैच में 248 रन) और फोएबे लिचफील्ड (छह मैच में 243 रन) की जोड़ी को छोड़कर टीम की अन्य बल्लेबाज मौजूदा सत्र में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाई हैं। चोट के कारण लिचफील्ड की गैरमौजूदगी से भी टीम को नुकसान हो सकता है। वॉरियर्स का गेंदबाजी विभाग भी इंग्लैंड की सोफी एकलेस्टोन (सात मैच में छह विकेट) और भारत की दीप्ति शर्मा (सात मैच में पांच विकेट) जैसी खिलाड़ियों के खराब प्रदर्शन से प्रभावित करने में नाकाम रहा।

## हिमाचल की बालाएं अंडर-19 बैडमिंटन के क्वार्टर फाइनल में

### प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में चंडीगढ़ की टीम को 2-1 से हराया

अनंत ज्ञान

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** नई दिल्ली में जारी अंडर-19 स्कूली खेलों में हिमाचल की लड़कियों ने बैडमिंटन स्पर्धा में सराहनीय प्रदर्शन किया है। हिमाचली टीम के कोच भगवान दास, राजेंद्र शर्मा, अवनीश, मैनेजर ओंकार शर्मा, नीतू शर्मा और शेफ डी-मिशन बलवंत सिंह जोटा ने बताया कि प्रदेश की लड़कियां की टीम ने अपने पूल में पहला स्थान हासिल करके प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है।

हिमाचल की टीम ने मध्य प्रदेश को 2-0 से, इंडियन बोर्ड ऑफ स्कूल ऑर्गेनाइजेशन को 2-1, केंद्रीय विद्यालय संगठन 2-1 और प्री-क्वार्टर फाइनल में चंडीगढ़ को 2-1 से हराया। क्वार्टर फाइनल में हिमाचल का मुकाबला तमिलनाडू से होगा। सभी मुकाबलों में प्रज्ञा वर्मा और गरिमा वर्मा का बहुत ही शानदार प्रदर्शन रहा। लड़कों ने भी शुरुआती दोनों मुकाबलों में उड़ीसा और छतीसगढ़ को हराकर अगले दौर में प्रवेश कर लिया है। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश की योगा टीम के खिलाड़ियों ने बेस्ट बंगाल में आयोजित स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया में भी शानदार प्रदर्शन किया। हिमाचल प्रदेश से गई इस टीम में हमीरपुर जिला के दो खिलाड़ी रबर डॉल निधि डोगरा और यशोवर्धन अत्री ने चौथा स्थान हासिल किया है।



कोच व अन्य के साथ हिमाचली टीम के खिलाड़ी। अनंत ज्ञान

**◆ दिल्ली में राष्ट्रीय स्कूली खेलों में सराहनीय प्रदर्शन**